You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-347 | रविवार, 21 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लोकतंत्र के सदन को हम यदि मंदिर मानते हैं तो इसकी गरिमा के अनुकूल आचरण करने की जरुरत है। विधान मंडलों का उपयोग आपको करना चाहिए, इस छोटे राज्य में सारी सम्भावनाओं को समझकर देश और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हम कैसे राज्य को आगे बढ़ा सके।
ओम बिरला

हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लगभग सात घंटे तक पूछताछ घंटे की 11

अयोध्या में तीन एकड़ में बनेगा उत्तराखंड भवन : धामी 12

## राम मंदिर कार्यक्रम को लेकर सरकार सख्त, मीडिया को भी दिया निर्देश

# झूठी खबरें फैलाने से बचें

एजेंसी

नई दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को एक भव्य समारोह में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं पूजा अनुष्ठान 16 जनवरी से ही शुरू हो गए हैं। ऐसे में अयोध्या कार्यक्रम से जुड़े पोस्ट सोशल मीडिया पर नजर आ रहे हैं। इनमें से कई पोस्ट भ्रामक भी हैं, जिन्हें लेकर सरकार सख्त हो गई है। अयोध्या के भव्य समारोह से पहले वीआईपी टिकट और राम मंदिर प्रसाद प्रदान करने का दावा करने वाले कई फर्जी लिंक सोशल मीडिया पर घूम रहे हैं, जिन पर सरकार ने अब कार्रवाई करने का मन बना लिया है। इसके अलावा सरकार ने मीडिया आउटलेट्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्म को राम मंदिर कार्यक्रम से संबंधित झूठी और हेरफेर किए गए कंटेंट को पब्लिश करने से बचने के लिए कहा है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ असत्यापित, उत्तेजक और फर्जी संदेश फैलाए जा रहे हैं...जो सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे कंटेंट पब्लिश न करने के लिए उचित प्रयास करें।

ई-कॉमर्स साइट अमेजन को शुक्रवार को 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' की लिस्टिंग हटाने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण से नोटिस जारी किया गया। अमेजन ने कहा कि वह अपनी नीतियों के अनुरूप ऐसी लिस्टिंग के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहा है। बता दें कुछ दिन पहले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए तत्काल वीआईपी टिकटों मुहैया कराने के वादे से नकली क्यूआर कोड वाला एक ● शेष पेज 11 पर



### प्रधानमंत्री मोदी ने 'अग्नि तीर्थ' तट पर लगाई डुबकी, रामेश्वरम मंदिर में की पूजा

**रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 'अग्नि तीर्थ' तट पर स्नान करने के बाद यहां भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। रुद्राक्ष-माला पहने नजर आए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के प्राचीन शिव मंदिर रामनाथस्वामी में पूजा की। पुजारियों ने मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मोदी ने मंदिर में हुए भजनों में भी हिस्सा लिया। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप में स्थित शिव मंदिर का संबंध रामायण से भी जुड़ा है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम ने यहां शिवलिंग स्थापित किया था। भगवान राम और सीता देवी ने यहां पूजा की थी। तिरुचिरापल्ली जिले में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा करने के बाद मोदी वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### वेबसाइट पर हमले की आशंका, यूपी सरकार ने अलर्ट जारी किया

लखनऊ। यूपी सरकार ने राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते विभागीय वेबसाइटों पर हैकर्स के हमले की आशंका जताई है। सभी विभागों से कहा गया है कि वह अपनी वेबसाइट व पोर्टल का सिक्योरिटी आडिट तत्काल करें। इस संबंध में आईटी विभाग ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के हवाले से शनिवार को आदेश जारी किया। इसमें मुख्य सचिव ने कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि परिसर में बने भंव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश एवं दुनिया के करोड़ों लोग इस भव्य आयोजन के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्षी होंगे। इसमें इंटरनेट का उपयोग कर प्रसारण का वृहद प्रसारण होगा। इसके मद्देनजर देश-विदेश के हैकर्स व अंवाछित तत्व विभागीय वेबसाइट व डाटा में छेड़छाड़ की आशंका बढ़ गई है। इस दौरान संवेदनशील डेटा की सुरक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में सभी विभाग की वेबसाइट, पोर्टल व डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी वेबसाइट व पोर्टल में एचटीटीपीएस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। विभागीय तकनीकी टीम द्वारा अपने विभाग से संबंधित वेबसाइट पोर्टल पर किसी प्रकार का नया संशोधन आगामी तीन दिन तक न किया ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ से अयोध्या की ओर 23 तक नहीं चलेंगे भारी वाहन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- चार रास्तों से लखनऊ पहुंचने वाले भारी वाहन बाराबंकी और अयोध्या नहीं जा सकेंगे
- ट्रक, बसें समेत अन्य भारी वाहनों के लिए 23 जनवरी की रात तक लागू रहेगा डायवर्जन




लखनऊ। श्रीरामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते शनिवार रात 8 बजे से बाराबंकी-अयोध्या की ओर भारी वाहन नहीं चल सकेंगे। कानपुर, सीतापुर, हरदोई तथा आगरा एक्सप्रेस वे की तरफ से आने वाले भारी वाहन अलग-अलग रूट पर डायवर्ट किए गए हैं। डीसीटी ट्रैफिक हृदेश कुमार के मुताबिक भारी वाहनों की डायवर्जन व्यवस्था 20 जनवरी की रात 8 बजे से लेकर 23 जनवरी तक लागू रहेगी।

सीतापुर से गोंडा, मनकापुर, बस्ती जाने वाली बसें, ट्रक और भारी वाहन इंटौजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज के रास्ते जा सकेंगे। सीतापुर से सुलतानपुर, गाजीपुर, वाराणसी की ओर जाने वाले भारी वाहन भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, टेढ़ीपुलिया चौराहा, कुर्सी रोड होते हुये बेहटा चौराहे से किसान पथ के रास्ते सुल्तानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जा सकेंगे।

कानपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों के पास तीन विकल्प होंगे। पहला फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, दूसरा उन्नाव ललऊ खेड़ा, हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा तीसरा बंथरा जुनाबगंज मोड़, मोहनलालगंज, बछरावां होते हुए हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस पर निकल जाएंगे।

आगरा एक्सेप्रस वे से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संतकबीरनगर आदि की ओर जाने वाले भारी वाहन मोहान रोड होते हुये मोहान, कटीबगिया, जुनाबगंज तिराहा से बांये मोहनलालगंज के रास्ते हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस पर निकलेंगे। हरदोई से बस्ती की ओर जाने वाले भारी वाहन मलिहाबाद से इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, ● शेष पेज 11 पर

### लखनऊ से बाइक और कार सवारों पर कोई रोक नहीं

लखनऊ से बाइक और कार सवार बाराबंकी और अयोध्या की ओर जा सकेंगे। सभी वाहन सवारों को पहचान पत्र साथ रखना होगा। लखनऊ से अयोध्या के बीच पांच चेक प्वाइंट बनाए गए है। सभी पर वाहन और वाहन सवारों की चेकिंग के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक बाराबंकी और अयोध्या रूट पर हल्के और निजी वाहनों को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। रोककर पूछताछ की जाएगी। बस्ती और गोरखपुर की ओर जाने वाले कार सवार बाराबंकी से मोड़ दिए जाएंगे। अयोध्या तक जाने वालों की पुख्ता पहचान के बाद भेजा जा रहा है। निजी वाहनों को रोकने के लिए कोई आदेश नहीं है। सिर्फ भारी वाहनों को रोका जा रहा है।

## संक्षेप

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का सत्र दो फरवरी से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र पर इस बार अयोध्या की भी छाप होगी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 10 दिन बाद योगी सरकार यूपी विधानमंडल सत्र बुलाने जा रही है। विधानसभा व विधान परिषद का सत्र 2 फरवरी से शुरू होगा। सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेगी। यह बजट यूपी का अब तक सबसे बड़ा बजट होगा। असल में मुख्यमंत्री अपने सारे मंत्रियों को लेकर एक फरवरी को अयोध्या जाकर राम मंदिर में रामलला के दर्शन पूजन करेंगे। उसके अगले दिन विधानमंडल का सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह नए साल का पहला सत्र है। इसलिए इसकी शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। बजट की तारीख व अन्य कार्यक्रम कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय होंगे।

### सेल के दो निदेशक सहित 28 अधिकारी निलंबित

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने सरकारी इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्ती और सेल के निदेशक वित्त ए.के. तुल्सीआनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंत्रालय ने इस सम्बंध में कल परिपत्र जारी किया था। सेल ने शनिवार को यहां जारी बयान में बताया कि इसके अलावा मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबन्धित है। इस मामले पर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, ल्लकंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इससे कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। सेल गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उद्योग में मजबूती से खड़ा है।

### चारबाग समेत 15 बस अड्डों का पीपीपी मॉडल पर निर्माण तय

**लखनऊ।** परिवहन निगम चारबाग समेत 18 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर बनाने के लिए मांगे गए टेंडर में 15 बस अड्डों के लिए निवेशक आगे आए हैं। इन बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर संवारा जाएगा, जहां पर होटल, मॉल, सिनेमा, आदि की सुविधाएं भी होंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि हाल ही में टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गई थी। 19 जनवरी को अंतिम तारीख रही। इस दौरान देश भर के निवेदक विश्वस्तरीय बस अड्डा बनाने के लिए यूपी में निवेश करेंगे। अयोध्या धाम बस स्टेशन के अलावा चारबाग, वाराणसी कैंट, जीरो रोड प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल झकरकट्टी, गोरखपुर, आगरा इदगाह, गढ़मुक्तेश्वर, सोहराबगेट, साहिबाबाद, अमौसी, मथुरा, रायबरेली, मिर्ज़ापुर, अलीगढ़ (रसूलाबाद) के लिये निविदाएं आई हैं।

# भारत-म्यांमार सीमा जल्द होगी सील: शाह




एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी।

असम पुलिस की पांच नव गठित कमांडो बटालिन के प्रथम बैच की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही पर पुनर्विचार कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा, ''भारत-म्यांमा सीमा की सुरक्षा बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह की जाएगी...भारत सरकार म्यांमा सीमा पर मुक्त आवाजाही को बंद करेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के तहत पिछले 10 वर्षों में देश की कानून व्यवस्था में भारी बदलाव आया है। उन्होंने कंग्रेस पर प्रहार ● शेष पेज 11 पर

## गायत्री प्रजापति की लखनऊ में 13 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की लखनऊ के मोहनलालगंज और हरिहरपुर में करीब 13.42 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। जब्त की गई संपत्ति में सात कृषि योग्य भूखंड और आवासीय प्लाट शामिल हैं।

कुछ दिन पहले मुंबई के मलाड में स्थित एक अपार्टमेंट में चार फ्लैट सीज किए गए थे। इस प्रकार ईडी अब तक गायत्री प्रसाद प्रजापति की 50 करोड़ 37 लाख रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुकी है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि जांच में पाया गया है कि गायत्री प्रसाद प्रजापति ने मंत्री पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। पद का बेज़ा इस्तेमाल करते हुए उन्होंने गलत तरीके काली कमाई की और अपने ● शेष पेज 11 पर

# तीन मशीनें लगाकर हुई वजूखाने की सफाई

एजेंसी



वाराणसी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वुजूखाना फिर खोल दिया गया। अफसरों और पक्षकारों की मौजूदगी में वुजूखाने और शिवलिंग के आसपास के एरिया को साफ कराया गया। इस दौरान शिवलिंग के पास करीब 44 मछलियां मिलीं, जिनमें से 37 जिंदा और 17 मछिलयां मरी पाई गईं। सभी मछिलयों को मुस्लिम पक्ष को दे दिया गया। करीब साढ़े तीन घंटे तक वजूखाने की साफ-सफाई के बरइ ज्ञानवापी मस्जिद को एक बार फिर सील कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान डीएम एस. राजलिंगम के अलावा कई अधिकारी भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार ज्ञानवापी स्थित वजूखाने की सफाई के लिए शनिवार की सुबह करीब नौ बजे ज्ञानवापी का ताला खोला गया। इस दौरान डीएम के साथ अन्य अधिकारी भी ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर दाखिल हुए।

वजूखाने के पास काफी गंदगी थी, जिस वजह से सभी को मास्क लगाना पड़ा। वजूखाने की सफाई के लिए तीन मशीनों से ब्लीचिंग लगाकर साफ-सफाई का कार्य शुरू हुआ। जहां पर शिवलिंग था उसके आसपास कई सारी मछलियां थीं, जिनमें से 37 मछलियां जिंदा और 17 मरी मछलियां पाई गईं, जिन्हें मुस्लिम पक्ष को दे दिया गया। सभी की मौजूदगी में फैसला लिया गया कि आगे वजूखाने में पानी नहीं भरा जाएगा। वजूखाने में जिन दो टंकियों से पानी भरा जाता था उसे बंद कर दिया गया। करीब साढ़े 12 बजे तक चले सफाई कार्य के बाद डीएम समेत सभी लोग बाहर आ गए। इसके बाद ज्ञानवापी को फिर सील कर दिया गया। साढ़े तीन घंटे तक चले सफाई कार्य के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। मस्जिद के अंदर वादी-प्रतिवादी व उनके अधिवक्ताओं को थोड़ी दूरी पर रहने की इजाजत दी गई। ज्ञानवापी परिसर में स्थित वुजूखाने को मई 2022 में हिन्दू पक्ष के एक प्रार्थना पत्र पर लोअर कोर्ट ने सील करा दिया था, जिसमें कहा गया कि कोर्ट कमीशन के सर्वे में वुजूखाने में जो आकृति सामने आई है, वह शिवलिंग है। शिवलिंग हिन्दू पक्ष के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य है। इसलिए प्रतिवादियों से सुरक्षित रखने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# प्राण प्रतिष्ठा के चलते यूपी के सभी अस्पतालों में अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- अयोध्या के समारोह के साथ प्रदेशभर में होने वाले आयोजनों से रहेगा दीपावली सा माहौल
- सार्वजनिक अवकाश के बाद भी अस्पतालों-मेडिकल कॉलेजों में चाक-चौबंद रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं
- बड़ी संख्या में लोगों की आमद के चलते सरकारी डॉक्टरों की छुट्टी पर है 15 फरवरी तक रोक

लखनऊ। अयोध्या में सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के सभी अस्पतालों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों की आमद और प्रदेश भर में दीपावली जैसा माहौल होने के चलते खास सतर्कता बरतने को कहा गया है। प्रदेश में 22 को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी सेवाएं चाक-चौबंद रहेंगी। स्टाफ और दवाओं सहित अन्य जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर स्वास्थ्य महकमे ने अलग से नए निर्देश जारी किए हैं। पूर्व में जारी किए गए आदेशों में थोड़ा बदलाव किया गया है। शासन के अनुसचिव गंगा चरण ने इस संबंध में चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा के महानिदेशकों के साथ ही एनएचएम यूपी की मिशन निदेशक को भी पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रमों में भारी भीड़ जुटने की संभावना है। ऐसे में सभी अस्पताल व मेडिकल कॉलेजों की इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रखी जाएं। साथ ही सभी सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर रहें। राज्य सरकार ने सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियों पर पहले ही 15 जनवरी तक रोक लगा दी थी। अयोध्या में सरकारी व निजी अस्पतालों के साथ ही अस्थायी अस्पताल भी बनाए गए हैं। यह अस्पताल 22 के बाद भी कार्यरत रहेंगे। दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां देश-प्रदेश से भारी संख्या में लोगों का आना प्रस्तावित है।

# प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल की आधारशिला है हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सफ़ेद बारादरी में हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कैसरबाग स्थित सफ़ेद बारादरी में ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी पांच फरवरी तक चलेगी।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी देखने में भले ही छोटी लग रही है, लेकिन यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में वर्ष 2018 में परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला एक उत्पाद का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया।



इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों के एक यूनिक प्रोडक्ट का चयन कर उसकी मार्केटिंग की गई। इससे परंपरागत उद्योग को एक नई दिशा और वैश्विक पटल पर पहचान मिली।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उन्हें मानदेय और टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि लैंडलॉक्ड स्टेट कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश का दो से तीन वर्ष के अंदर एक्सपोर्ट दो गुने से अधिक हो गया। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कई अभिनव प्रयोग किये। उन्होंने इन प्रयोगों से महिला सशक्तीकरण को जोड़ा, जो काम से वंचित थीं। उन्हें जब मौका मिला तो उन्होंने अपने हुनर का प्रदर्शन ● शेष पेज 11 पर



# प्राण-प्रतिष्ठा : अयोध्या में 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहन पार्किंग

एजेंसी



अयोध्या। योगी सरकार ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। भीषण भीड़ के बीच पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े, इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। ये पार्किंग वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस हैं। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था

एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने बताया कि अयोध्या धाम में वाहनों के पार्किंग के लिए 51 स्थान चिन्हित किए गए हैं। इनमें एक समय में एक साथ करीब 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। रामपथ पर पांच, भक्ति पथ पर एक, धर्म पथ पर चार, परिक्रमा मार्ग पर पांच, बंधा मार्ग पर दो, टेढ़ी बाजार रामपथ से महोबरा मार्ग पर एक और टेढ़ी बाजार रामपथ से उनवल मार्ग पर सात स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया।

इसके अलावा अयोध्या से गोंडा मार्ग पर दो, एनएच 27 पर 10, तीर्थ क्षेत्र पुरम में सात और कारसेवक पुरम टेंट सिटी के आस-पास तीन, रामकथा मंडपम टेंट सिटी पर चार स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इन पार्किंग को सरकारी, नजूल, निजी और पर्यटन विभाग की भूमि पर बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या धाम में बनी मल्टीलेवल पार्किंग में भी गाड़ियों को पार्क किया जाएगा।

### वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस हैं वाहन पार्किंग स्थल

ड्रोन से निगरानी, रामपथ और भक्ति पथ पर पार्क होंगे वीवीआईपी वाहन

अयोध्या ट्रैफिक सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि रामपथ और भक्ति पथ स्थित छह पार्किंग स्थानों को वीवीआईपी वाहनों के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीवीआईपी मेहमानों की 1225 गाड़ियों को पार्क किया जाएगा।

इसके अलावा धर्म पथ मार्ग और परिक्रमा मार्ग पर नौ पार्किंग स्थानों को वीआईपी के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीआईपी की 10 हजार से अधिक गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। वहीं पुलिस फोर्स के लिए एनएच-27 में आठ पार्किंग स्थानों को रिजर्व किया गया है। यहां पुलिस की दो हजार से अधिक गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। इन पार्किंग स्थल की निगरानी ड्रोन से की जाएगी।

# राम मंदिर के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामलों पर सख्त हुई योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रही प्रभु श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। लोगों के पास रामजन्मभूमि के नाम पर चंदा देने, मुफ्त प्रसाद वितरण के लिए, वीआईपी पास एवं एंट्री पास देने के नाम पर फ़ेक मैसेज भेजे जा रहे हैं। साइबर ठगों की इस सक्रियता को लेकर योगी सरकार ने भी कार्रवाई की तैयारी की है। पूरे प्रदेश के साथ ही खासतौर पर अयोध्या पुलिस को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या पुलिस ने हाल ही में ऐसे ही एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक भारतीय अमेरिकन नागरिक को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भी भेजा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भी इसको लेकर सभी श्रद्धालुओं को सावधान किया गया है। सभी श्रद्धालुओं से की गई अपील में ट्रस्ट ने कहा है कि साइबर ठग लोगों की आस्था का फायदा उठाकर कई तरीकों से ठगी कर रहे हैं। इनमें राम मंदिर के नाम पर चंदा लेने के लिए फ़ेक क्यूआर कोड भेजा रहा है। आमजन को मुफ्त प्रसाद वितरित करने के नाम पर, राम मंदिर के दर्शन के लिए वीआईपी पास एवं एंट्री पास देने के नाम पर और राम मंदिर अयोध्या के नाम पर फ़ेक वेबसाइट बनाकर लोगों को मूर्ख बनाया जा रहा है।

ऐसे में सभी से आग्रह किया जाता है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर या अनजान व्यक्ति के द्वारा प्रेषित व्हाट्सएप मैसेज पर बिना सत्यापन के रिप्लाई न करें और न ही बिना सत्यापन के किसी को चंदा दें। दूसरी तरफ अयोध्या पुलिस ने भी ऐसे मामलों को लेकर जन जागरूकता के लिए अभियान चलाया है। हाल ही में अयोध्या पुलिस ने एक मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ सिटी अयोध्या शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त के पास अमेरिकन नागरिकता भी है। अभियुक्त पर श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद वेबसाइट व सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय मूल के नागरिकों को 51 रुपये तथा अन्य देश के नागरिकों को 11 डालर में होम डिलिवरी करने तथा प्रसाद के अलावा श्रीराम प्रिन्टेट टी-शर्ट, श्रीराम नाम की चरण पादुका, श्रीराम नाम के झण्डे, गमछा, श्री राम प्रिन्टेट सिल्वर क्वाइन व अन्य वस्तुएं प्रदान करने का झांसा देकर 16 लाख से ज्यादा लोगों को ठगने का मामला दर्ज किया गया था। इन लोगों से ऑनलाइन आर्डर के माध्यम से करीब 10.5 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस की ओर से समाचार पत्रों और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को इस संबंध में जागरूक भी किया जा रहा है।

पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि अगर आपके पास भी कोई ऐसा कॉल या मैसेज आता है तो आप उनके झांसे में न आएं। ऐसे लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन (1930) पर कॉल करके इसकी जानकारी दें। जिससे इन ठगों को पकड़ा जा सके। इसके साथ ही आप साइबर क्राइम को रोकने के लिए बनाए गए पोर्टल दभथ्द्ध्नदन्द्धद्धद्ग.द्धथफ.द्धद्ध पर भी जाकर ऐसे लोगों की रिपोर्ट कर सकते हैं।

### मां की पुण्यतिथि पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने बांटे कम्बल

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला की माता स्व. रमा शुक्ला की पहली पुण्यतिथि पर शास्त्रार्थ फाउंडेशन की ओर से शनिवार को यहां गोमतीनगर विस्तार में बड़ी संख्या में गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि उनकी माता जी हमेशा समाज सेवा पर जोर देतीं थीं। वह समाज सेवा करने को कोई अवसर हाथ से नहीं जाने देती थीं। उनका कहना था कि समाज के गरीबों को कभी यह एहसास नहीं होने देना चाहिए कि वे अलग-थलग हैं। अगर वे अलग-थलग होंगे तो हीन भावना के शिकार हो जाएंगे। ऐसे में उनका कभी उत्थान नहीं हो पाएगा। इससे हमारा समाज पिछड़ जाएगा। इसलिए हम लोग माई की प्रेरणा से आज कम्बल वितरित किए हैं।

भाजपा नेता आलोक अवस्थी ने कहा कि समाज के सम्पन्न लोगों को ऐसे कार्य करने के लिए अवसर तलाशते रहना चाहिए। ईश्वर ने आपको दिया है तो उसका कुछ हिस्सा समाज के काम भी आना चाहिए। इतनी कड़ाके की ठंड में गरीबों को कम्बल देने से बेहतर और क्या हो सकता है। अपने पूर्वजों की याद में इस प्रकार की सेवा हमें करते रहना चाहिए। इस मौके पर इंजी. राधा मोहन तिवारी, उप्र शासन के विशेष सचिव रजनीकांत पांडेय, पीसीएस लतिका पांडेय, पीसीएस कुंदन मिश्रा, डॉ. प्राची शुक्ला, जाह्नवी सिंह, रीना सिंह, मिथिला बिहारी, डीआर मालवीय, पीके मिश्रा, सुधीर पांडेय, मंजु मिश्रा, पीआर मिश्रा, आशीष जयसवाल, अजीत सिंह, मिथिलेश मिश्रा, सुनील राय और शैलेन्द्र अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री 25 जनवरी को बुलंदशहर में, मुख्यमंत्री योगी ने लिया तैयारियों का जायजा

बुलंदशहर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर में 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का शनिवार को जायजा लिया। इस दौरे में प्रधानमंत्री बुलंदशहर में आयोजित कार्यक्रम में मेरठ मंडल को विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री का शूटिंग रेंज नवादा के मैदान पर हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे के साथ स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी प्रधानमंत्री की 25 जनवरी को होने वाली जनसभा के स्थल पर पहुंचे और चल रही पतैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल के पास बनाई गई पार्किंग का भी निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर संतोष जताया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से समय निकालकर यहां पर पहुंचा हूं। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को प्रधानमंत्री यहां पहुंच कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल को अरबों की सौगात देंगे। कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन समेत प्रधानमंत्री एक हज़ार करोड़ की लागत से बनने वाले फोर लेन हाई-वे, आयुष अस्पताल, औधोगिक इकाइयों और कमिश्नरेट वाले जिलों से संबंधित विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद जनसभा स्थल के मंच पर चढ़कर मुख्यमंत्री ने कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. और जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश से व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसभा स्थल का जाएजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने यहां के सभी प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

### चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैक्ट्री में तैयार हो रहे थे तमंचा, दो गिरफ्तार

फिरोजाबाद। लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से तैयार किए अवैध तमंचे फैक्ट्री का थाना लाइनपार पुलिस ने शनिवार को भण्डाफोड़ किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बने, अधबने तमंचा व भारी मात्रा में अवैध तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष थाना लाइनपार वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें इलाके में अवैध तमंचा फैक्ट्री की सूचना मिली। उन्होंने टीम के साथ छापेमारी कर अवैध तमंचा की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से अभियुक्त महेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ओमनगर लवकुशनगर थाना लाइनपार व अशोक निषाद पुत्र रामवीर हाल निवासी विजयनगर एके टाकीज के पास छारबाग थाना लाइनपार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 अवैध देशी तंमचा 12 बोर,02 देशी तंमचा 315 बोर, 05 अधबने तमंचे, 10 नाल लोहा (तंमचा) तमचा बनाने की मशीन व तंमचा बनाने के उपकरण एवं दो जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि जनपद में आगामी लोकसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराने हेतु थाना पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में यह कार्यवाही की गई है। अवैध तमंचे आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे है। पुलिस टीम यह जांच भी कर रही है कि इन तमंचों को कहां सप्लाई किया जा रहा था।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प, ड्रोन प्रशिक्षण महत्वपूर्ण

मीरजापुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को विकास खण्ड पहाड़ी के ग्राम पंचायत चपगहना में किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग अनुप्रिया पटेल दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व कार्ड का वितरण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब व असहाय को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, कृषकों को किसान सम्मान निधि, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन आदि योजनाओं से लाभान्वित किया है। फिर भी कतिपय लाभार्थी किन्हीं कारणों से योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि यह चौपाल गारंटी लेकर आई है कि आपके गांव में कोई भी ऐसा व्यक्ति जो योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह गया है और वह पात्र है, ऐसा हर व्यक्ति चौपाल में अपना आवेदन करे, उसे योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में लगभग दो करोड़ स्वयं सहायता समूहों के महिला सदस्यों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है। इसके तहत समूह की इच्छुक महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण देकर उनके रोजगार में वृद्धि की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति, ग्राम प्रधान भगवती देवी, उप निदेशक कृषि विकेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ग्राम पंचायत से जनपद स्तर तक होंगे कार्यक्रम

मेरठ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी पर पूरे जनपद में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद स्तर तक कार्यक्रम होंगे। मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी (स्वीप) नुपूर गोयल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी को राष्ट्र के चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल) इत्यादि विभिन्न स्तरो पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की विषय वस्तु (थीम) 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' रहेगी। इस दौरान जनपद में स्थित सभी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, तहसील ब्लॉक आदि समेत सभी मतदान केन्द्रों पर पदाभिहीत अधिकारी एवं बूथ लेबिल ऑफिसरों द्वारा आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान लोगों को नैतिक मतदान के लिए मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। यह शपथ इस प्रकार है, 'हम, भारत के नागरिक लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'

# राजकीय महाविद्यालयों का नाम भाजपा नेताओं के परिजनों के नाम पर रखने का विरोध

एजेंसी

मेरठ। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा हस्तिनापुर और जेवर के महाविद्यालयों के नाम मंत्री खटीक दिनेश खटीक और विधायक धीरेंद्र सिंह की मां के नाम पर रखे जाने पर सख्त आपत्ति की है। उन्होंने इसके विरोध में आंदोलन की घोषणा की है। गुर्जर छात्र नेताओं ने भी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति से मिलकर इसका विरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शनिवार को भेजे अपने पत्र में अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मां के रूप में ये दोनों महिलाएं अत्यंत सम्मानित हैं, लेकिन किसी महाविद्यालय का नाम मात्र मंत्री और विधायक की मां होने के कारण नहीं रखा जा सकता। अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री से इन महाविद्यालयों के नाम ऐसी स्थानीय महिलाओं के नाम पर रखे जाने की मांग की, जिन्होंने देश और समाज के लिए अपना स्वतंत्र योगदान दिया हो। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इसी तरह से भाई-भतीजावाद की नीति अपनाएगीगी तो आजाद अधिकार सेना उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। सीएम प्रोग्राम में पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता, निलंबन की मांग

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलंदशहर कार्यक्रम के दौरान अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह के साथ पुलिसकर्मी द्वारा की गई अभद्रता के मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने डीजीपी यूपी सहित अन्य को 22 सेकंड का एक वीडियो भेजा है, जिसमें अपनी कार में बैठे देवेंद्र सिंह को पुलिसकर्मी दूसरे रास्ते से जाने की बात कहते हैं। देवेंद्र सिंह द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में कुछ जानकारी प्राप्त करने पर उस पुलिसकर्मी द्वारा पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और फिर वे देवेंद्र सिंह पर एकाएक हमलावर हो जाते हैं। अमिताभ ठाकुर ने उसे पुलिस दुर्व्यवहार का एक और गंभीर उदाहरण बताते हुए तत्काल संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित करते हुए समुचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उधर, मेरठ में भी गुर्जर छात्र नेताओं ने शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला से मिलकर राज्य मंत्री की माता के नाम पर राजकीय महाविद्यालय हस्तिनापुर का नाम रखने का विरोध किया। कुलपति ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### दशाश्वमेधघाट पर 22 जनवरी की गंगा आरती रामलला को समर्पित होगी: गंगा सेवा निधि

वाराणसी। काशी के दशाश्वमेधघाट पर होने वाली सायंकालीन गंगा आरती 22 जनवरी को रामलला को समर्पित होगी। गंगा आरती में अद्भुत नजारा दिखेगा। इसके लिए गंगा सेवा निधि ने पूरी तैयारी की है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि भगवान शिव के आराध्य भगवान राम के अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण को काशीवासी समेत गंगा सेवा निधि हर्षोल्लास के साथ मनानाएगी। दशाश्वमेध घाट पर पहले फूलों से राम मंदिर दरबार को भव्य रूप से सजाया जाएगा। इस दिन एक बार फिर गंगा तट पर भव्य दिव्य अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि 09 अर्चकों द्वारा महाआरती का आयोजन होगा। श्री राम दरबार की आरती उतार काशी से शुभकामनाएं दी जाएगी। शंखनाद से मां गंगा की आरती शुरू होगी। घंट-घड़ियाल और डमरू की आवाज व वैदिक मंत्रों से पूरे घाट को राममय किया जाएगा।

### जवाहर नवोदय विद्यालय वार्षिक प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई

खैराबाद/सीतापुर जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद प्रधानाध्यापक आर.के. चौधरी और प्रभारी मनोज वर्मा, 10 ब्लॉक्स क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय 2024 प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया की समाप्ति की सूचना देते हुए बताये प्रवेश परीक्षा में कुल 10,389 उम्मीदवार परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए, जिनमें से 3,914 छात्र छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा के दौरान प्रदर्शित समर्पण और उत्साह प्रशंसा योग्य है।

### हर मंदिर को अयोध्या की तरह सजाएं, भगवान राम के आगमन का उत्सव मनाएं: नंदी

मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में चल रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को मीरजापुर के विभिन्न मंदिरों में सफाई की। विंध्यवासिनी मंदिर परिसर की सफाई एवं धुलाई करते हुए देव प्रतिमाओं को स्नान कराया और कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना की। कैबिनेट मंत्री नंदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान की शुरुआत रामेश्वरम शिव मंदिर शिवपुर से की। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के सहयोग से सफाई करने के बाद उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# अर्बन एंड रूरल पार्टी ने मनाया द्वितीय स्थापना दिवस समारोह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । न्यायपूर्ण और समाजवादी सिद्धांतों पर संचालित भारत के निर्माण के लिये समर्पित राष्ट्रीय राजनीति को देश की जनता तक पहुंचाने के लिये निर्मित अर्बन एंड रूरल पार्टी के कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं ने राजधानी में अपना दूसरा स्थापना दिवस समारोह मनाया।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.जुनैद अंसारी ने यूपी प्रेसक्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत की राजनीति को विकासपरक मुद्दों पर चलाने के पार्टी ग्रामीण और नागरिक क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रही है।अर्बन एंड रूरल पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में डीके अवस्थी ने बताया कि लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में उनकी पार्टी को जनता का समर्थन मिल रहा है।पत्रकार वार्ता में उठाये गये सवालों का जवाब देते हुए बताया गया कि अयोध्या में बसे हुए हजारों परिवारों को मंदिर निर्माण के लिये उजाड़ने का जो आरोप मौजूदा केंद्र सरकार पर लग रहा है वह निराधार है।वास्तविकता यह है कि वे लोग अयोध्या में अवैध रूप से कब्जेदार थे।

# अलीगंज में एलडीए ने किया अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के ज़ोन 4 की प्रवर्तन टीम ने अलीगंज क्षेत्र में एक अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि वन्दना पत्नी श्याम मोहन व अन्य द्वारा अलीगंज के बेली गारद में 2000 वर्गफिट में बेसमेंट सहित ग्राउंड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर का निर्माण पूर्व में कराया गया था और वर्तमान समय में सेकंड फ्लोर व थर्ड फ्लोर का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए किये जा रहे इस निर्माण के खिलाफ़ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते शनिवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार व अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इसको सील कर दिया गया।



### प्राण-प्रतिष्ठा : 10 लाख दीपों से अयोध्या को सजाएगी योगी सरकार

अयोध्या। महज दो दिन और, 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी राम नगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। डबल इंजन की सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की जाएगी।

# भगवान राम ने सदैव छोटों को सम्मान दिया : पं. बृजेश पाठक

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में हो रही पांच दिवसीय श्री राम कथा का तीसरे दिन

एजेंसी



मुरादाबाद। मुरादाबाद के रामगंगा विहार फ़ेस दो आस्था कॉलोनी स्थित राधा कुंज दुर्गा मंदिर में श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हो रही पांच दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन शनिवार को बरेली फरीद्पुर से पधारे पंडित बृजेश पाठक 'रामायणी' ने कहा कि भगवान राम ने सदैव छोटे और दीन-हीन लोगों को मान दिया। इसीलिए रामायण में जो सौभाग्य भक्तमती शबरी को मिला, वह माता कौशल्या को भी नहीं मिला, क्योंकि जब श्री राम वन के लिए निकले थे भूखे निकले थे। माता कौशल्या को बड़ी वेदना थी कि हमारा बालक हमारे सामने से भूखा चला गया और जब वन में माता शबरी मिली तब प्रभु राम उनके द्वारा दिए गए कंद-मूल फल खाकर तृप्त हुए प्रभु राम सारे संसार को देते हैं। पंडित बृजेश पाठक 'रामायणी' ने आगे कहा कि रामजी संसार को तृप्त करते हैं पर श्री राम को तृप्त करने वाली शबरी कितनी महान हैं। इसी प्रकार जो सौभाग्य जटायु को प्राप्त हुआ वह महाराज दशरथ को भी प्राप्त नहीं हुआ, क्योंकि हिंदू संस्कृति में यदि बड़े बेटे के हाथ पिता का अंतिम संस्कार हो तो उचित माना जाता है। पं. बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि ऐसी ही परंपरा है पर महाराज दशरथ को यह सौभाग्य नहीं मिला। भगवान राम वन में थे इसलिए उनका अंतिम संस्कार छोटे बेटे भरत ने किया, जबकि जटायु जी का अंतिम संस्कार प्रभु राम ने स्वयं किया। इतना ही नहीं, उनका श्राद्ध भी किया। भगवान ने सबको मान दिया। निषादराज को उन्होंने अपना मित्र बनाया तो गिरिवासी,वनवासी वानर उनके भाई बन गए !प्रभु राम ने अपने प्यार और सम्मान से सबको अपना बनाया। प्रभु राम के व्यक्तित्व की यह विशेषता समाज में समरसता का संदेश देती है। मीडिया प्रभारी निमित्त ने बताया कि 22 जनवरी तक राम कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से साढ़े 5 बजे तक चलेगी।

लखनऊ नगर निगम
टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ 226001 (उ.प्र.)
पोर्टल : https://etender.up.nic.in

सार्वजनिक सूचना

मांस की दुकानें/कार्य बन्द रखें

अपर मुख्य सचिव, पशुधन अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश संख्या- 218/37-1-2024 पशुधन अनुभाग-1 दिनांक 17 जनवरी, 2024 द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शासन द्वारा प्रदेश में मांस-मछली के विक्रय को पूर्णतया प्रतिबंधित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत मांस-मछली व्यवसाईयों को सूचित किया जाता है, कि शासनादेश संख्या-218/37-1-2024 पशुधन अनुभाग-1 दिनांक 17 जनवरी, 2024 के अनुपालन में **दिनांक 22 जनवरी, 2024 सोमवार को शहर की समस्त मांस-मछली की दुकानें पूर्णतः बन्द रखें**। किसी भी तरह का मांस-मछली के विक्रय करने वालों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं व्यवसायी का होगा।

अपर नगर आयुक्त

# विधायक के नेतृत्व में लखनऊ की विभिन्न संस्थाओं ने निकाली ऐतिहासिक शोभा यात्रा

## श्रद्धालुओ ने राम दरबार से सजे रथ को हाथों से खींचते हुए कराया नगर भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। राम जन्मभूमि मन्दिर को लेकर अवध में चारों ओर उल्लास छाया है। शनिवार को विधायक डा नीरज बोरा के नेतृत्व में लखनऊ की विभिन्न संस्थाओं ने ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली। निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज से डालीगंज, बाबूगंज, आईटी, हनुमान सेतु होते हुए खाटूश्याम मन्दिर तक निकली शोभा यात्रा के दौरान राम दरबार से सजे रथ को श्रद्धालुओं ने हाथों से खींचते हुए जयश्रीराम के नारों के साथ नगर भ्रमण कराया। वहीं मार्ग में शोभा यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, भारत लोक शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्यामप्रेमी संघ, श्याम परिवार, दादी परिवार, राधा स्नेह दरबार, डालीगंज हसनगंज व्यापार मण्डल के साथ ही व्यापारियों, समाजसेवियों व नगर की विभिन्न संस्थाओं ने शोभा यात्रा के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोभा यात्रा का शुभारम्भ सरस्वती कुंज से हुआ जहां आरएसएस के विभाग प्रचारक अनिल, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र, रामजी सिंह, उमाशंकर मिश्र, डा शैलेन्द्र शर्मा अटल आदि ने रथ पर विराजमान रामलला का पूजन किया। श्यामप्रेमी संघ द्वारा सज्जित रथ को अरविन्द अग्रवाल, शरद अग्रवाल, विकास गुप्ता, पीयूष अग्रवाल आदि ने रथ को रस्सी से खींचने की कमान संभाली। दूसरे रथ पर राम दरबार के स्वरुप में बैठे बालकों के साथ ही हजारों श्रद्धालु भगवा ध्वज लिए नाचते गाते डालीगंज बाजार की ओर प्रस्थान किये।

भारत लोक शिक्षा परिषद की ओर से आशीष अग्रवाल, उमाशंकर हलवासिया के मार्गदर्शन में एकल परिवार के सदस्यों, राधा स्नेह दरबार की ओर से बिन्दू बोरा, कविता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल आदि सखियों ने भजनों पर झूमते गाते शोभा यात्रा को अविस्मरणीय बनाया। मुंशीगंज मोड़ पर मनीष गुप्ता के नेतृत्व में डालीगंज हसनगंज व्यापार मण्डल की ओर से प्रभु को छप्पन भोग की थाली अर्पित की गई। गुड़मण्डी के सामने भगवती ट्रेडर्स पर अजय अग्रवल, अभय अग्रवाल, हसनगंज कोतवाली के सामने भाजपा महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मनकामेश्वर मन्दिर की श्रीमहन्त देव्या गिरि, आरव अग्रवाल, सुदर्शन कटियार आदि ने शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

आदर्श व्यापार मण्डल की ओर से क्रान्ति गुप्ता, पवन जैन, प्रदीप मल्होत्रा, आशीष, इन्द्रपाल, समीर चोपड़ा, प्रदीप शुक्ला, डालीगंज व्यापार मण्डल की ओर से पप्पु बोरा, राकेश अग्रवाल आदि ने यात्रा में शामिल लोगों पर फूल बरसाये। अतुल चौराहे पर आईवीएफ युवा की ओर से अनुराग साहू, प्रियंक गुप्ता, राजू साहू, पन्नालाल रोड पर गुप्ता क्लाथ हाउस तथा आशु अग्रवाल स्टेशनरी वालों ने स्वागत किया। अयोध्या रोड पर राजा एण्ड संस की ओर से आफताब हुसैन, बालाजी स्वीट्स की ओर से अवध गुप्ता ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं बृजमोहन अग्रवाल की ओर से रामलला का पूजन व आरती किया गया। शोभा यात्रा के स्वागत में बाला जी स्वीट्स पर अवध गुप्ता, नन्हें स्वीट पर संदीप वर्मा के साथ ही आईवीएफ महिला इकाई की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, बाला जी साड़ी पर अभिषेक अग्रवाल मौजूद रहे। अयोध्या रोड पर ही उमराव कोठी के सामने हुए स्वागत के दौरान आदेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, शिवाजी गेस्ट हाउस के सामने मनोज सिंह पुजारी बाबा, प्रतीक वर्मा, पार्षद अभिलाषा कटियार, मधु साड़ीज पर सूरज अग्रवाल, श्री साड़ीज पर आशीष अग्रवाल, बाबूगंज में रामाधीन सिंह बाबूगंज व्यापार मण्डल, अभिषेक अग्रवाल, दादी परिवार की ओर से सुनील तुलस्यान, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आशुतोष तुलस्यान, विश्वविद्यालय मार्ग पर आईवीएफ के प्रदेश महामंत्री डा अजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, डा अनिल गुप्ता, हिमांशु गर्ग, मेट्रो स्टेशन के पास आरएसएस अवध प्रान्त महर्षि अरविन्द घोष सांस्कृतिक मिलन परिवार, सचिन गुप्ता, उज्ज्वल सिंघल, आशुतोष तिवारी, रामजी, पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर शर्मा जी तथा खाटू श्याम मन्दिर में संजीव अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, ऋषि कपूर आदि मौजूद रहे। समापन स्थल पर विधायक डा नीरज बोरा ने यात्रा सहभागी जन का आभार प्रकट किया।

# युवक को पीट-पीट कर किया अधमरा, हालत गम्भीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीड़ित के भाई की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस**

**नगराम क्षेत्र के भैरमपुर गांव में युवक को बुलाकर पिटाई कर किया अधमरा,हालत गम्भीर**

मोहनलालगंज। नगराम के इच्छाखेड़ा निवासी विपिन कुमार ने निगोहां पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसके भाई प्रदीप को बीते गुरूवार की देर शाम फोन कर मिलने के लिये रामसागर ने अपने गांव भैरमपुर,निगोहां बुलाया था,फोन आने के बाद भाई अपनी मोटरसाइकिल से भैरमपुर गांव चला गया था,देर रात तक भाई के वापस ना लौटने पर वो खोजते हुये भैरमपुर गांव पहुंचा तो वहा देखा रामसागर अपने ती?न अज्ञात साथियो के साथ मिलकर भाई प्रदीप को लाठी-डंडो व दीवाल पर लड़ा लड़ा कर बुरी तरह मार रहे थे,चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणो के मौके पर आने पर आरोपी रामसागर अपने साथियों संग मौके से भाग निकला।जिसके बाद घायल युवक को परिजन इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी लेकर गया,जहां उसकी हालत गम्भीर देख डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया,जहां भर्ती कर इलाज शुरू किया लेकिन इलाज में लापरवाही से युवक प्रदीप की हालत ओर बिगड़ती देख परिजन वहा से हटाकर नगराम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहा है,जहां युवक की हालत गम्भीर बनी हुयी हैं।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के भाई की तहरीर पर एक नामजद समेत तीन अज्ञात के विरूद्ध मारपीट,बलवा,जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।।

## शराब के नशे में धुत दबंगो ने युवक को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।निगोहां क्षेत्र के रामदासपुर निवासी गुरू प्रसाद ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार की रात को बेटा चेतराम निगोहां से घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के शराब के नशे में धुत हरिकेश रावत,मनोज,अनुज,राजू के साथ मिलकर गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से बेटे चेतराम की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया।बेटे की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## सदिग्धं परिस्थितियों में युवती लापता

मोहनलालगंज।निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर निवासी माधुरी देवी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसकी बेटी कंचन(20वर्ष) बीते गुरूवार की सुबह सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गयी।काफी खोजबीन के बाद भी लापता बेटी का पता नही चल सका है।पुलिस से की गयी शिकायत में पीड़िता ने मोहनलालगंज के जबरौली निवासी बब्लू उर्फ देवकुमार पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप भी लगाया है।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लापता बेटी कि तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## वृद्धाश्रम में रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सरोजनी नगर। बंथरा क्षेत्र केलोनहा गांव में स्थित वृद्धाश्रम में रह रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंथरा क्षेत्र के लोनहा गांव में एक वृद्धाश्रम में रह रही 42 वर्षीय महिला राबिया बानो काफी दिनों से बीमार चल रहीं थीं। शनिवार को राबिया की हालत बिगड़ने पर उसे आश्रम प्रबंधन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनी नगर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के अनुसार महिला को अस्पताल लाया गया था तो उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।

## पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने 'श्री राम पधारे हैं' भजन किया रिलीज

लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा देश और विश्व के कई देश राममय हो गए हैं। हिन्दू हों या मुस्लिम, राम चर्चा कर रहे हैं। इसी कड़ी में खुद को सनातनी मुस्लिम कहने वाले योगी आदित्यनाथ सरकार के पूर्व मंत्री एवं उप्र हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने शनिवार को भगवान राम पर एक भजन रिलीज की।इस भजन के बोल हैं- 'श्री राम पधारे हैं...' और इसे लिखा है अमित कश्यप ने। अमित कश्यप बॉलीवुड में फिल्म लेखन करते हैं। इस गीत को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने गया है। पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने इस अवसर पर कहा कि लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपने महल में विराजेंगे। इस अवसर पर सम्पूर्ण समाज आह्लादित है। यह भजन भी उसी खुशी में है। उन्होंने देश-दुनिया के रामभक्तों को इस अवसर के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। मोहसिन रजा ने कहा कि 22 जनवरी के बाद वह भी अयोध्या जाकर श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।

## उप्र में पूरे जनवरी माह चलेगी शीतलहर

लखनऊ। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पर्याप्त नमी से उत्तर प्रदेश में कोहरे के साथ गलन बरकरार है। ऐसे में लोग घरों पर दुबकने को मजबूर हैं और जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मौसम की गतिविधियों को देखते हुए संभावना है कि पूरे जनवरी माह शीतलहर चलेगी। साथ ही पारा सामान्य से नीचे रहेगा।मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक हवाओं की दिशाएं बदलने से न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई, जिससे गलन में कुछ कमी आई।

# प्राण-प्रतिष्ठा में आने वाले श्रद्धालुओं से शिष्टतापूर्वक व्यवहार किया जाए : डीजीपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं से पुलिस शिष्टतापूर्वक व्यवहार करे। यह आदेश उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने शनिवार को वीडियो कार्फ्रेंसिंग के जरिए मातहतों को दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में काफी संख्या में दर्शनार्थी पहले से ही अयोध्या में मौजूद हैं। जो धार्मिक स्थलों, धर्मशालाओं एवं आश्रमों में ठहरे हैं।

उन जगहों के प्रबंधकों को पहले से सूचित कर अनुरोध कर लिया जाए कि सभी लोग एक साथ दर्शन के लिए न जाएं। क्रमवार तरीके से दर्शन कराए जाएं।उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। इण्डो-नेपाल बार्डर, इन्टर स्टेट बार्डर तथा जनपद अयोध्या एवं सीमावर्ती जनपदों की सीमाओं पर गहनता से चेकिंग हो। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से सम्बन्धित वाहनों की सेवाओं को बाधित न किया जाए।

अयोध्या धाम दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं से शिष्टतापूर्वक व्यवहार किया जाए। साथ ही सरयू नदी में जल पुलिस की तैनाती हो। धाम में आने वाले दर्शनार्थियों को यातायात की भी दिक्कत न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। पार्किंग तथा यातायात आदि की व्यवस्था पहले सुनिश्चित कर ली जाए।

## चोरों ने बनाया बंद दुकान को निशाना सामान समेत हजारों की नगदी चोरी

काकोरी। दुबग्गा के जेहटा रोड़ एमसी सक्सेना चौराहे स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों का सामान समेत हजारों की नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने दुबग्गा पुलिस को इसकी सूचना दी।पीड़ित मो. नकी निवासी जेहटा रोड़ एमसी सक्सेना चौराहे स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार के अनुसार बीते 18 जनवरी गुरुवार की रात करीब 3 बजे इलेक्ट्रॉनिक दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखा समान बिखरा हुआ पड़ा था, दुकान में रखा करीब 4 लाख 50 हजार रूपए का सामान सहित 20 हजार की नकदी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

# श्री राम मंदिर निर्माण पर निगोहां में निकाली गई ज्योति यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निगोहां कस्बे में विशाल ज्योति यात्रा निकाली गई जिसमे रथ,घोड़े आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।शनिवार को निगोहां कस्बे के वासुदेव बाग हनुमान मंदिर से शंख, घंटा, ढोलक,मृदंग सहित हाथों में भगवा ध्वज लेकर भारी संख्या में भक्तो द्वारा ज्योति यात्रा निकाली गई। डीजे द्वारा भक्ति धुन पर भक्त हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, शनि मंदिर, सहित निगोहां कस्बे में जमकर झूमे। वहीं यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ - चढ़कर हिस्सेदारी ली। भक्तगणों ने श्री रामलला के जयघोष के साथ रथ,घोड़े,कार सहित ज्योति यात्रा को पूरे निगोहां में घुमाने के पश्चात हठीला माता मंदिर पर यात्रा का समापन किया।वहीं सोमावर को अखंड रामायण पाठ के समापन के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हठीला माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में किन्नर समुदाय से अपने सहयोगियों सहित प्रियंका सिंह रघुवंशी समेत ग्रामीण शामिल हुये।इस मौके पर प्रधान अभयकांत दीक्षित वीरेंद्र सिंह,गार्गी दीक्षित,हेमू सिंह,गुड्डू सिंह,देव प्रताप सिंह,जंग बहादुर सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# चिनहट में धूमधाम से हुआ पूजित अक्षत वितरण व भगवान राम नाम शोभायात्रा कार्यक्रम

**पार्षद के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग रहे मौजूद**

**आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता रहे मौजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम नारे के साथ चिनहट वार्ड प्रथम वार्ड संख्या 50 के लोकप्रिय पार्षद अरुण राय के नेतृत्व में हजारों राम भक्तों का हुजूम चिनहट क्षेत्र के चारों तरफ विशाल शोभायात्रा के साथ राम नाम की गूंज के साथ दिखाई दे रहा था।

पार्षद अरुण राय द्वारा क्षेत्र भर में घूम घूम कर अयोध्या में 22 तारीख को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त पूजित अक्षत भी वितरित किया। इस मौके पर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी नेता संजय गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। चारों तरफ हजारों राम भक्त और हाथ में भगवान राम का झंडा पूरा चिनहट राम में नजर आ रहा था। सैकड़ो वाहनों का रेला देखते ही बन रहा था चिनहट के इस कोने से उसे कोने तक सिर्फ एक ही नाम गूंज रहा था जय श्री राम जय श्री राम। शोभा यात्रा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष कमल पांडेय प्रवीण श्रीवास्तव नरेंद्र श्रीवास्तव नवीन राय गौरव राय शुभम सिंघल कौशल वर्मा विजय शर्मा अनिल सोनी रमेश सिंह प्रदीप विश्वकर्मा बृजेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट विजय सिंह नेगी पिंटू शर्मा अभय सिंह दुर्गेश द्विवेदी महिला मोर्चा से निशा सिंह नीलम सैनी विनीता लखमानी समेत हजारों की संख्या में राम भक्त मौजूद ।

# विधायक व ब्लाक प्रमुख ने विकसित संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के लिये शुरु हुयी विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के नवीनगर व अमवा मूर्तजापुर गांवो में पहुंची जहां मुख्य अतिथि विधायक अमरेश कुमार रावत व परेहटा,भगवानपुर,रतनापुर गांवो में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने प्रधानो की मौजूदगी में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी।इस मौके पर सभी गांवो में विकास,राजस्व, कृषि,स्वास्थ,समाज कल्याण समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर योजनाओ के लाभ से वंचित लोगो को लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से उनके फार्म भी भरे।विधायक व ब्लाक प्रमुख ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किये।इस मौके पर शिशुओ का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओ की गोदभराई भी कराई गयी।इस मौके पर बीडीओ पूजा सिंह,गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडे,पूर्व जिला महामंत्री राज कुमार पांडे,भाजपा नेता शम्भू पांडे,

जिला पंचायत सदस्य जीतेन्द्र जायसवाल,नगराम मंडल अध्यक्ष श्याम प्यारी,निगोहां मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान श्रवण कुमार,प्रधान सुनीता पटेल,प्रधान कुसुमलता सोनी,प्रधान कुसम देवी,

प्रधान शिव बरन सिंह,राजेश पांडे प्रधान अभय कान्त दीक्षित,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में भाजपा नेता व ग्रामीण मौजूद रहें।



# डलौना में प्रापर्टी कारोबारी ने सरकारी चकमार्ग कब्जा कर की प्लाटिंग

**महिला किसान ने डलौना में प्रापर्टी कारोबारी पर सरकारी चकमार्ग कब्जा कर पक्का निर्माण कराकर प्लाटिंग करने का लगाया आरोप,एसीपी ने नायाब तहसीलदार को दिये कार्यवाही के निर्देश**

**मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी व एसीपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य व सहायक पुलिस आयुक्त राधा रमण सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी।पहली शिकायत महिला किसान देवीदेई निवासी सभाखेड़ा मजरा कल्ली पश्चिम ने करते हुये बताया उसकी कृषि योग्य भूमि मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के डलौना गांव में स्थित उसकी भूमि के बगल से गुजरे सरकारी चकमार्ग गांटा स0-529 पर प्रापर्टी कारोबारी विपिन सिंह निवासी दुर्गापुरी नीलमथा ने साथियो संग कब्जा कर पक्का निर्माण कराकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर प्लाट बेच रहे है,जिसके चलते अन्य किसानो के खेत आने जाने का रास्ता भी बंद हो गया है।पीड़िता ने कहा जब प्रापर्टी डीलर से रास्ता खोलने को कहा रास्ता तो नही खुलेगा,आगे चलकर तुम्हारी जमीन पर भी कब्ज कर लेगे।एसीपी ने पीड़िता की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदार को जांच कर सरकारी चकमार्ग से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये।दूसरी शिकायत मुकेश निवासी शिवढरा मजरा दहियर ने करते हुये बताया उसकी कृषि योग्य भूमि भट्ठी बरकतनगर में स्थित है जिस पर हाईटेंशन लाइन के खम्भे लगा दिये गये है लेकिन उसे विभाग की तरफ से हाईटेंशन लाइन का मुआवजा नही मिला हैं।

एसडीएम ने एसडीओ मोहनलालगंज को जांच कर कार्यवाही की निर्देश दियें।तीसरी शिकायत म भदेसुवा मजरा खेरवा की दर्जनो महिलाओ ने करते हुये बताया उनके गांव में आबादी के बीच में देशी शराब की दुकान खुली है,जिसके चलते शराब की दुकान पर पीने वालो की भीड़ लगी रहती है ओर शराब के नशे में होने के बाद उक्त रास्त आने जाने वाली बेटियों व महिलाओ से अभद्रता व छेड़छाड़ करते है जिसके चलते रास्ते से निकलना दूभर हो गया है।महिलाओ ने एसडीएम से देशी शराब के ठेके को बस्ती से हटाये जाने की मांग की।एसडीएम ने आबकारी निरीक्षक को कार्यवाही के निर्देश दियें।इस मौके पर गोसाईगंज बीडीओ निशान्त राय,एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला,नायाब तहसीलदार भानु त्रिपाठी,अनुपम वर्मा,जेई आशुतोष समेत अन्य विभागो के अफसर मौजूद रहें।

## प्रापर्टी डीलर ने महिला की 11बिस्वा जमीन करायी रजिस्ट्री,दी गयी आठ लाख की चेके हुयी बाउंस

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसीपी राधा रमण सिंह ने गौरा निवासी मठ मजरा उतरावॉ ने शिकायत करते हुये बताया उसकी गांव में स्थित कृषि योग्य 11बिस्वा जमीन को प्रापर्टी कारोबारी धर्मेन्द्र कुमार निवासी उदवतखेड़ा मोहनलालगंज ने आठ लाख रूपये में तय की थी ओर उसे गुमराह कर तीन लाख में रजिस्ट्री करा ली,रजिस्ट्री में पांच चेको में आठ लाख रूपये देने की बात दर्शायी लेकिन प्रापर्टी कारोबारी द्वारा दिया गया एक भी चेक बैंक से क्लीयर नही हुआ ओर सभी चेक बाउंस हो गये।पीड़ित महिला किसान ने धोखाधड़ी कर उसकी जमीन को रजिस्ट्री कराने वाले प्रापर्टी कारोबारी पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।एसीपी ने पूरे मामले की गहनता से जांच कर पीड़ित महिला किसान को आश्वासन दिया।

# जय श्री राम के जय घोष पर झूमे युवा, भगवा व राममय हुआ खैराबाद शहर : अभिषेक गुप्ता

## दीपावली की तरह मनाया जाय 22 जनवरी को रामोत्सव पर्व महंत बजरंगदास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद । 22 जनवरी अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ संबंध में आज नगर पालिका परिषद मे प्रमुख समाजसेवी पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता महंत बजरंगदास ने की तथा संचालन राम सुमिरन शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महान बजरंग दास ने कहा की बड़े गर्व की बात है कि आज नगर पालिका परिषद खैराबाद में सनातन की सरकार आई है तथा सनातन सरकार का आगमन खैराबाद में प्रवेश करते ही सर्वत्र दिखाई पड़ रहा है ऐसा लगता है कि पूरा खैराबाद राममय हो गया आज हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती है रामोत्सव पर्व को दीपावली की तरह मनाएं शोभायात्रा में अनुशासन का परिचय देते हुए हर घर में दीपक जलाएं समाजसेवी अभिषेक गुप्ता ने कहा यात्रा शोभायात्रा नगर क्षेत्र में मां गौरी देवी मंदिर से निकाल जाएगी जो कि नगर क्षेत्र के पूर्व निर्धारित मार्गो से गुजरती हुई कटरा स्थित हनुमान मंदिर पर आएगी। हनुमान मंदिर में प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी उन्होंने कहा कि आज प्रभु ने यह अवसर हम सभी को प्रदान किया है कि खैराबाद अवध में सनातन की सरकार आई हैतथा प्रभु श्री राम जन जन के आराध्य हैं तथा 500 वर्षों के उपरांत प्रभु श्री राम गर्भ गृह में स्थापित मंदिर में विराजमान होंगे अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त ने कहा कि त्रेता युग में प्रभु श्री राम 14 वर्ष के वनवास के उपरांत अयोध्या धाम आए थे आज 500 वर्षों के उपरांत प्रभु श्री राम तंबू से निकलकर अपने मंदिर में विराजमान होंगे जिस प्रकार से अयोध्या वासियों ने प्रभु श्री राम के आगमन पर घर-घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाई थी आज हम लोग प्रभु की कृपा से समर्थ वन है इतनी अच्छी तरह से रामोत्सव पर्व को मनाई की खैराबाद में भी अयोध्या की झलक देखने को मिले बैठक के अंत में अधिशासी अधिकारी ने सभी आपातों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर महत्व बजरंगदास सत्य प्रकाश मिश्रा राकेश त्रिपाठी राम सिमरन शर्मा प्रहलाद कृष्ण शास्त्री पुनीत सिंह आनंद अवस्थी महंत कृष्णाचारी राजेश मिश्र अंशु मिश्र अमित पुरी अंकुर पुरी राजू टंडन विनीत शर्मा बलराम कृष्णा पांडे आदि लोग प्रमुखता से मौजूद थे।

# अवर अभियंता जांच में पाए गए दोषी, विभागीय कार्यवाही शून्य, आखिर कब होगी कार्यवाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रेउसा सीतापुर। भ्रष्टाचार ने अपनी जड़े कितनी मजबूत कर ली हैं इसका ताजा उदाहरण गत दिनों देखने को मिला।जब एक जेई ने नौकरी वापस दिलाने के बदले की अवैध वसूली। खाते व नकदी समेत लिए 40 हजार रुपये। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से जनसुनवाई के माध्यम से की थी शिकायत। जिलाधिकारी सीतापुर ने मामले को संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को जांच के आदेश दिए थे। जांच में जेई पर आरोप सिद्ध। थाना क्षेत्र तंबौर, विकास क्षेत्र बेहटा के अंतर्गत ग्राम सीकरी निवासी प्रदीप कुमार अवस्थी विद्युत उपखण्ड रेउसा में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। इसी दौरान विगत 13 अगस्त को अवर अभियंता रेउसा संतोष कुमार ने मौखिक रूप से बताया कि आपको कम्पनी ने नौकरी से निकाल दिया है। जिसके बाद पुनः नौकरी पर रखने के बदले में अवर अभियंता संतोष कुमार ने 50 हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद पीड़ित ने 10 हजार नकद व यूपीआई के माध्यम से 30 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर किये, जोकि किसी सादाब के नाम पर था। बाकी 10 हजार देने में असमर्थता जताने पर जेई ने गुस्से में आकर कहा कि अगर शेष रुपये न दिए तो नौकरी पर नहीं रखूंगा, लेनदेन की बात कहीं बताने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश शासन को शिकायत दर्ज कराई, जिसके आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी सीतापुर ने उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को जांच सौंपी। जांच में जेई पर आरोप सिद्ध हुए। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने विभागीय कार्यवाही हेतु अधीक्षण अभियंता सीतापुर को जांच रिपोर्ट अग्रेषित कर दी। इस संदर्भ में एसडीएम महमूदाबाद द्वारा आदेश जारी करते हुए बताया गया कि पूरे प्रकरण की जांच की गई, जांच में अवर अभियंता रेउसा संतोष कुमार प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए, जिसकी अलग से रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल सीतापुर को विभागीय कार्यवाही हेतु भेजी गई है ।

## संघ के पूर्व जिला प्रचारक ने घर-घर बांटे गाय के गोबर से बने दीये

हमीरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक एवं संस्कृति निधि योजना कानपुर विभाग के पूर्व प्रमुख गयादीन प्रजापति ने शनिवार को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घर-घर दीये बांटे। यह दीये गाय के गोबर से बनाए गए है जिन्हें लोगों ने हाथों हाथ लेते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए। अयोध्या में राममंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हमीरपुर में भी लोगों में बड़ा उत्साह बढ़ गया है। जहां मंदिरों को चमकाया जा रहा है वहीं अब प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर-घर दीपोत्सव मनाने के लिए अब दीये आम लोगों को दिये जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रहे गयादीन प्रजापति ने शनिवार से हमीरपुर शहर में घर-घर गोबर से बने दीये बांटने शुरू कर दिए है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी पर घर-घर दीये जलाने का आवाहन किया। यह दीये जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, एसपी दीक्षा शर्मा, एसडीएम, सीएमओ समेत तमाम अधिकारियों को भी दीये दिए गए हैं।

# श्री राम के जयकारों से गूंज उठा कमलापुर कस्बा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कमलापुर सीतापुर कसमंडा स्टेट कुंवर दिनकर प्रताप सिंह जी के द्वारा कमलापुर कस्बे में बहुत ही भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्री राम जी के जयकारों से पूरा कमलापुर कस्बा राममय हो गया 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होना है जिसके चलते कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने पूरे कमलापुर कस्बे में डीजे भांगड़ा और प्रभु श्री राम जी की झांकियां के साथ पद शोभा यात्रा निकाली जिसमे माताएं बहनें भाइयों ने हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई जी के द्वारा हे राम भक्तों है आर्य पुत्रों तुम्हें अयोध्या बुला रही है भजन के माध्यम शोभा यात्रा की शुरुआत की गई शोभायात्रा में उपस्थित मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई जी मंडल महामंत्री नागेंद्र सिंह अरविंद तिवारी कौशलेंद्र सिंह ऋषि मिश्रा छोटू मिश्रा ज्ञानेंद्र धनगर अरविंद पांडे शुभम मिश्रा आदेश तिवारी अभिषेक शुक्ला आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे

## श्री राम प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण पत्र को ठुकराने वालों की मति मारी गई : द ग्रेट खली

कानपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कर्ण की नगरी कान्हपुर इन दिनों राममय हो चुका है। रावतपुर स्थित रामलला मंदिर से शनिवार को निकाली गई सनातन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय रेसलर द ग्रेट खली पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र मिला है और जो उसे ठुकरा रहे है, उनकी मति मारी गई है। उनको मेरी यह सलाह है कि उन्हें समारोह में जरूर जाना चाहिए। भारतीय रेसलर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश एक साथ खड़ा है। उनके कहने पर लोग घरों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीयें जलाएंगे। उत्सव मनाएंगे। मैं भी अपने परिवार के साथ घर में दिए जलाऊंगा। दीपावली मनाऊंगा। इस दौरान द ग्रेट खली ने मंदिर में रामलला के दर्शन किए। रामलाल कमेटी और श्री राम सेवा मिशन द्वारा आयोजित रामलाल से सनातन यात्रा निकाली गई।

# जिले भर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को खासा उत्साह

**कैनविज टाइम्स संवादाता**



लखीमपुर-खीरी।अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेभर में खासा उत्साह है। शहर के प्रमुख मार्गो, चौराहो, मंदिरों को न केवल भव्यता से सजाया बल्कि पूरा जिला श्रीराम की भक्ति से से ओतप्रोत हो चुका है।शासन के निर्देश, जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले में पौराणिक एवं प्रमुख मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों रामायण, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, रामनाम संकीर्तन आदि कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है।

डीएम व एसपी ने मंदिर में किए दर्शन, जनपद की खुशहाली की कामना

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में प्रशासन की ओर से की तैयारियो एवं आयोजन का जायजा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भ्रमणशील रहकर लखीमपुर शहर के श्री जानकी जीवन (मुडिया-महन्त) मन्दिर, मिश्राना और संकटा देवी मंदिर में दर्शन कर जनपद की खुशहाली की कामना की। इस दौरान डीएम-एसपी ने अत्यधिक ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के मद्देनजर निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए।

श्री जानकी जीवन मन्दिर में 21 को रामायण पाठ, 22 को होगा कन्या भोज - एसडीएम

श्री राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या धाम, लखीमपुर-खीरी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने बताया कि श्री जानकी जीवन (मुडिया-महन्त) मन्दिर में 21 जनवरी को रामायण पाठ का सुबह 10 बजे से शुभारंभ होगा। 22 जनवरी को रामायण पाठ पूर्ण होने पर 51 कन्याओं को ''कन्या भोज'' कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने शहर वासियों से अपील की कि इस रामायण पाठ के धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हो।

## डीएम व एसपी ने मंदिर में किए दर्शन, जनपद की खुशहाली की कामना

### तहसील आवासीय परिसर में स्थित मंदिर में हुआ अखंड रामायण पाठ

निघासन-खीरी। निघासन तहसील के आवासीय परिसर में स्थापित मंदिर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गत दिवस को तहसील प्रशासन निघासन के तत्वावधान में शुरू अखंड रामायण पाठ का आज पूर्ण हुई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार भीमसेन सिंह के साथ श्री रामायण जी की आरती करते हुए उपस्थित जनों को प्रसाद का वितरण किया।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर ओर दिखा उत्साह, बाइक रैली से राम मय हुआ मैगलगंज

## हिंदू युवा वाहिनी ने गाजे बाजे के साथ निकाली प्रभु राम की यात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मैगलगंज-खीरी। बाइस जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य और भव्य आयोजन अयोध्या में सैकड़ों वर्षों के बाद होने जा रहा है जिससे रामभक्तों पर ऐतिहासिक खुशी देखी जा रही पूरे विश्व मे इस आयोजन की चर्चा हो रही है इसी क्रम में आज हिन्दू युवा वाहिनी के तेजतर्रार युवा नेता प्रांशु शुक्ला के नेतृत्व में कस्बे में सैकड़ों रामभक्तों के साथ एक भव्य यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई श्री राम के भक्ति भरे भजनों पर थिरकते हुए पूरे कस्बे में खूब लगे जय श्री राम के नारे युवा नेता प्रांशू शुक्ला ने बताया कि बहुत दिनों का इंतजार हम सबका मोदी और योगी आदित्यनाथ की सरकार में पूरा होने जा रहा है अब हर हिन्दू को एक होकर एक नए सनातन से भरे हुए भारत का लक्ष्य है कुछ विपक्षी नेता है जो आज प्रभु राम के विराजमान होने से अपनी लुटिया डूबते देख उस पर भी राजनीति कर रहें है वह स्वयं ही लोकसभा चुनाव के हवन में स्वतः स्वाहा हो जाएंगे हर सनातनी के आराध्य है प्रभु श्री राम इस यात्रा में अनुराग बाजपेई रवि अवस्थी,राजन कश्यप,शिवम शुक्ला,रजत तिवारी,प्रसून शुक्ला, आयुष शुक्ला ,अमित शर्मा,शोभित शुक्ला,लकी गुप्ता मुख्य रूप से अगुवाई में रहे।

## श्रीराम के अपमान के साथ हजारों कार्यकर्ताओं का कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने किया अपमानः राजनारायण कुरील

कानपुर। कंग्रेस के नेतृत्व सोनिया गांधी,अध्यक्ष खड़गे ने रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार कर हम जैसे हज़ारों कार्यकर्ताओं का अपमान किया है जिससे आहत होकर मैंने कंग्रेस को जीवन भर के लिए त्याग दिया। उक्त बात शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने क्षेत्रीय कार्यालय पर पने सैकड़ों साथियों के साथ आये घाटमपुर विधानसभा से कंग्रेस प्रत्याशी रहे राज नारायण कुरील ने कही। कानपुर भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने राज नारायण कुरील उनके साथ आये 2 दर्जन से अधिक प्रधानों व सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल करने की घोषणा की। क्षेत्रीय मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा,जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय क्षेत्रीय जॉइनिंग कमेटी के संयोजक रामकिशोर साहू व अनूप अवस्थी ने भी सभी का स्वागत किया ।

# मंगला देवी मंदिर श्रमदान कर चेयरमैन ने की मंदिरों की साफ-सफाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला गोकर्णनाथ-खीरी।प्रधानमंत्री के तीर्थ स्थल स्वच्छता अभियान के आह्वान पर मंगला देवी मंदिर में सफाई की गई लाल बहादुर शस्त्री शक्ति केन्द्र पर मंगला देवी मंदिर पश्चिमी दीक्षिताना गोला में मुख्य अतिथि चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला

### मंगला देवी मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान की गई साफ़ सफाई

एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला रिंकू, भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोन्टी के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंदिर की विधिवत साफ-सफाई की।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, शक्ति केन्द्र संयोजक दिवाकर मिश्रा , कार्यक्रम संयोजक एवं कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्कर्मा, अभियान संयोजक /नगर महामंत्री राजेश राठौर, अभियान सह संयोजक/नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुमित्रा मिश्रा,नगर महामंत्री महिला मोर्चा गीता दुबे,, बूथ अध्यक्ष प्रभात केडिया,प्रभात गुप्ता बीनू, ववित‍ा शाह,विशाल शुक्ला, कैलाश गुप्ता, विजय मिश्रा,अजीत पाण्डेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य से मिलीं सांसद मेनका गांधी

सुलतानपुर। तीन दिवसीय दौरे पर वाया अयोध्या सुलतानपुर आ रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अयोध्या में तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।सांसद ने जगद्गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने सुल्तानपुर के पौराणिक काल के स्थलों तीर्थराज धोपाप,सीताकुंड घाट, बिजेथुआ महावीरन के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा की। श्रीमती गांधी ने अयोध्या के कोतवाल बजरंगबली का हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।अयोध्या से सुल्तानपुर आते समय श्रीमती गांधी ने कूरेभार के व्यवसायी बिंदेश्वरी अग्रहरि के माता जी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिजनों को ढांढस बनाया। श्रीमती गांधी ने पयागीपुर जाकर लोहरामऊ मंडल के महामंत्री सुनील मिश्रा के माता जी के निधन पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। श्रीमती गांधी 21 जनवरी को जयसिंहपुर विधानसभा के उमरी एवं बिरसिंहपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी।सांसद श्रीमती गांधी 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन तीर्थराज धोपाप में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी।

## खमरिया पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोरों को किया गिरफ्तार

खमरिया-खीरी ।पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत खमरिया पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है थानाध्यक्ष निराला तिवारी की अगुआई में पुलिस टीम द्वारा अंतर्जनपदीय गिरोह के दो चोरों को मय चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया,पकड़े गए चोरों पर विभिन्न थानों में अनेक मुकदमें पंजीकृत हैं, गिरफ्तारी के बाद चोरी की घटना में प्रयुक्त कार को सीज करते हुए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया । जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना क्षेत्र के रसूलपुर मोड़ के पास थानाध्यक्ष निराला तिवारी की अगुआई में पुलिस टीम द्वारा अंतर्जनपदीय गिरोह के चोर जमीर पुत्र छोटकन्न निवासी शिवकहा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी व कलीम पुत्र बशीर निवासी बैकैया रसूलपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया,पकड़े गए अभियुक्तों पर थाना सकरन,थाना कोतवाली सदर सहित थाना बिसवां में कई आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली एक सेंट्रो कार,एक चोरी की बैटरी व टॉर्च सहित 700 की नकदी बरामद कर न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी के नेतृत्व में आरोपितो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक विक्रांत चौधरी,का.धर्मेन्द्र कुमार,रविन्द्र कुमार,अरविंद कुमार व अमित कुमार शामिल रहे।

# किसानों की समस्या का समाधान नहीं कर पाए बीडीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा / सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का धरना प्रर्दशन 5 जनवरी 2024 को जिलाधिकारी सीतापुर को दिए गए 8 सूत्रीय ज्ञापन का समाधान न होने पर मछरेहटा विकास खंड में भारतीय किसान यूनियन ने धरना शुरू किया जिसका समाधान खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार यादव धरना प्रदर्शन पर आकर जिला अध्यक्ष रामदास यादव , प्रदेश संगठन मंत्री श्यामू शुक्ला से बिंदुवार वार्ता की समाधान नहीं कर पाए काफी देर तक प्रत्येक बिंदु पर चर्चा होती रही । लेकिन बी डी ओ के द्वारा समाधान न होने पर भारतीय किसान यूनियन ने अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा की।भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने 5 जनवरी के ज्ञापन के प्रथम बिंदु में गौरिया , हास खेरा, देवपारा, मिर्ज़ापुर आदि ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों की डिमांड न लेना मास्टर रोल न जारी करना एपीओ मछरेहटा पर आरोप लगाए तथा मछरेहटा विकासखंड की ग्राम पंचायतो में घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलाने गौरिया ग्राम पंचायत में बनी पानी की टंकी बंद पड़ी पेय जल पानी की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने शनिवार को पूर्व घोषित एजेंडे के अनुसार किसान यूनियन के कार्यकर्ता एकत्र होकर जिला अध्यक्ष रामदास यादव के नेतृत्व में धरना शुरू किया इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री श्यामू शुक्ला, हरिहर मास्टर, मोहन तिवारी, कमला देवी, परमानंद, सुनील, सिवदयाल, बीरबल, सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों पर अड़े रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय वार्षिक प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई

खैराबाद/सीतापुर जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद प्रधानाध्यापक आर.के. चौधरी और प्रभारी मनोज वर्मा, 10 ब्लॉक्स क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय 2024 प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया की समाप्ति की सूचना देते हुए बताये प्रवेश परीक्षा में कुल 10,389 उम्मीदवार परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए, जिनमें से 3,914 छात्र छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा के दौरान प्रदर्शित समर्पण और उत्साह प्रशंसा योग्य है। अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें जवाहर नवोदय विद्यालय प्रधानाध्यापक - आर.के. चौधरी. प्रभारी - मनोज वर्मा मौजूद रहे।

# अवैध तमंचा के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

## राममंदिर बनने पर बड़ा यज्ञ कराने का लिया था संकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खमरिया पुलिस द्वारा नाजायज असलहा व कारतूस बरामद करते हुए आरोपी सलमान पुत्र असफाक निवासी मोहल्ला बागवानी कस्बा लहरपुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को काली शेरपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना खमरिया पर मुकदमा अपराध संख्या 25/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा न्यायालय भेजा जा रहा है।

थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी के नेतृत्व में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी,उप निरीक्षक विक्रान्त चौधरी,का0 अरविन्द गौतम , का0 धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे। इस बाबत मे जब थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी से उक्त मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को नाजायज असलहा के साथ हिरासत में लिया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

(थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी)

# खेल को खेल की भावना की तरह खेला जाए : खालिद खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम सभा नन्दौली में 15 जनवरी से एक विशाल लेदर टूर्नामेंट बाबा नूर शहीद के नाम से आयोजन हुआ है। इस ग्राउंड पर आज कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता खालिद खान उपाध्यक्ष, बाबरपुर (दिल्ली) उपस्थित हुए और अपने सहयोगियों के साथ ग्राउंड पर फीता काटकर उत्साह बढ़ाया और आए हुए मेहमान का खिलाड़ियों ने स्वागत किया। खालिद खान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया और कहा कि आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें मेहनत का प्रदर्शन करें जिससे आप सब की प्रतिभाएं बाहर निकाल कर आए और मेरा यहां पर उपस्थित सभी लोगों से निवेदन है कि यह टूर्नामेंट पूरी ईमानदारी से खेला जाए और जो खिलाड़ी जितना अच्छा प्रदर्शन करें उसे उसी अनुसार सम्मानित किया जाए और इस टूर्नामेंट में मैं सहयोगी हूं और सदैव सहयोगी रहूंगा। खालिद खान खुद एक खिलाड़ी हैं उनका बचपन से ही खेल में बहुत रुचि रखते थे वो क्रिकेट के अपने समय में जाबाज खिलाड़ी थे और उनकी सोच सदैव जीत की रहती थी वो विजेता बनने के लिए बहुत संघर्ष करते थे। इसीलिए आज उन्होंने ग्राउंड पर उपस्थित दर्शकों से कहा कि इंसान अपने अंदर ये सोच रखे की हमे यहां जीतना है या कामयाब होना है तो वो एक दिन अवश्य सफलता पा लेता है और अगर मन में डर बसा लिया तो वो हार की तरफ अग्रसर हो जाता है। खालिद खान की इन बातो को सभी दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। खान ने कहा आप लोगो ने जो सम्मान हमे दिया मैं उसे सदैव याद रखूंगा और प्रतियोगिता के कमेटी सदस्यों के प्रति आभार जताया।बाबा नूर शाहिद खेल मैदान पर मुख्य अतिथि खालिद खान के साथ गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, पत्रकार आबाद अहमद, मोहम्मद कैफ, साबित अली, कमर उल्लाह उर्फ मोनू बीडीसी, मास्टर हकीक खान, समीम खान, सुल्तान खान, आजाद खान, सफीक अहमद लल्लन अहमद के साथ दोनों टीम के खिलाड़ी व सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार : रोजी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/ सुल्तानपुर। प्राथमिक शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है।समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को समान शिक्षा देने की जरूरत है। यह बातें खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने कहीं। ब्लॉक संसाधन केंद्र बल्दीराय पर आयोजित पांच दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कर रही थी।उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा में सबसे पहले दिव्यांग बच्चों की विशेष आवश्यकताओं की पहचान का निर्धारण किया जाना है। संदर्भ दाता अखंड सिंह,राकेश, हरेंद्र व विवेक ने प्रशिक्षणार्थियों को समेकित शिक्षा के बारे में बताया। प्रशिक्षक अखंड सिंह ने बताया कि समा वेशी शिक्षा एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सभी प्रकार के छात्र विशिष्ट या दिव्यांग के लिए एक ही स्तर की जांच की जाती है। इस प्रणाली का उद्देश्य बौद्धिक-शैक्षिक स्तर की जांच के बाद छात्रों को उनके व्यक्तिगत क्षमताओं और आवश्यकताओं के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाए।संविधान में यह अधिकार दिया गया है कि समावेशी शिक्षा में जो सामान्य गतिविधियां और तौर तरीके सभी विद्यार्थियों के लिए होते हैं उनका लाभ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी मिले,जिससे वे केवल विशेष सुविधाओं वाली शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर ना रहे।प्रशिक्षण में अशोक कुमार दुबे कंपोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर,शशि कांत दुबे,अशोक कुमार यादव,निहाल अहमद, निशात अंजुम,रमेश कुमार यादव,दिनेश कुमार सिंह, सुरेश चंद्र सिंह,अमित सिंह, दयाशंकर, मुकेश कुमार, परवेज आलम, शारदा प्रसाद, इंदुमती, संतभुआल, हीरालाल यादव समेत 100 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभा किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई तिरसठ शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तहसील मुसाफिरखाना में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

अमेठी,जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मुसाफिरखाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना।जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाय। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।तहसील मुसाफिरखाना में कुल तिरसठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में आई उन्नीस शिकायतों में दो का निस्तारण किया गया। तहसील गौरीगंज में तेइस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें चार का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में पैंतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से नौ शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, उपजिलाधिकारी सविता यादव,तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन अब तेइस जनवरी को होगा

अमेठी । उप जिला निर्वाचन अधिकारी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों एवं सर्विस मतदाताओं की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक बाइस जनवरी के स्थान पर अब दिनांक तेइस जनवरी को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# रेलवे पुलिस ने चोरी समेत कई मामलों में वांछित को धर दबोचा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट और जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास कुमार पाण्डेय के कुशल पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय व उनकी टीम ने

अशगर पुत्र मो0 कल्लू (24 वर्ष)को रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर के प्लेटफार्म नं0 01 के दक्षिणी छोर पर बने यातायात निरीक्षक कार्यालय गेट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अभियुक्त कुड़वार बाजार थाना कुड़वार का रहने वाला है। पूर्व में भी इस पर कई मुकदमे दर्ज है।

## चोरी के तीन मोबाइल के साथ झारखण्ड का युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरी के तीन अदद मोबाइलों के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक रामचेत यादव मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ककवा रेलवे क्रासिंग के पास एक व्यक्ति खड़ा है जिससे दिनांक उन्नीस जनवरी को कस्बा अमेठी में मेला मैदान में लगी प्रदर्शिनी से चोरी हुये मोबाइल के बारे में पूंछने पर सूचना मिल सकती है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ककवा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची जहां खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दीपक महतो पुत्र स्वर्गीय बेचन महतो निवासी ग्राम तीन पहाड़ थाना तीन पहाड़ जनपद साहिबगंज, झारखण्ड बताया। पुलिस द्वारा युवक की जामातलाशी से युवक के कब्जे तीन अदद मोबाइल फोन बरामद हुये है। बरामद मोबाइल के संदर्भ में पूछने पर गिरफ्तार ने बताया कि मैने व मेरे साथियों ने दिनांक उन्नीस जनवरी को कस्बा अमेठी के मेला मैदान में लगी प्रदर्शिनी से चोरी किये थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## गौरीगंज में तीन दिवसीय एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेला होगा

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने बताया कि आगामी तेइस से पच्चीस जनवरी तक रणंजय इंटर कालेज गौरीगंज के प्रांगण में कृषि महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जायेगा।किसान मेले में कृषि विभाग द्वारा जनपद में श्री अन्न (मिलट्स/मोटा अनाज) की खेती को बढ़ावा देने एवं जैविक विधि से कृषि करने की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभाग में संचालित अन्य योजनाओं यथा प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, बीज उत्पादन, हरी खाद उत्पादन, मिलट्स के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं प्रदर्शनी के साथ-साथ स्टाल लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा बागवानी, ड्रिप सिंचाई के साथ किसान हित में संचालित कार्यक्रमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य संपदा योजना के साथ-साथ मछली बीज उत्पादन एवं मार्केटिंग के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।इसी के साथ ही पशुपालन विभाग, सिंचाई, नलकूप एवं नहर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद एवं विपणन, पंचायती राज, दुग्ध विकास तथा बैंक द्वारा मेला स्थल पर किसानों हेतु केसीसी कैंप की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित विस्तृत एवं नई तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

## पचास ग्राम स्मैक के साथ युवक को जेल भेजा

अमेठी । थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक बाइक सवार युवक को पचास ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है और बाइक को सीजकर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को उप निरीक्षक करमवीर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 ए 9675 पर सवार कलीम पुत्र अमीम निवासी ग्राम नहरगढ़ मजरे बनभारिया थाना कमरौली को गढ़ा गांव के पास बस स्टाप से समय करीब साढ़े दस बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने युवक के कब्जे से पचास ग्राम स्मैक बरामद हुई और मोटर साइकिल के कागजात तलब करने पर दिखा नही सका जिसे सीजकर दिया गया है।थाना कमरौली पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## अमेठी में अप्रैल से ई पास मशीन एवं ई-कांटा से खाद्यान्न का होगा वितरण

अमेठी । जनपद में सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं द्वारा नवीन ई पास मशीन एवं ई कांटा के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा ई पास मशीन एवं ई कांटा जनपद में स्थापना व संचालन हेतु आगामी छह मार्च को उपलब्ध करा दिया जायेगा तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर उन मशीनों से माह अप्रैल से खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रारम्भ होगा।इसके लिये तहसील अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिरखाना व तिलोई में स्ट्रांग रूम संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा चयनित किया जायेगा जिसमें नवीन ई पास मशीन एवं ई कांटों को सुरक्षित रखा जायेगा।ई कांटे से लिंक ई पास मशीनों के संचालन एवं रखरखाव के विषय में समस्त उचित दर विक्रेताओं का प्रशिक्षण जनपद में तहसीलवार चयनित स्थल पर दिया जायेगा इसके लिए सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे।उचित दर विक्रेताओं का प्रशिक्षण का कार्य क्षेत्र से संबंधित सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं द्वारा ई पास प्राप्त होने वाली तहसीलों में विक्रेताओं की संख्या के अनुसार समुचित योजना बनाकर दो से तीन दिन में पूर्ण कराया जायेगा।विधिक बाट माप एवं विज्ञान विभाग से ई कांटों की स्टैम्पिंग कराकर एवं उचित दर विक्रेताओं का प्रशिक्षण पूर्ण कराने के उपरांत ई कांटों एवं ई पास मशीन की स्थापना संबंधित उचित दर दुकानों पर करते हुये उन्हें क्रियाशील किये जाने का उत्तरदायित्व सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं का होगा।

## निर्माणाधीन मकान के टैंक में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

फतेहपुर। जिले में शनिवार को एक निर्माणाधीन मकान के टैंक में युवती का शव मिला। ग्रामीणों ने युवती के नग्नावस्था में शव मिलने पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटना की जांचकर जल्द ही खुलासा करने के निर्देश पुलिस को दिए। ललौली थाना क्षेत्र के दसवां मील के पास एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। शनिवार की सुबह जब मजदूर काम करने के लिए पहुंचे तो निर्माणाधीन मकान के टैंक में एक 20 वर्षीय युवती का शव नग्नावस्था में पड़ा देखकर सन्न रह गये। आस पास मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के आबू मोहम्मदपुर बांदा सागर मार्ग के गांव के पास राकेश कुमार गुप्ता के घर के सामने एक निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक में 24 वर्षीय युवती का नग्नावस्था में शव मिला है। अभी तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीण दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया है।

# प्रगतिशील किसान जमील को मिला राजभवन सें गणतंत्र दिवस का निमंत्रण





कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर बल्दिराय तहसील क्षेत्र के रहने वाले प्रगतिशील किसान जमील अहमद को राजभवन से 75वें गणतंत्र दिवस पर्व पर बुलावा आया है। बताते चले कि श्री अहमद ने खेती किसानी में लगातार प्रयोग करते हुए कई प्रकार के अनाज,फल व सब्जियों में इतिहास बना दिया है। श्री अहमद के फार्म हाऊस पर होने वाली खेती को कई नामचीन हस्तियों ने जाकर देखी व उपज की वास्विकताएं भी जानी। खेती किसानी से जुडें कई वैज्ञानियों ने भी प्रगतिशील किसान जमील अहमद की काबिलियत का लोहा माना है। पूर्व में भी प्रदेश की राजपाल से शरी अहमद ने भेट कर उन्हें अपनी उपज का अवलोकन कराया है। इसबार उन्हें प्रदेश की मा.राजपाल की तरफ से 75वें गणतंत्र दिवस पर न्योता मिला है, निमंत्रण मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी छाई हुई है। उधर प्रगतिशील किसान जमील अहमद भी काफी उत्सुक दिखाई दे रहे हैं।

# बिना अनुमति महिला का किया गर्भपात, अस्पताल संचालक समेत चार पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सरकारी अस्पतालों और प्राइवेट हॉस्पिटलों का गठजोड़ धड़ल्ले से चल रहा है। जहां मरीज की अनुमति के बिना गर्भपात किया जा रहा। मरीज की जान पर बन रही तो मौत की दुकान सजाये बैठे झोलाछाप हाथ खड़े कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के 'ख्वाजा हॉस्पिटल' का प्रकाश में आया है। यहां महिला के गर्भपात के मामले में चार के विरुद्ध कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के मोतिगरपुर थाना अंर्तगत पठखौली गांव निवासी मोहम्मद इस्माइल की गर्भवती पत्नी अमरीन बानो का स्वास्थ्य 23 अक्तूबर को बिगड़ गया। इस्माईल पत्नी को लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मोतिगरपुर लेकर गया। वहां हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ रूपम आर्या ने अमरीन को देखा। इस्माईल का आरोप है कि रूपम ने नगर के प्यारेपट्टी रोड स्थित ख्वाजा हास्पिटल का खुद को एमडी बताते हुए अमरीन को वहां भर्ती कराने के लिए कहा। 27 अक्तूबर को रूपम आर्या अमरीन को ख्वाजा हास्पिटल लेकर पहुंची और यहां तीन दिन तक उसे भर्ती कराकर रूपम ने इलाज किया।

बताया जा रहा है कि तीसरे दिन यहां डॉ. शहबाज ने अल्ट्रासाउंड करवाने को कहा। इस्माईल अल्ट्रासाउंड के बाद किसी काम से बाहर गया तो इसी समय डॉ. शहबाज अहमद ने एक महिला (रिंकी) को बुलाकर बिना सहमति के अमरीन का गर्भपात कर दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि खून न रुकने पर अस्पताल से अमरीन को बिना कागजात के ही रेफर कर दिया गया। इस्माईल पत्नी को लेकर वाराणसी गए जहां अस्पताल में जांच में पता चला कि अमरीन के पेट में बच्चे का सिर व हाथ मौजूद था।पांच जगह से बच्चेदानी फटी थी। वाराणसी में इलाज के बाद किसी तरह डाक्टरों ने अमरीन की जान बचाई।इस्माईल ने बताया कि इलाज में उसके करीब सात लाख रुपये खर्च हो गए। पत्नी की हालत सुधरने पर इस्माईल ने कोतवाली नगर में रूपम आर्या, डॉ. शहबाज खान, डॉ. नदीम खान व रिंकी के खिलाफ बिना सहमति गर्भपात करने का केस दर्ज कराया है। वही डॉक्टर नदीम खान ने बताया कि उस हॉस्पिटल से मेरा कोई लेना देना नहीं है। न ही इस केस के बारे में मुझे कोई जानकारी है। मैं इस मामले में लीगल एक्शन लूंगा। इस बाबत कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मनाने में जुटे रामभक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । अयोध्या धाम में आगामी बाइस जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।आम जनमानस द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है प्रभु श्रीराम के भक्तों द्वारा मकानों के साथ ही दुकानों पर भगवा ध्वज लहराया जा रहा है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में क्षेत्र के मंदिरों पर सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही भजन कीर्तन आयोजित किया जायेगा और प्रभु श्रीराम के भक्तों द्वारा अपने अपने मकानों और दुकानों पर भी सुंदर काण्ड और पूजन किया जायेगा। सोमवार को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को शिक्षक नेता ओंकार पाण्डेय, सत्येन्द्र तिवारी ने आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शनोपरांत क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों से भेंटकर उनको जय श्री राम नामक गमछा और टोपी पहनाया इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने अपने मकानों और प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लगाने के लिये प्रेरित किया।शिक्षक नेता ओंकार पाण्डेय ने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि आज प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हम सब लोगों को देखने का अवसर मिला है और सोमवार को सब लोग अपने अपने घरों में अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन का सजीव प्रसारण देखें और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ भी करें। इस मौके पर अहोरवा भवानी के ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल, राहुल पाठक, हीरा सिंह,राजेश पाण्डेय, मनीष बाजपेई,लवलेश पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह,श्रीचन्द्र चौरसिया, दिलीप कुमार पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या के लिए रूट डायवर्ट, भारी वाहनों को तीन दिन नहीं मिलेगी इंट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अयोध्या में वीआईपी लगभग पहुंच चुके हैं, या पहुंचने वाले हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वहां काफी भीड़ जमा होने वाली है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुल्तानपुर से अयोध्या को जाने वाले रूट को शनिवार शाम 4 बजे से बंद कर दिया गया है। भारी वाहनों पर पूरी तरह रोक रहेगी। एडीएम प्रशासन पंकज सिंह ने रूट डायवर्जन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से 20 जनवरी की शाम 4 बजे से अयोध्या जाने वाली सीमाएं सील कर दी गई हैं। 20, 21 और 22 जनवरी तक प्रतिबंध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले की सीमा से रोडवेज बस समेत कोई भी वाहन अयोध्या की सीमा में प्रवेश नहीं कर पाएगा। पास धारकों को ही केवल अयोध्या की सीमा में प्रवेश दिया जाएगा। कोई विशेष जरूरत होगी तो उसके अनुसार प्रशासन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अयोध्या जाने के लिए पास जारी कर सकता है। अयोध्या कार्यक्रम के चलते रूट डायवर्ट किए जाने को लेकर एक दिन पहले डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा और सीडीओ अंकुर कौशिक ने डायवर्जन पाइंट का जायजा लिया था। उच्चाधिकारियों ने टाटियानगर, कटका, कूरेभार व जमोली गेट का निरीक्षण किया। कूरेभार ब्लॉक में एक पार्किंग स्थल चयनित किया गया है। प्रशासनिक तौर पर जानकारी दी गई है कि हलियापुर से अयोध्या की ओर जाने वाले वाले वाहन कूरेभार होते हुए पीढ़ी-सेमरी होते हुए निकलेंगे।कूरेभार से अयोध्या जाने वाले सभी वाहन पीढ़ी की तरफ डायवर्ट होंगे जो सेमरी होकर गुजरेंगे। कटका से अयोध्या होकर जाने वाले सभी वाहन सेमरी की तरफ डायवर्ट किए गए हैं जो पीढ़ी सेमरी होकर गुजरेंगे। बीते 14 जनवरी से इन तीनों रूट पर भारी वाहनों को गुजारा जा रहा है।

# आज से सील कर दिया गया गोंडा-अयोध्या बॉर्डर

## कमिश्नर–डीआईजी और डीएम ने बॉर्डर का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा।अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे को लेकर के गोंडा जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर है।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और पीएम व सीएम के अयोध्या दौरे को लेकर के गोंडा अयोध्या बॉर्डर पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।आज से गोंडा अयोध्या बॉर्डर की सीमा को 22 जनवरी देर शाम तक सील कर दिया गया है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और प्रधानमंत्री व सीएम योगी के दौरे को देखते हुए किसी भी व्यक्ति को अयोध्या की सीमा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ना ही छोटे और बड़े वाहनों को अयोध्या की सीमा में आज से जाने दिया जाएगा।लगातार गोंडा अयोध्या बॉर्डर पर एक कंपनी पीएसी बल की तैनाती कर जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है और लगातार गोंडा अयोध्या बॉर्डर के तटीय इलाकों में लगातार पुलिस फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।जिला प्रशासन और अयोध्या जिला प्रशासन ने गोंडा अयोध्या बॉर्डर से गोंडा के इलाकों में 22 जनवरी तक किसी भी रिश्तेदार की ना आने की भी अपील ग्रामीणों से की है कि किसी भी रिश्तेदार को अपने यहां मत बुलाए।सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया और खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध लोगों पर भी विशेष निगरानी की जा रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था चौक बंद करने के आवश्यक दिशा–निर्देश

वही मंडला आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्रा, डीआईजी देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिला अधिकारी नेहा शर्मा और एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स और अधिकारियों के साथ गोंडा-अयोध्या बॉर्डर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था चौक बंद करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।मंडला आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्रा और जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एसडीएम तरबगंज और क्षेत्राधिकारी तरबगंज कोशक्त निर्देश दिए कि लगातार बॉर्डर के इलाकों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए और जो भी रिश्तेदार यहां पर आए हैं,उन सब की सूची तत्काल प्रभाव से बना करके जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए और उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही 22 जनवरी की शाम को गोंडा अयोध्या की सीमा पर सरयू पुल पर होने वाली आतिशबाजी को लेकर भी सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए।किसी भी प्रकार की दिक्कत आतिशबाजी देखने आने वाले लोगों को न होने पाए।वहीं डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने पुलिस के अधिकारियों को सख्त आदेश दिया है कि किसी भी व्यक्ति को आज से अयोध्या की सीमा में प्रवेश की अनुमति न दी जाए जिनको प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र मिला है।उनके निमंत्रण पत्र को देखकर ही उनको केवल अनुमति दी जाए।पीएम और सीएम के कार्यक्रम को लेकर के सुरक्षा में किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी।लापरवाही मिलने पर कठोर से कठोर कार्यवाही अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी।

# अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को लेकर रेलवे स्टेशन पर रही सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। आगामी अयोध्या में होने 22 जनवरी को नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में राम लाला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित होना है।कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और वीआईपी लोगों केआगमन के साथ विभिन्न प्रांतों से लोगों की अयोध्या आवाजाही बनी हुई है।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तरबगंज एसडीएम भारत भार्गव,आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजीव उपाध्याय,मनकापुर आरपीएफ प्रभारी उदयराज और गोंडा जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा की संयुक्त टीम के साथ कटरा रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।और आने वाले यात्रियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, और आने जाने वाले लोगों की जांच बढ़ा दी गई है जो आगे 22 जनवरी तक लगातार जारी रहेगी।

### एसडीएम आरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट और जीआरपी ने किया कटरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

# पसका मेला प्रारम्भ से पहले सारी व्यवस्थायें चाक चौबंद के दिये निर्देश: डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसील करनैलगंज अंतर्गत आगामी आयोजित होने वाले पसका मेला की तैयारियों के संबंध में मेला स्थल एवं स्नानघाट सहित अन्य स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण कर लिया गया जायजा। इसके साथ ही घाट के आस पास लाइटिंग व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पसका मेला प्रारम्भ से पहले सारी व्यवस्थायें चाक चौबंद करने के निर्देश दिये हैं।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां की मेला प्रारंभ होने से पहले मेला स्थल एवं स्नानघाट सहित सभी स्थानों पर सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। ताकि मेला के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तुलसीदास जी का रामायण भवन का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं सही कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्नलगंज विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एक्सईएएन बाढ़खंड बीएन शुक्ल, खंड विकास अधिकारी परसपुर जेएन राव, एसओ परसपुर, ग्राम प्रधान पसका, पसका मेला कमेटी के समस्त पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बुन्देलखंड में जेल में ही कारसेवक संत ने रखा था उपवास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## राममंदिर बनने पर बड़ा यज्ञ कराने का लिया था संकल्प

हमीरपुर। श्रीराम जन्मभूमि के आन्दोलन के दौरान बुन्देलखंड की वीरभूमि में हजारों कारसेवकों ने मुलायम सिंह यादव की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। आन्दोलन में एक मंदिर के संत भी सरकार के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया था जिस पर उन्हें जेल भेजा गया था। जेल में ही कारसेवक संत ने उपवास रखा और राममंदिर के निर्माण होने पर बड़ा यज्ञ कराने का संकल्प ही ले लिया। अब जब अयोध्या में राममंदिर में रामलला के विराजमान होने की शुभ घड़ी आ गई है तो यहां इस संत की आंखें खुशी से छलछला गई है। तैंतीस साल बाद संकल्प साकार होने पर संत ने मंदिर में विशेष पूजा कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

महोबा शहर से आठ किमी दूर बिलबई गांव में स्थित बहन जानकी धाम कल्पवृक्ष आजाद गद्दी मंदिर के महंत रामजी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के समय वह लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के साथ अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। मुख्यालय में खोया मंडी में कारसेवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पुरानी जेल में बंद कर दिया। उनके साथ में मनीराम अग्रवाल, भूपेंद्र साहू ,चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रभाकर तिवारी, बाबूलाल राजपूत, मदन दाऊजी, रामसजीवन शर्मा, मनीराम नामदेव ,जगदीश प्रसाद राजपूत आदि उनके साथ आंदोलन में शामिल थे।

प्रशासन ने अयोध्या धाम ना जाने का सहमति पत्र भरने पर रिहा करने की शर्त रखी लेकिन राम भक्तों ने उसे ठुकरा दिया। इसके बाद 28 दिनों तक वह जेल में बंद रहे इस दौरान उन्होंने जेल में व्रत रहकर भगवान का भजन कीर्तन किया और जब तक भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता तब तक हर वर्ष यज्ञ करने का संकल्प लिया जो कि संकल्प अब पूरा होने को है। यह अपार हर्ष का विषय है कि प्रभु श्रीराम अपने धाम में पधार रहे हैं। जो सपना उन्होंने देखा था वह अब साकार हो रहा है।

### आंदोलन से अभी तक करवा चुके हैं 33 यज्ञ

बुन्देलखंड की वीरभूमि महोबा जनपद मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित बिलबई गांव में बहन जानकी धाम कल्पवृक्ष आजाद गद्दी के महंत रामजी महाराज श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से अभी तक 33 यज्ञ करवा चुके हैं। मंदिर निर्माण तक हर वर्ष यज्ञ करने का संकल्प पूरा हो रहा है। इस बार यज्ञ के साथ रामलीला का आयोजन करवाया जाएगा।

### जेल में व्रत रहकर करते थे भजन–कीर्तन

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में राम जी महाराज के साथ जेल गए बिलबई गांव के मदन दाऊजू का कहना है कि राम मंदिर निर्माण के लिए अयोध्या धाम जाने से पहले पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल में बंद कर दिया था। जेल में उन्होंने रामजी बाबा के साथ मिलकर व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया। प्रशासन की सख्ती रामभक्तों की भक्ति की भावना को कम नहीं कर पाई।

### निर्माणाधीन मकान के टैंक में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

फतेहपुर। जिले में शनिवार को एक निर्माणाधीन मकान के टैंक में युवती का शव मिला। ग्रामीणों ने युवती के नग्नावस्था में शव मिलने पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटना की जांचकर जल्द ही खुलासा करने के निर्देश पुलिस को दिए।ललौली थाना क्षेत्र के दसवां मील के पास एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। शनिवार की सुबह जब मजदूर काम करने के लिए पहुंचे तो निर्माणाधीन मकान के टैंक में एक 20 वर्षीय युवती का शव नग्नावस्था में पड़ा देखकर सन्न रह गये। आस पास मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए पुलिस को सूचित किया।घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के आबू मोहम्मदपुर बांदा सागर मार्ग के गांव के पास राकेश कुमार गुप्ता के घर के सामने एक निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक में 24 वर्षीय युवती का नग्नावस्था में शव मिला है। अभी तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीण दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया है।

### संघ के पूर्व जिला प्रचारक ने घर–घर बांटे गाय के गोबर से बने दीये

हमीरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक एवं संस्कृति निधि योजना कानपुर विभाग के पूर्व प्रमुख गयादीन प्रजापति ने शनिवार को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घर–घर दीये बांटे। यह दीये गाय के गोबर से बनाए गए है जिन्हें लोगों ने हाथों हाथ लेते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए।

अयोध्या में राममंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हमीरपुर में भी लोगों में बड़ा उत्साह बढ़ गया है। जहां मंदिरों को चमकाया जा रहा है वहीं अब प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर–घर दीपोत्सव मनाने के लिए अब दीये आम लोगों को दिये जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रहे गयादीन प्रजापति ने शनिवार से हमीरपुर शहर में घर–घर गोबर से बने दीये बांटने शुरू कर दिए है।उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी पर घर–घर दीये जलाने का आवाहन किया। यह दीये जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, एसपी दीक्षा शर्मा, एसडीएम, सीएमओ समेत तमाम अधिकारियों को भी दीये दिए गए हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 81 शिकायतों में 5 का हुआ निस्तारण

## आयुक्त व डीआईजी ने तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील तरबगंज में आयुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 5 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा,चकरोड,नाली,अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तरबगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज,तहसीलदार,नायब तहसीलदार तरबगंज, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव,जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे,जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी,सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### श्री राम प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण पत्र को ठुकराने वालों की मति मारी गई : द ग्रेट खली

कानपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कर्ण की नगरी कान्हपुर इन दिनों राममय हो चुका है। रावतपुर स्थित रामलला मंदिर से शनिवार को निकाली गई सनातन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय रेसलर द ग्रेट खली पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र मिला है और जो उसे ठुकरा रहे है, उनकी मति मारी गई है। उनको मेरी यह सलाह है कि उन्हें समारोह में जरूर जाना चाहिए।भारतीय रेसलर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश एक साथ खड़ा है। उनके कहने पर लोग घरों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीयें जलाएंगे। उत्सव मनाएंगे। मैं भी अपने परिवार के साथ घर में दिए जलाऊंगा। दीपावली मनाऊंगा। इस दौरान द ग्रेट खली ने मंदिर में रामलला के दर्शन किए।रामलाल कमेटी और श्री राम सेवा मिशन द्वारा आयोजित रामलाल से सनातन यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में लोग सनातन यात्रा में शामिल हुए। खली को देखने के लिए भी लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। रामलाल में दर्शन करने के बाद ग्रेट खली यात्रा में शामिल हुए।

# स्वच्छता अभियान पर छात्राओं ने बनाए आकर्षक पोस्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज में शनिवार को कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या द्विवेदी और डा. प्रिया सिंह के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की थीम 'स्वच्छता अभियान' रही।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रेवती देवी इंटर कॉलेज की डॉ सोनम सेठ और पूर्व स्वीप ब्रांड एंबेसडर डा कल्पना राजौरिया उपस्थित रही। मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गान प्रस्तुत करके उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाते हुए छात्राओं ने प्रांगण, कार्यलय, बगीचों आदि की सफाई की। स्वच्छता अभियान पर छात्राओं ने रंग-बिरंगे आकर्षक पोस्टर भी बनाए।

मुख्य अतिथि डॉ सोनम सेठ ने छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन पर जागरूक करते हुए विद्यार्थी जीवन में अपने कुछ महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निर्धारित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रयासों के माध्यम से ही आप एक विशेष स्थान पर स्वयं को पहुंचाने में सक्षम होंगे और तभी आपका छात्र जीवन सफल होगा। स्वयंसेवक श्रृष्टि जैन द्वारा सभी छात्राओं को एनएसएस परेड सिखाई गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। इसके पश्चात स्वीप जिला ब्रांड एंबेसडर डॉ संध्या द्विवेदी और कल्पना राजौरिया, मुख्य अतिथि डॉ सोनम सेठ की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता विषय पर छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर जैन मंदिर तक रैली निकालते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार द्वारा नगर निगम जेडएसओ को पॉलीथीन उन्मूलन हेतु निरंतर प्रयासों से संकलित प्लास्टिक जमा करने हेतु सफल प्रयास किया गया। शिविर में लगभग 150 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नगर पालिका में चल रहा नोटिस का खेल,हर महीने लाखों की अवैध वसूली

## नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अवैध निर्माणों को लेकर कैनविज टाइम्स की पड़ताल

## जेई और अमीन से मिलकर लोगो ने नजूल की जमीन पर नोटिस के बावजूद भी खड़ी कर दी अवैध इमारतें




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर पालिका परिषद गोंडा में नोटिस का खेल चल रहा है।इसकी आड़ में चौतरफा अवैध निर्माण हो रहे हैं और नजूल विभाग के जेई से लेकर अमीन तक अपनी जेबें भर रहे है।नजूल विभाग माल कमाऊ विभाग बन चुका है।इसी वजह से

### नगर पालिका परिषद की भ्रष्ट व्यवस्था में कमाऊपूत बने जेई और नजूल अमीन

नजूल विभाग में जो एक बार आ गया फिर वो हटना नहीं चाहता है।नगर पालिका परिषद डॉक्टर बिष्ट की गली मालवीय नगर में अवैध निर्माणों की बाढ़ सी आ गई है।अमीन और इंजीनियर की मिलीभगत से नगर पालिका परिषद में नजूल की जमीन पर नोटिस पर नोटिस देकर ताबड़तोड़ कई अवैध निर्माण हो गए हैं।

मालवीय नगर में स्थित सिंधी किचन स्टोर के बगल वाली दुकान और उसी के ठीक पास में हुए नजूल की सम्पति पर अवैध निर्माण के मामले में भी बड़ा गोलमाल हुआ है।जिसमें भी पालिका परिषद के इन भ्रष्टों का नाम चर्चाओं में है यह कोई पहला मामला नहीं है मालवीय नगर में अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से दुकान का नगरपालिका परिषद निर्माण अनुमति के विपरित जब इसका अवैध निर्माण हो रहा था.तब एक शिकायत और खबर प्रकाशित हुई 20 नवंबर 2022 को हुई थी दूसरा मामला ठीक इसी के बगल का है जिसकी भी अवैध निर्माण की शिकायत दिनांक 20 नवंबर 2022 को की गई थी दोनों शिकायतों पर कई दिनों तक नगर पालिका परिषद नजूल में बैठे तीन-तीन बार नोटिस देने का खेल हुआ फिर जेई और नजूल के अमीन की अगुवाई के साथ मिल नोटिस से नोट कमाने का खेल हुआ है।फिर अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने अपनी दुकानें बनाकर खड़ी कर ली है।नगर पालिका परिषद गोंडा में नजूल की जमीन पर आज भी दर्जनों अवैध निर्माण हो रहे हैं।आधा सैकड़ों से ज्यादा अवैध मार्केट बन चुकी है या फिर बनकर तैयार हैं जिसे किराए पर लेकर लोगों ने व्यापार करना भी शुरू कर दिया है।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद भी गोंडा नगर पालिका परिषद में जिला प्रशासन अवैध निर्माणों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चला रहे हैं लेकिन वहीं उनके ही अधीनस्थ इस मंशा पर पानी फ़ेर रहे हैं।

मालवीय नगर में स्थित नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्से से अवैध निर्माण किया गया है,जिसकी लगातार शिकायत और खबर प्रकाशित होने पर भी ना तो अवैध निर्माण को सील किया गया और ना ही अवैध निर्माण को रोका गया और उसके इर्द-गिर्द हो रहे दर्जनों अवैध निर्माणों को पूरी से शह दे दी गई और वही इस अवैध निर्माण पर नोटिस जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई जबकि अमीन से लेकर जेई तक गलत ढंग से अपनी अपनी जेबें भरते रहें।सूत्र बता रहे है कि जेई और अमीन का एक फंडा है।नोटिस भेजते रहें खानापूर्ति होती रहे और अवैध निर्माण बनते रहें।भ्रष्टाचार के चलते अवैध निर्माणों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### जेई और अमीन से सवाल जवाब से बचते है अफसर

सूत्र बता रहे है कि जेई और अमीन सभी मिले हुए हैं इसलिए इनसे नगर पालिका परिषद के अफसर तक सीधे तौर पर सवाल जवाब करने से बचते है।सूत्र बता रहे है कि जेई और अमीन से जब जानकारी की गई तो उन्होंने दो टूक कहा कि जहां-जहां अवैध निर्माण की शिकायतें मिलती है वहां नगर पालिका परिषद से नोटिस काट दी जाती है।दर्जनों अवैध निर्माणों के जारी रहने और उनके सील न किए जाने के सवाल का जवाब देना उन्होंने बेहतर नहीं समझा।नगर पालिका परिषद के सूत्रों की माने तो जेई और अमीन के मनमाने रवैए को लेकर नजूल पर अवैध अतिक्रमण होते रहते हैं।

### यात्रियों से करें अच्छा व्यवहार, रहें सतर्क : अष्टभुजा प्रसाद

मीरजापुर। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह, माघ मेला व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अष्टभुजा प्रसाद सिंह ने जीआरपी मीरजापुर पर नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों के साथ शनिवार को बैठक की। सभी को सतर्क रह कर अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने व यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए।

जीआरपी मीरजापुर प्रभारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रेलवे स्टेशन पर नियुक्त अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों व जनपदीय पुलिस बल, डॉग स्क्वायड, बीडीडीएस टीम, आरपीएफ के साथ रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, पैसेंजर हाल, यात्री बाड़ा आदि स्थानों पर भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज अनुभाग के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# खटाई में पढ़ाई

बीते वर्ष की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष विचलित करने वाले हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 फीसदी किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। करीब आधे छात्र यदि भाग व गुणा जैसी सामान्य गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते तो यह हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। आखिर क्या वजह कि करीब 43 फीसदी छात्र अंग्रेजी के सामान्य वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं? बुधवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष निस्संदेह परेशान करने वाले हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? कालांतर जैसे-तैसे पढ़-लिखकर ये छात्र बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने के अलावा और क्या कर सकते हैं? पहली बार देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में किशोरों का सर्वेक्षण किया गया। बच्चों की गणित व अंग्रेजी की स्थिति देखकर साफ है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। दरअसल, एएसईआर के इस सर्वेक्षण में 14 से 18 वर्ष के 34,745 छात्रों को शामिल किया गया था। बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों तथा शेष राज्यों के एक-एक ग्रामीण जिले को सर्वेक्षण में शामिल किया गया । हालांकि, अच्छी बात यह है कि 14 से 18 वर्ष के करीब 87 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। लेकिन उनमें से अधिकांश बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेजी ज्ञान में बुनियादी कौशल का प्रदर्शन नहीं करते हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल नब्बे फीसदी बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उन्हें यह चलाना बखूबी आता है। सबसे परेशान करने वाला सवाल यह है कि क्यों 25 फीसदी छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दो का पाठ भी धाराप्रवाह रूप से नहीं पढ़ सके। वैसे गणित व अंग्रेजी में परिस्थितिजन्य व पारिवारिक माहौल के चलते कमजोरी की बात तो समझ में आती है। दरअसल, अकसर बच्चे गणित को एक नीरस विषय के रूप में लेते हैं, जबकि आजकल बिना गणित के जीवन का अर्थशास्त्र चलाना बेहद मुश्किल है। सर्वे का एक पक्ष यह भी कि लड़कियों का क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह पाठ पढ़ने का प्रतिशत 76 रहा, जबकि किशोरों में यह प्रतिशत 71 था। जबकि गणित व अंग्रेजी में किशोरों का प्रदर्शन किशोरियों से बेहतर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इनकी भागेदारी महज 5.6 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में हरियाणा के सिरसा, पंजाब के एसएएस नगर, जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा, राजस्थान में भीलवाड़ा और उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल शामिल थे। दरअसल, इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। सामान्यतरू ग्रामीण इलाकों में अधिकांश बच्चे कमजोर वर्ग या खेती-किसानी से जुड़े परिवारों से आते हैं। अंग्रेजी का कमजोर होना तो समझ में आता है, लेकिन क्षेत्रीय भाषा पठन में फिसड्डी होना चौंकाता है। यह निष्कर्ष सरकारी शिक्षकों की शिक्षण शैली और सीखने की प्रक्रिया में रुचि बढ़ाने की कोशिशों पर भी सवाल उठाता है। समय के साथ-साथ कहीं न कहीं शिक्षकों का वह रुतबा भी कम हुआ है जो छात्रों को सख्त अनुशासन के दायरे में लाता था। शिक्षकों की नियुक्ति के तौर-तरीके, राजनीतिक हस्तक्षेप से होने वाली नियुक्तियां तथा जवाबदेही जैसे सवाल भी सामयिक हैं। एक बड़ा संकट किशोरों के पास स्मार्टफोन का होना और बच्चों को उसकी लत का होना भी है। विडंबना देखिये कि पचास फीसदी से अधिक किशोर-किशोरी गणित की सामान्य जोड़-घटाव की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते हैं, लेकिन स्मार्टफोन की जटिल प्रक्रिया के संचालन में पारंगत हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जाएगी कि मोबाइल की लत नई पीढ़ी के बच्चों की वह एकाग्रता भंग कर रही है जो उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिये चाहिए। आने वाले समय में मोबाइल के अधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव भी नजर आएंगे। खासकर आंखों व गर्दन से जुड़े शारीरिक विकार सामने आएंगे। यही वजह है कि जागरूक अभिभावक बच्चों को स्कूल व एक उम्र तक घर में स्मार्टफोन देने को घातक मानते रहे हैं।

# हिन्दुत्व की स्थापना और शुक्रिया मोदी भाईजान!

**अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण से आज भारत के मुस्लिम समाज का एक बड़ा वर्ग भी बहुत खुश है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से एक सर्वे कराया गया है जिसमें दावा किया गया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह से 74 प्रतिशत मुस्लिम खुश हैं। सथा ही 70 प्रतिशत मुसलमानों को मोदी सरकार पर विश्वास है।वहीं 72 प्रतिशत मुसलमानों ने माना है कि विपक्ष के पास कोई मुददा नहीं है, 70 प्रतिशत मुसलमान मान रहे हैं कि भारत विश्व शक्ति बनकर उभरा है।सर्वे में 74 प्रतिशत मुसलमानों ने ने अपनी राय मंदिर और 72 प्रतिशत मुसलमानों ने मोदी सरकार के पक्ष में अपनी राय दी है। इस सर्वे के लिए एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, हिमांचल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, बेंगलुरू, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बंगाल, बिहार, झारखंड, असम और पूर्वेत्तर के मुसलमानों की राय ली गई है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व व उनकी विकासपरक गारंटियों के कारण हिंदू व मुस्लिम समाज में सामाजिक समरसता का वातावरण बना है जिसे अब अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा ने शुक्रिया मोदी भाईजान सम्मेलनों की शुरूआत कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी लक्ष्य को साधने के लिए 96 प्रतिशत मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप से अपने अभियान का श्रीगणेश कर सभी को चौंका दिया, अब उनका यह अभियान लगातार गति पकड़ कर रहा है। संपूर्ण भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व को राममय बनाने के बाद भाजपा का यह अभियान प्रारम्भ हुआ है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुस्लिम महिलाओं को लेकर शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान प्रारम्भ किया है जिसके अंतर्गत पार्टी ने न दूरी है न खाई है मोदी हमारा भाई है का नारा दिया है।**

500 वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर दिव्य एवं भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही उसके गर्भगृह में प्रभु श्रीरामललाकी प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर भी अब आ पहुँचा है। संपूर्ण विश्व में सनातनी आनंद सागर में गोते लगा रहे हैं और 22 जनवरी को भव्य दीपावली मनाने के लिए एकरस हो रहे हैं। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रति उत्साह चरम पर है और बाजारों में उसी प्रकार खरीदारी हो रही है जिस प्रकार पंच दिवसीय पर्व दीपावली पर होती है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अपना 11 दिन का कठिन व्रत, अनुष्ठान प्रारंभ किया है और गीत- संगीत में रुचि रखने वाले कलाकारों को राम भजन गाने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ उनके भजन भी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किए हैं पूरा वातावरण राममय हो गया है। धर्म जाति भाषा से परे रामभक्ति भाव में डूबे कलाकार रामधुन गाकर समाजिक समरसता का अद्भत वातावरण बना रहे हैं। श्रीनगर की मुस्लिम बेटी के रामधुन गाने से लेकर तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं द्वारा दीवापली मनाने की तैयारियों से देश के छद्म धर्मनिरपेक्ष घबरा गये हैं और विघ्नसंतोषी बनकर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण से आज भारत के मुस्लिम समाज का एक बड़ा वर्ग भी बहुत खुश है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से एक सर्वे कराया गया है जिसमें दावा किया गया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह से 74 प्रतिशत मुस्लिम खुश हैं। सथा ही 70 प्रतिशत मुसलमानों को मोदी सरकार पर विश्वास है।वहीं 72 प्रतिशत मुसलमानों ने माना है कि विपक्ष के पास कोई मुददा नहीं है, 70 प्रतिशत मुसलमान मान रहे हैं कि भारत विश्व शक्ति बनकर उभरा है।सर्वे में 74 प्रतिशत मुसलमानों ने ने अपनी राय मंदिर और 72 प्रतिशत मुसलमानों ने मोदी सरकार के पक्ष में अपनी राय दी है। इस सर्वे के लिए एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, हिमांचल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, बेंगलुरू, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बंगाल, बिहार, झारखंड, असम और पूर्वेत्तर के मुसलमानों की राय ली गई है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व व उनकी विकासपरक गारंटियों के कारण हिंदू व मुस्लिम समाज में सामाजिक समरसता का वातावरण बना है जिसे अब अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा ने शुक्रिया मोदी भाईजान सम्मेलनों की शुरूआत कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी लक्ष्य को साधने के लिए 96 प्रतिशत मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप से अपने अभियान का श्रीगणेश कर सभी को चौंका दिया, अब उनका यह अभियान लगातार गति पकड़ कर रहा है। संपूर्ण भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व को राममय बनाने के बाद भाजपा का यह अभियान प्रारम्भ हुआ है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुस्लिम महिलाओं को लेकर शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान प्रारम्भ किया है जिसके अंतर्गत पार्टी ने न दूरी है न खाई है मोदी हमारा भाई है का नारा दिया है। भाजपा का यह अभियान सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के आसपास ही नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी कई अवसरों पर पसमांदा मुस्लिमों की बात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भाजपा का ध्यान मुस्लिम पसमांदा उत्थान और अल्पसंख्यकों के लिए कौशल विकास योजना जैसी कई योजनाओं पर भी है।मुसलमानों के प्रति भाजपा की रणनीति एकदम स्पष्ट हो चुकी है कि धर्म से ऊपर उठकर लाभार्थी दृष्टिकोण से पसमांदा समाज को भाजपा से जोड़ना है। भाजपा ने 2022 में ही पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए एक अलग विंग का गठन कर दिया था।अब भाजपा मुद्रा योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर भी रणनीति बना रही है। भाजपा इस समय मुस्लिम समाज को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मुस्लिमों से संवाद बढ़ाने के लिए मस्जिद -मंदिर संवाद से लेकर सूफी संवाद तक कई अभियान चला रही है और इन्हें आगे बढ़ाने की योजना भी है। सूफी संवाद उन जिलां में होगा जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 20 प्रतिशत है। भाजपा का शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम मुस्लिम महिलाओं के लिए किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जनसभाएं व सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें केवल तीन तलाक पीड़ित व कानून बन जाने के बाद लाभार्थी मुस्लिम महिलाओं की भागीदारी होगी। इसमें विभिन्न योजनाओं में लाभार्थी मुस्लिम महिलाओं को भी जोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित जनसभा में पूर्व केंदीय मंत्री शहनवाज हुसैन ने मुस्लिम महिलाओं की एक बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि खुदा से डरने वाली कौम को सपा, बसपा व कांग्रेस आदि की दुकानें बंद कर देनी चाहिए।उन्होंने मुस्लिम समुदाय से जोरदार अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा को समर्थन देकर भाजपा का डर दिखाने वाले सभी दलों की दुकानें बंद करायें। यह सर्वविदित तथ्य है कि मोदी सरकार की अनेकोक योजनाओं से मुस्लिम समाज की महिलाओं को सीधा लाभ पहुंच रहा है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि तीन तलाक कानून के डर से अब तीन तलाक केस बहुत हद तक कम हो गये हैं। विगत वर्ष अल्पसंख्यकों को 7000 करोड़ से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है।मुस्लिम समाज को ओडीओपी , स्वनिधि योजना, आवास योजना व होमलोन आदि से जबर्दस्त लाभ मिल रहा है।सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण आज कई गरीब मुस्लिम परिवार भी अमीरी रेखा के दायरे में आ गये हैं। मोदी सरकार में मुस्लिम समाज के उत्थान के कारण ही आज जब राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है उस समय भी मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त रहने वाले सभी नेता व दल मस्जिदों की सुरक्षा के नाम पर मुस्लिम युवाओं को भड़काने में लगे हैं कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किसी भी प्रकार से माहौल खराब किया जाये और विध्न डाला जाये। मुस्लिमों के बीच भाजपा ने 25 हजार मोदी मित्र बनाये हैं। ये मोदी मित्र समाज में विविध आयोजनों के माध्यम से भाजपा के प्रति मुस्लिम समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। केरल जैसे राज्यों में स्नेह मिलन यात्राएं निकाली जा रही हैं और घर- घर जाकर अल्पसंख्यक समाज से संपर्क साधा जा रहा है जिसके कारण भाजपा और अल्पसंख्यकों के मध्य दूरी कुछ कम जरूर हुई है।केरल में कई पादरी और ईसाई परिवार तथा मुस्लिम समाज के लोग भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। अब भाजपा अपने सभी कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समाज के लाभार्थियों से बात कर रही है और कल्याणाकारी योजनाओं से अन्य परिवारों को जोड़ भी रही है। मोदी सरकार के मुस्लिम देशों से अच्छे सम्बन्ध भी मुसलमानों को मोदी के प्रति आश्वस्त करते हैं। इसका उदाहरण पहले कतर में देखने को मिला जहां 8 भारतीयों की मौत की सजा रोक दी गयी है। वहीं अभी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और विदेश राज्य मंत्री व मुरलीधरन ने सऊदी अरब की यात्रा की जहाँ स्मृति ईरानी ने परम्परागत भारतीय वेशभूषा में मदीना का दौरा कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उनकी यात्रा से भारत के अंदर के मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति करने वाले वामपंथी मीडिया व नेताओं का सिर चकरा गया क्योंकि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई भारतीय हिंदू महिला साड़ी पहनकर मदीना की यात्रा कर सकती है और फिर पैगम्बर की मस्जिद, अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और क्यूबा मस्जिद आदि का दौरा कर सकती है। स्मृति ईरानी ने यात्रा के बाद बताया कि उन्होंने सऊदी अधिकारियों से इन स्थलों की यात्रा का महत्व ,प्रारंभिक इस्लामी इतिहास से जुड़ा हुआ है जो हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव की गहराई को दिखाता है।भारत सरकार हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधाएं और सेवाएं देने के अपने वादे पर कायम है। इस दौर में भारत और सऊदी अरब के बीच हज यात्रा 2024 के लिए एक ऐतिहासिक समझौता भी हुआ जिसमें भारत के लिए 1,75,025 तीर्थयात्रियों का कोटा तय किया गया है।कई अन्य महतवपूर्ण प्रावधान भी किये गये हैं।भारत सरकार हज यात्रियां व सऊदी यात्रा पर जाने वाले लोगां के लिए कई सुविधाएं बढ़ाने पर विचार कर रही है। स्वाभाविक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले दाले के नेताओं को स्मृति ईरानी की यात्रा की सकारात्मक बात तो समझ में नहीं आई किंतु वे उनकी साड़ी पर टिपण्णी करते अवश्य देखे गए। **–मृत्युंजय दीक्षित**

# प्रभु श्रीराम ने जब मुझे अयोध्या बुलाया...

**डॉ. राजीव बिन्दल**

जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा देश गुंजायमान था। हर समय कानों में ध्वनि सुनाई देती थी- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन और विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में देशव्यापी आंदोलन चल रहा था। शिला पूजन, शिला यात्राओं के कार्यक्रम हो चुके थे और अब कारसेवकों के जाने का समय आ गया। देशभर से कारसेवकों के जत्थे निकलने लगे थे। मेरे बड़े भाई डॉ. राम कुमार बिंदल विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश पदाधिकारी एवं राम जन्म भूमि आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे। एक बहुत विशाल जत्था लेकर वह सोलन से पहले चरण में निकल गए और उनके मार्गदर्शन में पीछे से और जत्थे निकलने लगे। मैं हिमगिरी कल्याण आश्रम सोलन का सेवा कार्य देखता था। साथ ही अपना क्लीनिक भी चलाता था। श्रीराम जी का आदेश हुआ, फिर क्या था। 32 रामभक्तों का जत्था बनाया, पिट्ठू पीठ पर लादकर बढ़ चले प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश नवाने। सोलन और राजगढ़ से अयोध्या जाने के लिए 32 लोग तैयार हुए। शिमला-कालका राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर धर्मपुर के पास पुराने शिव मंदिर के पास सभी एकत्रित हुए, जहां पर पूरा प्रशिक्षण लिया गया। डॉ. राम कुमार बिंदल, जो यात्रा के लिए पहले ही निकल चुके थे, उनके द्वारा बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें भेजी गई थीं। तदानुसार 32 कारसेवकों का ग्रुप लीडर मुझे बनाया गया व चंद्र मोहन ठाकुर राजगढ़ वालों को सह-लीडर नियुक्त किया गया। हमने 16-16 कारसेवकों की जिम्मेवारी ले ली व पुनः उन्हें 4-4 के 8 ग्रुपों में विभाजित कर दिया। यह संकल्प लिया कि अयोध्या पहुंचना है। यदि पुलिस किसी को पकड़े तो चार का ग्रुप एक साथ जाएगा, शेष अपने को बचा कर रखेंगे। हम 30 लोग प्रभु श्री राम की कृपा से ट्रेनें बदलते हुए लखनऊ तक निर्बाध पहुंच गए। हम स्टेशन पर उतरें तो उतरें कैसे, चप्पे-चप्पे पर पुलिस थी। सब ओर कर्फ्यू लगा हुआ था। हम हिमाचल प्रदेश के लोग पिट्ठी और थैलों के साथ अलग ही पहचाने जा रहे थे। पूरी योजना से चार-चार का ग्रुप पुलिस की निगाहों से बचते-बचते स्टेशन के बाहर निकला, क्योंकि लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें बंद कर दी गई थीं। बाहर निकलते ही अहसास हुआ कि कोई बस गाड़ी नहीं है, कर्फ्यू है। छोट सा जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद हम एक राम भक्त के सहयोग से एक मंदिर में पहुंचे। मंदिर में 500 से अधिक कारसेवक ठहरे थे। यहां पता लगा कि मुलायम सिंह ने पूरी व्यवस्था की है कि परिंदा भी पर न मार सके। लाखों कारसेवकों को सरयू नदी के उस पार रोके रखा गया था। एक संत ने बताया कि यहां से पैदल 200 किलोमीटर से ज्यादा चलना होगा, तभी पहुंच पाएंगे। फिर क्या था, जय श्रीराम का उद्घोष हुआ। पुनः 4-4 के ग्रुप बनाए व 16-16 के 5 ग्रुप बनाए गए और उस संत के पीछे पैदल चल पड़े। 7-8 घंटा निरंतर चलने के बाद कुछ कारसेवकों की हिम्मत जैसे टूटने लगी थी। पैरों में छाले पड़ने लगे, परंतु श्रीराम के नाम की महिमा अपरम्पार थी। तभी एक ट्रेन की आवाज आई, यह मालगाड़ी थी। हम ड्राइवर की मर्जी के खिलाफ डिब्बों पर चढ़ गए। किन्तु ट्रेन ने हमें आगे जंगल में किसी अनजान जगह पर उतार दिया। इसके बाद अनेक दुश्वारियों का सामना करते हुए हम अयोध्या पहुंच पाए थे। यहां पहुंचकर मालूम पड़ा कि पिछले दिन 30 नवम्बर 1990 को एक लाख कारसेवकों ने श्रीराम जन्म स्थल की ओर कूच किया था। हजारों कारसेवक नाके तोड़कर परिसर में दाखिल हो गए। चंद कारसेवक गुंबद पर चढ़ गए व भगवा लहरा दिया। देखते ही देखते पैरा मिलिट्री ने उन्हें ढेर कर दिया। 30 नवम्बर की घटना के बाद एक दिसम्बर को पुनः दो लाख कारसेवक बड़ी छावनी में एकत्र हो गए, हम भी उनमें शामिल थे और दोबारा बाबरी ढांचा तोडने के लिए कूच करने का निर्णय हुआ। चार जत्थे 50-50 हजार कारसेवकों के बनाये गए। चारों तरफ से मार्च शुरू हुआ। अभी 500 मीटर दूर ही निकले थे कि मिलिट्री, पैरा मिलिट्री व पुलिस ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। रामभक्तों पर गोलियां बरसी, आंसू गैस, लाठियों का कोई अंत नहीं था। कितने बलिदान हुए, इसका हिसाब आज तक नहीं लगा। उन गोलियों की बौछारों में मैं बच गया और पुलिस ने सामान की तरह उठा कर मुझे ट्रक में फेंक दिया, जिस कारण आज मैं जीवित हूं। बाद में हम लोगों को जेल की बैरक में भेज दिया गया।

## सेहत मंत्र

# धरती की संजीवनी है गेहूं के जवारे

इस बात से तो हम सभी वाकिफ है कि सेहतमंद शरीर के लिए अनेक तरह के पौष्टिक फल, फूल और अन्य आहारों का सेवन करना काफी जरूरी है। चिकित्सकों के अनुसार गेहूं के जवारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसे पृथ्वी की संजीवनी भी कहा जाता है, जो व्यक्ति को एक तरह का नया जीवनदान दे सकते हैं। इसके उपयोग से आंतों की सूजन, रक्त की कमी, अल्सर, उच्च रक्तचाप, दांत संबंधी समस्या, सर्दी, चर्म रोग, अस्थमा,पाचन संबंधी रोग, किडनी, कैंसर समेत कई अन्य समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। गेहूं के जवारे का वनस्पतिक नाम ट्रिटकम वेस्टिकम है। इसे गेहूं का जवारा या घास कहना सही नहीं है, क्योंकि ये असल में अंकुरित गेंहू होते हैं। जब गेहूं के बीजों को अच्छी उपजाऊ वाली जमीन या मीटी के बर्तन में खाद मिली हुई मिट्टी में बोया जाता है तो कुछ ही दिनों में ये अंकुरित होकर बढ़ने लगते हैं। ऐसे में इनमें पत्तियां निकली शुरू हो जाती हैं। इस दौरान जब ये अंकुर 5 से 6 पत्तों के हो जाते हैं तो अंकुरित बीज का वो भाग जवारा कलाता है। गेहूं के जवारे का रस का सेवन करने से शरीर को कई तरह से लाभ होते हैं। इसमें क्लोरोफिल मौजूद होता है, जो कई रोगों से लड़ने में मददगार साबित होता है। इसके अलावा इसमें अमाइनो एसिड्स, वसा, विटामिन, शर्करा, एंजाइम्स और खनिज मौजूद होते हैं। गेहूं के जवारे को काटने के बाद अच्छे से पहले धो लें। इसके बाद इसमें 1 गिलास के करीब पानी मिलाकर मिक्सी में पीस लें। आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें नमक, नींबू, शहद या अदरक का रस भी मिलाकर पी सकते हैं। आपको रोजाना इसी तरह इसका ताजा जूस बनाकर पीना है। ऐसा इसलिए क्योंकि तीन घंटे के अंदर इस जूस के पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। आप दिन में कभी भी जवारे के जूस का सेवनकर सकते हैं। हालांकि, अगर आप खाली पेट इसका सेवन करेंगे तो आपको ज्यादा लाभ हो सकता है। वहीं, अगर आप दिन में इसे कभी भी पीने का सोच रहे हैं तो इसे पीने से आधे घंटे पहले और बाद कुछ भी न खाए-पिए।

## धर्म मंत्र

# जब एक तपस्वी से हार गए थे महाबली हनुमान

एक बार एक बड़े तपस्वी थे जिनका नाम मच्छिंद्रनाथ था। एक बार वो रामेश्वरम आए। यहां राम जी द्वारा बनाया गया सेतु था जिसे देख वो भावविभोर हो उठे। यह देख वे प्रभु की भक्ति में लीन हो गए और समुद्र में स्नान करने लगे। वहां पर हनुमान जी वानर वेश में मौजूद थे। तभी उनकी नजर मच्छिंद्रनाथ पर पड़ी। उन्होंने सोचा कि क्यों न इनकी परीक्षा ली जाए। हनुमान जी की लीला से वहां जोरों की बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए हनुमान जी एक एक पहाड़ पर वार कर गुफा बनाने लगे। यह करने का उनका उद्देश्य यह भी था कि मच्छिंद्रनाथ का ध्यान टूटे और उन पर नजर पड़े। जैसा हनुमान जी ने सोचा था वही हुआ। मच्छिंद्रनाथ का ध्यान उनकी तरफ गया और हनुमान जी के वानर रूप से कहा कि तुम क्यों ऐसी मूर्खता कर रहे हो। प्यास लगने पर कुआं नहीं खोदा जाता। क्या पहले तुम अपने घर का इंतजाम नहीं कर पाए थे। यह सुन हनुमान जी ने कहा कि आप कौन हैं। मच्छिंद्रनाथ ने कहा कि वो एक सिद्ध योगी हैं और उन्हें मंत्र शक्ति प्राप्त है। हनुमान जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम और महाबली हनुमान से श्रेष्ठ योद्धा संसार में और कोई नहीं। मैंने भी उनकी सेवा कि है तो उन्होंने प्रसन्न होकर अपनी शक्ति का एक प्रतिशत हिस्सा मुझे दे दिया है। अगर आप सिद्ध योगी हैं तो मुझे हराकर दिखाएं। अगर आपने ऐसा कर दिया तो ही मैं आपके तपोबल को सार्थक मानूंगा। यह सुन मच्छिंद्रनाथ ने वानर की चुनौती स्वीकार कर ली।

## पर्यटन



# ऊर्ज़ा और शक्ति का स्रोत सूर्य देश में हैं अनेक सूर्य मंदिर

सूर्य को ऊर्ज़ा एवं शक्ति का स्त्रोत माना गया है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। पौराणिक वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के तौर पर किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्ज़ा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता यह भी है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्क सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।

# विकास के मुद्दे पर बीजेपी सरकार हुई नाकाम, पीट रही है फर्जी राष्ट्रवाद का ढिंढोरा: सुरेश यादव

## विकासखंड देवां के ग्राम रड़हुआ में आयोजित हुआ खिचड़ी भोज व कंबल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सदर विधानसभा के विकास खण्ड देवां के ग्राम रडहुआ खिजडी भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए कार्यक्रम के आयोजक शिवदेवी,हसीना बानो ने किया इस कड़कड़ाती ठंड में लाचार,असहाय और सैकडो गरीब बुजुर्ग महिलाओ को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण करते हुऐ माननीय सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव जी सदर विधायक के द्वारा निर्धन, जरूरतमंद असहाय सैकडो गरीबों के बीच कंबल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया।और उन्होने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे।
मानव जीवन यही सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा करते हैं, वे इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन का सच्चा अर्थ गरीब व जरूरतमंद को मदद करना है। समाज में आपसी भाईचारा के लिये समाज के अग्रणी व प्रतिष्ठित लोगों को सदैव आगे रहना चाहिये।
विधायक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू कराई थी, कन्या विद्या धन की शुरुआत की थी। मौजूदा भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करती है और जनता को धोखा देती है।और योगी सरकार के शासन में प्रदेश का युवा किसान मजदूर आत्महत्या करने पर विवश है गरीब परेशान है नौजवान बेरोजगारी की दंश झेल रहा है जंगलराज में उत्तर प्रदेश तब्दील हो चुका है महिलाए सुरक्षित नहीं है गोवंश के रक्षक गौ माता के हत्यारे बन बैठे हैं विधायक ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है बीजेपी सरकार जब विकास और मुद्दे को लेकर नाकाम हो जाती है तो फर्जी राष्ट्रवाद का ढिंढोरा पीटने लगती है आज भी विपक्ष अगर आवाज उठाता है तो देशद्रोही करार दिया जाता है किसान अगर सरकार मनमानी को लेकर अपनी समस्याओ के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं तो उन्हें उपद्रवी व मावली करार कर दिया जाता है राष्ट्रवाद के नाम पर पूंजीवाद हावी किया जाता है लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को सत्ता की साजिश के तहत बंधुआ गुलाम की तरह काम करने को मजबूर किया जा रहा है ताकि राष्ट्रवाद का चोला ओढ़कर सरकार प्रजातंत्र को निगल कर अब पूंजीवाद को स्थापित करना चाहती है धर्म के नाम पर समाज में नफरत फैलाई जा रही
इस अवसर पर हुमाँयु नईम खान, संदीप प्रजापति, विधानसभाध्यक्ष विनय यादव, विश्राम प्रधान, बाबुल मिश्रा, पूर्व प्रधान राकेश यादव, राम राज यादव बी डी सी, शुशील यादव , राम तेज यादव, पूर्व प्रधान बाबूराम रावत, सर्वजीत यादव, नौमिलाल गौतम, छोटटन, विपिन यादव, हरिनाम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# लक्ष्य पर एकाग्र होना सफ़लता का मूल मंत्र: जटाशंकर मिश्रा

## समाजसेवी विवेकानंद शुक्ला ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी रामायण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी ।पढ़ाई के साथ-साथ फिटनेस भी जरूरी है ।जब हम अपना ध्यान रखेंगे , तभी स्वास्थ्य सही रहेगा और पढ़ाई कर सकेंगे ।
यह बात शनिवार को सौरभ शिक्षा सदन देवीगंज में आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने कही छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई जितनी जरूरी है उतनी ही जरूरी आपकी सेहत भी है ।जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी पढ़ाई में मन लगेगा ।यदि हम किसी भी प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी नही कर रहे हैं तो हमारा शरीर कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो सकता है ।उन्होंने आगे कहा कि आपकी परीक्षाएं आने वाली हैं इसलिए आप सभी अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें ।क्षेत्राधिकारी ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जापान गई छात्रा हिमांशी तिवारी को सम्मानित किया ।समारोह में क्षेत्रीय पत्रकारों को भी अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया ।विद्यालय प्रशासन द्वारा क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र बीईओ बनीकोडर चंद्रशेखर यादव और इंस्पेक्टर असंद्रा संतोष कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर जगदीश शुक्ल रमेश चंद्र शुक्ल पत्रकार संतोष शुक्ल, श्रीकांत तिवारी, नीरज शुक्ल शेरबहादुर और विवेकानंद शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे ।

# अज्ञात कारणों से फांसी पर झूला युवक, मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पीएम के लिए भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। शनिवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम साहबपुर मे एक 25 वर्षीय युवक ने अपने दो मंजिला मकान पर बने कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक शराबी प्रवृति का बताया जा रहा है सूचना पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
एक पखवाड़ा पूर्व पत्नी के मायके जाने के बाद मृतक राजू गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद अपनी माता सुगरा देवी के साथ पर था शनिवार की दोपहर नशे मे आया राजू अपनी माता से यह कहकर गया की ठंडक ज्यादा है हम अपने कमरे मे सोने जा रहे हैं और राजू अपने कमरे मे चला गया थोड़ी देर बाद राजू की मा जब दूसरी मंजिल पर गयी और कमरा अंदर से बंद देख आवाज दी लेकिन कोई जवाब न मिलने पर आस पास के लोगो को सूचना दी तो लोगो ने देखा राजू कमरे मे लगे छत के हुक मे लटक रहा है। नवजवान पुत्र के लटकते शव को देख घर मे कोहराम मच गया ग्रामीणों की सूचना पर् पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
( एक पखवाड़ा पूर्व पत्नी गयी थी मायके )
मृतक राजू गौतम की पत्नी ममता देवी एक पखवाड़ा पूर्व अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ अपने मायके लखनऊ स्थित कांशीराम कालोनी गयी थी पति की मृत्यु की सूचना पर घर आयी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है कभी अपने पति एव कभी अपने दूधमुहें पुत्र को देख रो रही है। वही बुढ़ापे मे सहारे की आस लगाए मा सुगरा देवी पुत्र की मृत्यु से बेसुध है।

# हमारी जागरूकता से भी पूरा होगा स्वच्छ भारत मिशन का सपना : शीलू अवस्थी

हैदरगढ़ बाराबंकी । स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी है इसके लिए हम सभी को जागरुक होना पड़ेगा उक्त बात अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी ने नगर में स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कहीं । उन्होंने नगर की सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया साथ ही नगर के लोगो को जागरूक भी किया । गौरतलब है कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत टिकैतनगर शीलू अवस्थी ने नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया बही नगर के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा की आप लोग डोर टू डोर जाकर कूड़ा हटाए और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखे । उन्होंने नगर के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमें औरों से बेहतर बनती है इसके प्रति हमें गंभीर रहना चाहिए क्योंकि जब हम स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारीयों का निर्वाहन करेगे तभी स्वच्छ भारत मिशन का सपना पूरा हो पाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे जेलर आलोक कुमार शुक्ला, मिलेगा विशिष्ट सेवा पदक

**इससे पहले श्री आलोक को राष्ट्रपति से भी मिल चुका है सम्मान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कारागार विभाग को उत्कर्ष सेवा देने वाले जिला कारागार बाराबंकी में तैनात मुख्य कारपाल श्री कुमार आलोक शुक्ला को गणतंत्र दिवस के अवसर पर महामहिम राज्यपाल जी द्वारा विशिष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा । यह मौका बाराबंकी जनपद के लिए गौरव से काम नहीं होगा । गौरतलब है कि मूलतः जनपद सुल्तानपुर के रहने वाले श्री आलोक कुमार शुक्ला वर्ष 1997 में डिप्टी जेलर के रूप में जेल विभाग पदभार ग्रहण किया इससे पूर्व वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर आगरा कानपुर उन्नाव फतेहपुर जनपद में अपनी सेवाएं दे चुके हैं इनके उत्कर्ष कार्यों को लेकर वर्ष 2001 में राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है आगामी गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल द्वारा श्री शुक्ला को विशिष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया जाएगा ।
आलोक शुक्ला वर्तमान में जिला कारागार बाराबंकी कार्यपाल के पद पर तैनात है ,मुख्य सचिव श्री राजेश कुमार सिंह ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी । बताते चलें कि आलोक शुक्ला जेल में बन्दियों के साथ बेहतर व्यवहार करने के साथ-साथ उनके अंदर की प्रतिभा को अवसर देने के साथ स्किल को बेहतर करने के प्रयास में काम करते है ताकि बंदी जेल से रिहा होने के बाद जरायन की दुनिया से दूर , मान सम्मान की जिंदगी जी सके । उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा मैं अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करता हू हर किसी को अपने कार्यों के प्रति गंभीर रहना चाहिए ।

# वन विभाग रामसनेही घाट के घोटाले ने पकड़ा तूल डीएम से शिकायत

रामसनेहीघाट बाराबंकी।शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील रामसनेहीघाट मे भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुटके जिला अध्यक्ष मायाराम यादव ने जिला अधिकारी महोदय व के समक्ष दो शिकायतें रखी जिसमें वन ब्लॉक लकड़िया में आशिक वृक्षारोपण कर निराई गुड़ाई सिंचाई व रखवाली के नाम पर कई लाख रुपए की निकासी की गई शिकायत में वन दरोगा मोहम्मद आसिफ द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण किया गया तथा रामसनेहीघाट रेंज में कई बनब्लॉकों में बोरिंग ना कराकर फर्जी भुगतान कराया गया तथा आर्यावर्त बैंक शाखा दरियाबाद में सीता पति-पत्नी राम लखन के खाता संख्या पर पति की मृत्यु के बाद बीमा क्लेम मंगवाकर तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा एक ही खाते से दो लोगों को पैसा निकाला गया और धरना प्रदर्शन के दौरान 28/8 /2020कोशाखा प्रबंधक द्वारा स्वयं लिखकर के दिया गया था की 25 दिवस के अंदर भुगतान कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी लेकिन अब तक कोई कार्यवाही ना की गई। जांच करवा कर झूठी रिपोर्ट लगाने वाले बन दरोगा व तत्कालीन शाखा प्रबंधक तथा अन्य दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई।

# निकलेगी शौर्य रथ यात्रा, सुंदरकांड पाठ के साथ होगा भंडारा

रामसनेहीघाट बाराबंकी। भारत के गरिमा, श्रद्धा,भाव के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर में सोमवार को वर्षों बाद भगवान अपने सदन में पुनः विराजेंगे जिसको लेकर हर जगह हर्षोल्लास का माहौल है तो वही दीपावली जैसी तैयारियां चरम पर पर पूरा माहौल राममय है, उसी के चलते रामसनेही घाट के बाबा मस्तान आश्रम इमलिहा सूपामऊ के प्रांगण में रामभक्तो द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं।
इमलिहा निवासी व ओंकार ज्वैलर्स गहना शोरूम के अधिष्ठाता ओंकार पाल बताते हैं कि वर्षों के बाद सोमवार श्रीराम अपने घर विराजमान हो रहे हैं इसलिए सोमवार की सुबह श्रीरामचंद्र शौर्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जो कि मस्तान आश्रम से शुरू होकर जागेश्वर महादेव धाम बेलिया, बालाजी धाम खुशेहटी, शिव मंदिर देवीगंज श्री सुंदरदास आश्रम टिकरा बाजार,से पुनः बाबा मस्तान आश्रम वापस आएगी जहां पर भक्तों द्वारा सुंदरकांड के बाद भव्य भंडारे का आयोजन होगा शाम को दीपोत्सव के साथ मंदिर आंदोलन में बलिदानियों को सुखद श्रद्धांजलि दी जाएगी, उक्त समस्त कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह प्रधान किठैया, सनातनी फूलचंद आचार्य, राजेश तिवारी, इंजीनियर अखिलेश कुमार ,युवा भाजपा नेता सतीश रावत, व्यापारी सुरेन्द्र पाल आदि ने पूरे हिंदू व सनातनधर्मी जन-मानस से अपील करते हुए कहा कि राम हर जन-मानस के हैं सदियों बाद लाखों हिंदुओं के बलिदान के बाद अवसर प्राप्त हुआ है, हम सौभाग्यशाली है जो राममंदिर निर्माण व प्रतिष्ठा देख रहे हैं, सभी सनातनी दीपोत्सव जरूर मनाएं।

# 500 साल बाद जब भगवान आ रहे हैं तो...', बच्चों के साथ मां लखनऊ से पैदल जा रही अयोध्या

बाराबंकी। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक है. 22 जनवरी को लेकर राम भक्तों में गजब का उत्साह है। श्रद्धालु अलग-अलग तरीके से राम नगरी पहुंचकर अपने भाव को प्रकट कर रहे हैं. इसी क्रम में एक शख्स कड़ाके की ठंड में साइकिल से अयोध्या के लिए निकल पड़े हैं.
मोटरसाइकिल को रथ बना के सौ या दो सौ किलोमीटर की यात्रा नहीं बल्कि पूरे 1800 किमी का सफर तय करेंगे. लेकिन वही दूसरी तरफ लखनऊ की रामभक्त नीलम यादव पैदल अयोध?या के लिए निकल पड़ी हैं।शनिवार को वे लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर पहुंची उन्होंने कहा कि मैं अपने 4 बच्चों के साथ अयोध्या जा रही हूं और हम सब पैदल ही चल पड़े हैं. यह भारत के लिए ऐतिहासिक पल है.नीलम यादव ने कहा कि 500 बरस के बाद हमारे भगवान श्रीराम अयोध्या आ रहे हैं, इसलिए हम अपने परिवार के साथ स्वागत करेंगे; उनके दर्शन करेंगे. नीलम यादव ने बताया कि मेरी एक लड़की 9 साल की है, एक 11 साल की है और साथ में एक 14 साल का बेटा है और एक 20 साल की बेटी है जिसकी शादी हो गई है, हम सब लोग अयोध्या जा रहे हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाकर जिला पंचायत सदस्यों ने किया हंगामा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हंगामे मे शामिल रही जिला पंचायत सदस्य बनीकोडर तृतीय लवली रावत ने दिया धरना, अध्यक्ष पर कार्य कुशलता पर खड़े किए सवाल**

बाराबंकी। जिला पंचायत कार्यालय में पूर्व सांसद स्व. कमला प्रसाद रावत की पुत्रवधु लवली रावत जिला पंचायत सदस्य बनीकोडर ने जिला पंचायत की बोर्ड मीटिंग मे अपने जिला पंचायत क्षेत्र बनीकोडर तृतीय के विकास कार्यो एवं वहाँ की जनता के हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करती नज़र आई।जहाँ एक ओर उन्होने जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सदस्यो में कार्य वितरण की बात उठाई तो दूसरी ओर उन्होने जिला पंचायत की बैठक समय से ना करवाने पर अध्यक्ष को आड़े हाथ लिया।साथ ही जिला पंचायत कार्यालय में आहूत बोर्ड की हंगामेदार मीटिंग में सदन का वाकआउट कर व बहिर्गमन कर अपने जिला पंचायत क्षेत्र बनीकोडर तृतीय की विकराल होती जन समस्याओं के खिलाफ क्षेत्र के विकास की अनदेखी को लेकर जिला पंचायत प्रणाली के खिलाफ धरने पर बैठकर जिला पंचायत अध्यक्ष की कार्य कुशलता पर सवाल खड़े किये।

# गरीब असहाय लोगों की मदद करने से मन प्रसन्न होता है : सैय्यद अनवर अजीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकीबेसहारा लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने की गरज से बिना किसी भेद भाव के पूर्व चेयरमैन सैय्यद अनवार अजीम की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कंबल वितरित समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विशेष अतिथि के रूप से मौलाना शकील अहमद नदवी अध्यापक मदरसा मोइनुल इस्लाम ने शिरकत की।
इस दौरान उन्होंने कहा कि हर उस व्यक्ति जिसको ईश्वर ने मालदार बनाना हो उसको चाहिए कि वो समाजी कामों को खुशीत्खुशी करे।उन्होंने से कहा कि मोहम्मद साहब दूसरो के काम आते थे,उनकी खबर रखते थे,गरीबों की गमखुवारी करते थे, आज भी जो लोग ईश्वर के बंदों के काम आते हैं वो बड़े ही खुश नसीब होते हैं,ये काम बहुत ही मुबारक बाद के काबिल है।आगे कहा कि हमारे बीच बहुत से लोग है जो मालदार है लेकिन उनकी दौलत खुद उन तक ही सीमित है,वो दूसरो के न काम आते है न उनकी चिंता करते है ये अच्छी बात नहीं है।जमशीर खान भुट्टू ने बताया कि पिछले 18 वर्षो से कंबल वितरित किए जाने का सिलसिला जारी है और इसी तारह आगे भी जारी रहे गा।कंबल हासिल कर के गरीबों के चहरे खुशी से खिल उठे और उन लोगों ने सैय्यद अनवार अजीम को अनगिनत दुआएं दीं।इस अवसर पर विशेष रूप से तारिक अंसारी, कारी मुदस्सिर दरियाबादी,कारी इस्माइल,मोहम्मद आमिर साकिबी,सभासद निसार खान,मोहम्मद शाहिद,सन्नी,बंटी, शैख नबील,सिराज,मोहम्मद अकरम, ताज मोहम्मद उपस्थित थे।

# हिटलर ईओ पर नहीं दिखा मुख्यमंत्री के आदेश का असर, नहीं जली सरकारी इमारतो पर झालरे

## सिर्फ शहर के पटेल तिराहे पर लगी सरदार पटेल प्रतिमा जगमगाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बाराबंकी। श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सरकारी विभागो मे झालर लगाने के निर्देश दिए थे लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशो को दरकिनार करके किसी विभाग के कार्यालय मे झालर तो दूर साफ सफाई की भी व्यवस्था नही की गयी।
शनिवार की शाम जिला मुख्यालय पर संवाददाता के द्वारा स्थिति का जायजा लेने निकलने पर शहर के पटेल तिराहे पर लगी सरदार पटेल की प्रतिमा पर सिर्फ साज सज्जा देखने को मिली उसको झालरों से सजाया गया है बाकी किसी सरकारी कार्यालय में झालर जलती हुई नही दिखी वही इस दौरान जनपद न्यायालय के सामने सड़क की दूसरी तरफ जिला ईंट निर्माता एसोसिएशन की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।
जिसमे प्रभु श्रीराम के नाम पर सैकड़ो राम भक्तो ने पूड़ी और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान वहां पर लोगो की भीड़ देखने को मिली इसी के साथ लखपेड़ाबाग मे पायनियर चौराहे पर स्थित मंदिर मे सजावट देखते ही बनी यहां पर मंदिर के ऊपर झालर जगमगाते नजर आये और राम भजनो को सुनकर भक्त भावविभोर दिखे सभी के मुख़ से सिर्फ यही निकल रहा है की राम आएंगे तो दीप जलाएंगे और दीवाली मनाएंगे। वही नगर पालिका नवाबगंज के द्वारा अभी तक कही साज-सज्जा नही करायी जाने से लोगो मे रोष भी साफ देखा जा सकता है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशो का पालन न करना लोगो मे चर्चा बना हुआ है।

# जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील रामसनेहीघाट में सुनी शिकायतें, त्वरित निस्तारण को दिये निर्देश

## कुल 51 प्रार्थना पत्रों मे 6 का हुआ मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने तहसील रामसनेहीघाट के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। तहसीलदार रामसनेहीघाट ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए।
सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 51 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 24 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 8 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 6 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से संबंधित 6 प्रार्थना पत्र, वन विभाग से संबंधित 3 प्रार्थना पत्र, अन्य विभाग से संबंधित 4 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।
इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट राम आसरे वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, तहसीलदार रामसनेहीघाट, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# टाटा ग्रुप 2028 तक आईपीएल का टाइटल प्रायोजक बना रहेगा

**2500 करोड़ रुपये के अनुबंध का किया नवीनीकरण**




एजेंसी

नई दिल्ली। टाटा समूह ने अगले पांच वर्षों (2024-28) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शीर्षक प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। ग्रुप ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 2500 करोड़ रुपये के अनुबंध का नवीनीकरण किया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''बीसीसीआई ने शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल की अवधि के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के शीर्षक प्रायोजन अधिकार प्रदान किए। विभिन्न कार्यक्षेत्रों वाले भारतीय समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड-तोड़ मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है - जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है। टाटा समूह के पास पहले 2022 और 2023 में आईपीएल के लिए शीर्षक प्रायोजन अधिकार थे और वह दुनिया की सबसे बड़ी महिला टी20 लीग, महिला प्रीमियर लीग का शीर्षक प्रायोजक भी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ''हम आईपीएल के शीर्षक प्रायोजक के रूप में टाटा समूह के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। लीग ने कौशल, उत्साह और मनोरंजन के अपने बेजोड़ मिश्रण के साथ दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इसी तरह, भारत में निहित टाटा समूह, उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है। यह सहयोग विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए पारस्परिक समर्पण की भावना का प्रतीक है। अभूतपूर्व वित्तीय प्रतिबद्धता अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर आईपीएल के विशाल पैमाने और वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। आईपीएल के चेयरपर्सन अरुण सिंह धूमल ने कहा, ''आईपीएल 2024-28 के शीर्षक प्रायोजन के लिए टाटा समूह के साथ सहयोग आईपीएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। टाटा समूह द्वारा 2500 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग राशि खेल की दुनिया में आईपीएल के अपार मूल्य और आकर्षण के लिए एक वसीयतनामा है। यह अभूतपूर्व राशि न केवल लीग के इतिहास में एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि वैश्विक प्रभाव के साथ एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में आईपीएल की स्थिति की भी पुष्टि करती है। टाटा समूह की प्रतिबद्धता क्रिकेट और खेल वास्तव में सराहनीय हैं, और हम एक साथ नई ऊंचाइयों को छूने और प्रशंसकों को अद्वितीय क्रिकेट मनोरंजन प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ पांचवें टी20 के लिए डेरिल मिशेल को आराम, रचिन रवींद्र की वापसी


एजेंसी



वेलिंगटन। ऑलराउंडर डेरिल मिशेल, पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड के आगामी पांचवें टी20 मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि मेजबान टीम उनके कार्यभार को प्रबंधित करना चाहती है। मिशेल, जिन्होंने पहले चार टी20ई में दो अर्धशतक लगाए थे, की जगह ऑलराउंडर रचिन रवींद्र लेंगे, जिन्हें शुरुआत में श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने यह निर्णय मिशेल के कार्यभार और पाकिस्तान टी20ई के बाद होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को ध्यान में रखते हुए लिया है। मेजबान टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 से आगे है। स्टीड ने कहा, ''हमने डेरिल मिशेल को इस मैच से छुट्टी देने का फैसला किया है। जाहिर तौर पर हमारे पास कुछ महत्वपूर्ण टेस्ट मैच हैं। डेरिल तीनों प्रारूपों का खिलाड़ी है, इसलिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम इस अवधि में उसके कार्यभार का प्रबंधन करें। हमारे शेष (घरेलू) सीज़न में उसके एक बड़ी भूमिका निभाने की अत्यधिक संभावना है। इसलिए यह देखते हुए कि श्रृंखला हमने जीत ली है, उसे ब्रेक देने का यह एक उपयुक्त समय है। स्टीड ने आगे कहा, ''लेकिन रचिन को टीम में वापस लाना भी अच्छा है। वह कुछ समय के लिए ब्रेक पर थे और वापस आकर वेलिंग्टन फायरबर्ड्स के लिए (घरेलू टी20 में) एक मैच खेला। वह हमारी भूमिका में टीम में फिट बैठते हैं। मैं चाहता हूं कि वह खेले। पिछले साल 30 अगस्त के बाद से मिशेल ने सभी प्रारूपों में न्यूजीलैंड के 34 मैचों में से 28 में खेला है। जो छह मैच वह मिस कर गए, उनमें से पहला सितंबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला थी, जबकि दूसरा बांग्लादेश के ही खिलाफ दिसंबर में घर पर तीन मैचों की ही एकदिनी श्रृंखला थी। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड 4 फरवरी से शुरू होने वाले दो टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा, और फिर 21 फरवरी से तीन टी20 और दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। इस बीच, रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार 23 दिसंबर को नेपियर में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में खेला था। तब से, प्रतिस्पर्धी स्तर पर उनका एकमात्र मैच 15 जनवरी को नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ वेलिंगटन के लिए था।

# भारत से और अधिक बच्चों को टेनिस खेलते देखना पसंद करूंगा: नोवाक जोकोविच

एजेंसी



मुंबई। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच, जिन्होंने टूर्नामेंट के 2024 संस्करण में अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को सीधे सेटों में हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, ने टेनिस को एक पेशे के रूप में अपनाने की इच्छा रखने वाले भारत के युवा बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से बचपन में बच्चों के विकास के लिए डिज़ाइन किए गए कुछ कार्यक्रमों का हिस्सा बनना चाहता हूं क्योंकि यह कुछ ऐसा है, जिसके बारे में मैं बहुत भावुक हूं। वही हमारी नींव की आधारशिला भी है, मैं और अधिक बच्चों को रैकेट पकड़कर टेनिस खेलते हुए देखना चाहता हूँ। एक टेनिस खिलाड़ी होने के नाते, ऐसा होते देखकर मेरा दिल खुशी से भर जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के विशेषज्ञ पैनलिस्ट सोमदेव देववर्मन के साथ पहले साक्षात्कार के दौरान, जोकोविच ने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में बात की थी। शुक्रवार को सानिया मिर्ज़ा से बात करते हुए, 36 वर्षीय ने भारत के प्रति अपना प्यार व्यक्त करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मेरा भारत के साथ एक विशेष संबंध है। मैं वहां के लोगों से प्यार करता हूं; वे मेरे प्रति बहुत दयालु रहे हैं और दुनिया के सबसे सच्चे और सज्जन लोगों में से एक हैं। वे अपने खेल से प्यार करते हैं और जाहिर तौर पर क्रिकेट को सबसे ज्यादा फॉलो किया जाता है। लेकिन, जैसा कि मैं समझता हूं, टेनिस को पूरे देश में भी बहुत पसंद किया जाता है। उन्होंने 2014 में नई दिल्ली में रोजर फ़ेडरर और कई अन्य टेनिस दिग्गजों के साथ एक प्रदर्शनी मैच में भाग लिया था, जिसे उन्होंने याद किया और जल्द ही देश में घूमने के अपने सपने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है, अभी मेरे सामने कई साल हैं ताकि मैं आपके खूबसूरत देश में अधिक समय बिता सकूं और हम अधिक बच्चों को टेनिस खेलने के लिए सशक्त बनाने के मिशन पर काम कर सकें। रविवार, 21 जनवरी 2024 को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दौर में जोकोविच का सामना फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा।

# डेविड वार्नर और दुबई कैपिटल्स के साथ मैदान में उतरने को लेकर उत्साहित हूं: सैम बिलिंग्स

एजेंसी



दुबई। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 लीग में दुबई कैपिटल्स शनिवार, 20 जनवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एमआई एमिरेट्स के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। खिलाड़ी दूसरे सीज़न में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर के नेतृत्व में दुबई कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरेंगे। टूर्नामेंट से पहले मीडिया से बात करते हुए स्टार बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने वार्नर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने की संभावना पर अपना उत्साह साझा किया। उन्होंने कहा आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स के लिए डेविड वार्नर के साथ खेलने का शानदार मौका मिलना बहुत अच्छा है। उनके खिलाफ कई बार खेल चुका हूं। इस बार उनका हमारे साथ होना काफी बेहतर है। हमारे पास ऊपर से नीचे तक हर तरह से एक गुणवत्ता पक्ष है। यह एक कठिन प्रतियोगिता होने वाली है, लेकिन हम इसके लिए बहुत उत्साहित हैं। इस बीच, वार्नर के पास काम करने के लिए शानदार अनुभव होगा क्योंकि टीम आईएलटी20 के पहले सीज़न में चौथे स्थान पर रहने के बाद सुधार की उम्मीद कर रही है। दासुन शनाका, रोवमैन पॉवेल, रहमानुल्लाह गुरबाज़ और सिकंदर रज़ा को बरकरार रखने से उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों इकाइयों में मारक क्षमता बढ़ेगी, जबकि जो रूट, रूलोफ वान डेर मेरवे, सदीरा समरविक्रमा और सैम बिलिंग्स से दूसरे सीज़न में उनकी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। बिलिंग्स ने खेल की परिस्थितियों को देखते हुए आईएलटी20 में पहले गेंदबाजी करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने कहा, ऐसे टूर्नामेंटों में पिचों का हमेशा प्रभाव पड़ता है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है वे धीमे होते जाते हैं। शुरुआती विकेट लेना महत्वपूर्ण है क्योंकि तब लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए यह बहुत मुश्किल हो जाता है। यहीं पर नई गेंद जल्दी विकेट दिलाने में काफी अहम भूमिका निभाती है, यहां की पिच की स्थिति आम तौर पर दिखाती है कि यह लक्ष्य का पीछा करने के लिए अनुकूल पिच है और ओस भी एक प्रमुख कारक होगी। अनुभव के इतने समृद्ध समूह से निश्चित रूप से जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली दुबई कैपिटल्स को फायदा होगा, जिसमें आकिफ राजा और मोहम्मद मोहसिन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। यह बात उनके स्टार ऑलराउंडर पॉवेल ने भी व्यक्त की। पॉवेल ने अपने पहले मैच से पहले कहा, ''यूएई के क्रिकेटरों, विशेषकर युवा खिलाड़ियों के पास अब अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 में खेलने के लिए आने वाले कई अंतरराष्ट्रीय सितारों से बात करने और सीखने का विकल्प है और इससे निश्चित रूप से फायदा होगा।''

## संक्षिप्त समाचार

### शोएब मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से की शादी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक ने भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्ज़ा से तलाक के बाद पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्री सना जावेद से निकाह कर लिया। शोएब और सानिया का पांच साल का एक बेटा भी है जो सानिया के साथ रहता है। शोएब ने सोशल मीडिया पर अपनी नयी पत्नी के साथ तस्वीरें पोस्ट की हैं। सानिया के पिता इमरान मिर्ज़ा ने बताया, यह 'खुला' था जिसमें मुस्लिम महिला अपने पति से एकतरफा तलाक ले सकती है। शोएब और सानिया के संबंधों में दरार की खबरें 2022 से आ रही थी और पिछले दो साल में दोनों को साथ नहीं देखा गया। कुछ समय पहले ही शोएब ने इंस्टाग्राम पर सानिया को अनफॉलो किया था। सानिया और शोएब ने हैदराबाद में अप्रैल 2010 में निकाह किया था और दोनों दुबई में रहते थे। सना जावेद ने पाकिस्तान के कई ड्रामा सीरियल और फिल्मों में काम किया है। उसने 2020 में गायक उमेर जैसवाल से शादी की थी लेकिन दो महीने बाद ही उनका तलाक हो गया। सानिया ने पिछले साल पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा। अपने 20 बरस के कैरियर में उन्होंने 43 डब्ल्यूटीए युगल खिताब और एक एकल खिताब जीता है। उन्हें भारतीय महिला टेनिस की पुरोधा कहा जाता है।

### पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल, जका अशरफ ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंध समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने अपना कार्यकाल विस्तार खत्म होने से दो सप्ताह पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया। जका जुलाई से सीएमसी के अध्यक्ष थे और सरकार ने नवंबर में उनका कार्यकाल चार फरवरी तक बढा दिया था। जका ने लाहौर में सीएमसी की बैठक के बाद इस्तीफा दिया। उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी टीम एशिया कप और विश्व कप में नाकाम रही और न्यूजीलैंड में चल रही टी20 श्रृंखला में लगातार चौथी हार झेली। खेल मंत्रालय ने जका को सीएमसी की बैठकें आयोजित करने से रोक दिया था, जबकि उन्हें बोर्ड आफ गर्वनर्स की नियुक्ति करनी थी जो पीसीबी अध्यक्ष के चुनाव के लिए पहला कदम है। जका अशरफ के हवाले से बयान में आगे कहा गया, बैठक के अंत में उन्होंने घोषणा की कि उन्होंने एमसी के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा माननीय संरक्षक कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर को सौंपने का फैसला किया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम की निजी चैट लीक करने के बाद उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। उसके बाद अशरफ ने क्रिकेट टीम में कई बदलाव किए। जिनमें कप्तान से लेकर टीम मैनेजमेंट में बदलाव प्रमुख थे। इन सबके बाद भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं दिखा।

### तनाव के बावजूद ईरान के साथ व्यापार गतिविधियों में व्यवधान नहीं: पाकिस्तानी अधिकारी

**कराची।** पाकिस्तान और ईरान के बीच तनाव के बावजूद अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सभी सीमा चौकियों पर व्यापार गतिविधियां सामान्य रूप से जारी हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मकरान के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने कहा कि शुक्रवार को सब्जियां और अन्य सामान ले जाने वाले 100 से अधिक ट्रक ताफ्तान सीमा से ईरान भेजे गए। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को ईरान के सिएस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में कथित आतंकवादी ठिकानों पर सटीक सैन्य हमले किए थे, जिसमें नौ लोग मारे गए। इससे पहले ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के दो ठिकानों को निशाना बनाया था। उमरानी ने आगे कहा कि सकारात्मक बात यह है कि दोनों पक्षों की सरकारें अब बलूचिस्तान में ताफ्तान, ग्वादर, केच, पंजगुर और वाशुक की सीमा चौकियों के जरिए व्यापार गतिविधियों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं।

### इरेडा का मुनाफा 77 फीसदी की उछाल के साथ 355 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 77 फीसदी उछलकर 355.54 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 200.75 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 77 फीसदी उछलकर 355.54 करोड़ रुपये रहा। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 1,253.19 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 868.97 करोड़ रुपये थी।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने संन्यास को लेकर कहा- जिस पल मुझे लगेगा कि मेरा काम हो गया, मैं रिटायर हो जाऊंगा


एजेंसी



नई दिल्ली। पुर्तगाली सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार को अपनी सेवानिवृत्ति की योजना के बारे में खुलकर बात की और कहा कि जब उनका काम पूरा हो जाएगा तब वह निर्णय लेंगे। ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2023 समारोह में बोलते हुए, रोनाल्डो ने गोल.कॉम के हवाले से कहा, ''जिस पल मुझे लगेगा कि मेरा काम हो गया, मैं रिटायर हो जाऊंगा... शायद 10 साल में? जब रोनाल्डो से 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बनने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी उपलब्धि पर गर्व है। पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता ने कहा कि उन्हें अच्छा लगता है जब लोग उन पर संदेह करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस सीज़न में सबसे अच्छा गोलस्कोरर था, हालैंड जैसी टीम को हराने की कल्पना करें... मुझे गर्व है। और मैं जल्द ही 39 साल का हो जाऊंगा! मुझे पसंद है जब लोग मेरे बारे में फिर से संदेह करते हैं और फिर मैं सफल होता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं आलोचना से प्रभावित होता हूं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए 2023 शानदार रहा और उन्होंने साल का अंत दुनिया के शीर्ष गोल स्कोरर के रुप में किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पुर्तगाली सुपरस्टार ने कहा कि वह अगले साल इसे फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। 2023 में, पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता ने अपने देश और अपने वर्तमान क्लब, अल नासर के लिए 54 गोल किए। इंग्लिश स्ट्राइकर हैरी केन 52 गोल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पीएसजी और फ्रांसीसी हमलावर किलियन एम्बाप्पे ने 52 गोल किए। इस बीच, सिटी और नॉर्वेजियन स्ट्राइकर एर्लिंग हलांड ने 50 गोल किए। रोनाल्डो को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक माना जाता है और उन्होंने कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जिन्हें तोड़ना मुश्किल होगा। पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता रोनाल्डो जनवरी 2023 में सऊदी क्लब अल नासर में शामिल हुए और उन्होंने अपनी नई टीम के लिए 50 मैच खेले हैं और 44 गोल किए हैं। सऊदी प्रो लीग के मौजूदा सीज़न में, पुर्तगाली ने रियाद स्थित क्लब के लिए 18 मैचों में भाग लिया और 20 गोल किए। रोनाल्डो ने 2023-24 सीज़न में अल नासर के लिए नौ गोलों में सहायता भी की।

# एएफसी एशियन कप: इराक ने जापान को हराया, इंडोनेशिया ने जगाई उम्मीद

एजेंसी



दोहा। इराक ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार जापान को 2-1 से हराकर एएफसी एशियन कप के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। एजुकेशन सिटी स्टेडियम में तालियों की गड़गड़ाहट से भरी भीड़ के सामने, आयमन हुसैन के पहले हाफ के दो गोलों ने चार बार के चैंपियन को चौंका दिया और इराक को दो राउंड के बाद छह अंकों के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंचा दिया। असनावी मंगकुलम के पहले हाफ में पेनल्टी की मदद से इंडोनेशिया ने शुक्रवार देर रात वियतनाम पर 1-0 से जीत दर्ज की। बुधवार को होने वाले मुकाबले से पहले इंडोनेशिया, जापान के साथ तीन अंकों की बराबरी पर है और उसने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बरकरार रखी है। एजुकेशन सिटी स्टेडियम में 38,663 प्रशंसकों के सामने महाद्वीपीय फुटबॉल टूर्नामेंट के 2007 चैंपियन इराक ने मैच की तीव्रता और गति के साथ मजबूत शुरुआत की। मैच के पांचवें मिनट में ही अली जैसिम के क्रॉस को आयमन हुसैन ने गोल में बदलकर इराक को 1-0 से आगे कर दिया। इराकी प्रीमियर लीग में खेलने वाले 27 वर्षीय स्ट्राइकर हुसैन ने पहले हाफ के अंतिम मिनटों में हेडर के जरिये एक और गोल किया और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे हॉफ में जापान ने कुछ तेजी दिखाई और कप्तान वातारू एंडो ने क्लोज-रेंज हेडर के साथ स्कोर कर अपनी टीम का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ और इराक ने अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब



एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव थम नहीं रहा। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 0.54 डॉलर यानी 0.68 फीसदी की गिरावट के साथ 78.56 डॉलर प्रति बैरल पर है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.67 डॉलर यानी 0.90 फीसदी लुढ़कर 73.41 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है।

# चाय उत्पादन में जैव-कीटनाशकों का करें उपयोग: खाद्य नियामक

एजेंसी



नयी दिल्ली। खाद्य नियामक एफएसएसएआई के सीईओ जी कमला वर्धन राव ने शुक्रवार को चाय उत्पादन की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जैव-कीटनाशक अपनाने को कहा। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सीईओ राव ने शुक्रवार को असम के केलीडेन में आयोजित एक सत्र के दौरान चाय उत्पादकों और चाय बागान मालिकों की एक सभा को संबोधित किया। खाद्य नियामक ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में एफएसएसएआई, चाय बोर्ड, चाय अनुसंधान संस्थान, चाय बागान मालिकों, चाय प्रसंस्करणकर्ताओं, उद्योग संगठनों और राज्य के खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों सहित प्रमुख अंशधारकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। चर्चा का केंद्र बिंदु कच्चे माल का उद्गम स्थान और परीक्षण संबंधी उपायों को बढ़ाना, कीटनाशक अवशेषों के लिए प्रत्येक खेप की निगरानी की आवश्यकता पर जोर देना और वर्ष 2011 के खाद्य सुरक्षा और मानक विनियमों (एफएसएसआर) में निर्धारित कीटनाशकों के उपयोग की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) का पालन करना था। बयान में कहा गया, ''राव ने जैव-कीटनाशकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया और संयुक्त निरीक्षण, नमूनाकरण और परीक्षण प्रक्रियाओं के लिए चाय बोर्ड के साथ सहयोग को प्रोत्साहित किया। सत्र के दौरान, टी बोर्ड ने बागान मालिकों के बीच जागरूकता अभियानों के महत्व पर जोर दिया ताकि उन्हें सुरक्षित कृषि पद्धतियों को सुनिश्चित करने के लिए कटाई के अंतराल के रखरखाव के बारे में शिक्षित किया जा सके। बागान मालिकों ने चाय की खेती में अनधिकृत कीटनाशकों के इस्तेमाल पर चिंता जताई और राज्य सरकार से ऐसे पदार्थों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया।

# देश को दिल्ली से चलाना और पूरे देश में हिंदी का प्रयोग चाहती है भाजपा : राहुल

एजेंसी

लखीमपुर, (असम)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चाहते हैं कि देश के हर हिस्से में हिंदी का इस्तेमाल हो और पूरे हिंदुस्तान पर दिल्ली से ही शासन हो।

श्री गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले आज यहां कहा कि देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा पूरा करने में असफल रही भाजपा सरकार अब देश को दिल्ली से चलाना चाहती है और उसकी कोशिश है कि पूरे देश में हिंदी का प्रयोग हो। उन्होंने कहा, ''भाजपा की विचारधारा है- हिंदुस्तान को दिल्ली से चलाया जाना चाहिए और सभी देशवासियों को हिंदी का प्रयोग करना चाहिए लेकिन कांग्रेस पार्टी का मानना है- हिन्दी भाषा के साथ-साथ आपकी क्षेत्रीय भाषा की भी जगह होनी चाहिए। न्याय यात्रा आपकी संस्कृति और इतिहास की रक्षा करने आई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत मणिपुर से करने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा मणिपुर में सिविल वॉर जैसा माहौल बना हुआ है, लोग मारे जा रहे हैं, घर जलाए जा रहे हैं लेकिन देश के प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। श्री गांधी ने कहा कि पिछले साल उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा दक्षिण से उत्तर की तरफ की थी और इस बार उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों से मिलना का था इसलिए नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की है। देश में बेरोजगारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अरुणाचल प्रदेश के चार युवक मेरे पास आए। उन्होंने कहा कि पांच साल की मेहनत के बाद वे सेना में भर्ती हुए लेकिन सरकार ने नई भर्ती की आड़ में डेढ़ लाख युवाओं को रिजेक्ट कर दिया। उन्होंने भारत जोड़ी यात्रा को समर्थन देने के लिए लोगों का आभार जताया और कहा कि वह इस यात्रा के माध्यम से उन मुद्दे को उठाएंगे और उस पर काम करेंगे।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा ''जब देश का हर तीसरा युवा बेरोज़गारी का शिकार है, तब प्रधानमंत्री ने एक बार फिर उनके साथ बड़ा धोखा किया है। इस बार धोखा आम परिवार से आने वाले, 18-18 घंटे मेहनत करने वाले उन छात्रों के साथ है जो छोटे छोटे किराए के कमरों में रह कर बड़े सपने देखते हैं। जहां रेलवे में लाखों पद खाली हैं, वहां पांच वर्षों के इंतजार के बाद मात्र 5696 पदों की भर्ती, प्रतियोगी छात्रों के साथ अन्याय है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''रेलवे में भर्तियों को कम करने की नीति आखिर किसके फायदे के लिए बनाई जा रही है। कहां गया हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा? कहां गया रेलवे का निजीकरण न करने का भरोसा? एक बात बिल्कुल साफ है - मोदी की गारंटी, युवाओं के लिए खतरे की घंटी है। हमें उनके हक़, उनके साथ न्याय के लिए आवाज़ उठानी ही होगी।



## राहुल की यात्रा से घबराई भाजपा हिंसा पर उतर आई : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मिल रहे जबरदस्त समर्थन से भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) घबरा गई है और अब हिंसा का सहारा लेकर डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय मकन ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को पूर्वोत्तर में भरपूर सहयोग और जनसमर्थन मिल रहा है जिसे देखकर भाजपा तथा उनके नेता घबरा गए हैं। उन्होंने कहा, ''कल रात लखीमपुर, असम में जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों की गाड़ियों को तोड़ा गया, पोस्टर फाड़े गए, पार्टी के खिलाफ नारे लगाए गए- यह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा बेहद घबरा गई है।यह हमला इस बात को दर्शाता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी जी को मिल रहे समर्थन से देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा घबरा गए हैं। वे खुद को भाजपा का बड़ा शुभचिंतक दिखाने के नाते ऐसी शर्मनाक हरकतों पर उतर आए हैं। श्री माकन ने कहा,''हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं। जनता की आवाज उठाने वाली न्याय यात्रा को रोकने की हिम्मत न की जाए। इससे पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हमले की निंदा करते हुए कहा, ''हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोडो न्याय यात्रा वाहनों पर हुए शर्मनाक हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर-पोस्टर फाड़ने की कड़ी निंदा करते हैं।पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने भारत के लोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। यह उनकी आवाज़ को दबाना चाहती है, जिससे लोकतंत्र का अपहरण हो रहा है। भाजपा सरकार के हमले और धमकी की इस रणनीति से हम डरने वाले नहीं है।

# बिरला ने ज्यादा से ज्यादा सदन में बैठने की आदत डालने की विधायकों को दी सलाह

एजेंसी

रायपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों को सत्र के दौरान ज्यादा से ज्यादा विधानसभा में बैठने की आदत डालने की सलाह दी है।

श्री बिरला ने आज यहां विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि..आप सभी ज्यादा से ज्यादा विधानसभा में बैठने की आदत डालिए। इससे आपको पुराने सदस्यों के अनुभव और ज्ञान का लाभ मिलेगा, नये सदस्यों के विचारों को जानने का मौका मिलेगा मेरा यह विचार है कि जो विधायक सदन में ज्यादा देर बैठता है वह अच्छी तरह अपने विचार रख पाता है..। उन्होने कहा कि आप सभी टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, बेहतर विचार लाएं ताकि क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक काम हो सके।उन्होने कहा कि लोकतंत्र के सदन को हम यदि मंदिर मानते हैं तो इसकी गरिमा के अनुकूल आचरण करने की जरुरत है।श्री बिरला ने कहा कि आप सभी टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, बेहतर विचार लाएं ताकि क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक काम हो सके। श्री बिरला ने कहा कि पिछड़े क्षेत्र के विधायको की जवाबदारी ज्यादा बढ़ जाती है, उन क्षेत्रों में विकास अच्छी तरह हो सके और जो विधायक ऐसे क्षेत्र के हैं जो पिछड़े नहीं हैं, उन क्षेत्रों में भी विशेष कार्य करने की आवश्यकता होती है।श्री





बिरला ने कहा कि विधान मंडलों का उपयोग आपको करना चाहिए, इस छोटे राज्य में सारी सम्भावनाओं को समझकर देश और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हम कैसे राज्य को आगे बढ़ा सके। उन्होने कहा कि दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम हमें संसदीय परम्पराओं, नियमों, संविधान को जानने और किस तरीके से हम अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए इस विधान मंडल के माध्यम से इस राज्य में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं, इसका ज्ञान मिलेगा दो दिन का यह प्रबोधन निश्चित रूप से हमारे जीवन में सार्थक होगा। श्री बिरला ने कहा कि जो भी यहाँ की नियम प्रक्रिया है, उन्हें ध्यान में रखकर हमें जनता की बात रखनी है।दो दिन के इस प्रबोधन कार्यक्रम में विभिन्न विषयों और नियमों का ज्ञान होगा।उन्होने कहा कि इस विधानमंडल का सौभाग्य है कि यहां के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जो तीन बार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहे, केंद्र में मंत्री रहे, सांसद रहे हैं, उनके लम्बे अनुभव का लाभ भी मिलेगा।

उन्होने राज्य की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सम्पदा, सौंदर्य, यहाँ की अध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है लेकिन विविधताएं बहुत हैं, यहाँ के पुरातत्व, संस्कृति, जनजातीय, लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करते हैं।छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से जीवंत कला, यहां के शिल्प, लोकगीत और नृत्य पूरे देश के लिए आकर्षण है, छत्तीसगढ़ और यहां के पुरातत्व संपत्ति को देखने के लिए देश भर और कई देशों के लोग यहां आते हैं। इस सत्र में उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना,छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत एवं संसदीय कार्यमंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद थे।

## सर्बानंद ने आयुष दीक्षा केन्द्र की आधारशिला रखी

नयी दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में अत्याधुनिक 'आयुष दीक्षा' केंद्र की आधारशिला रखी।

श्री सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा कि भविष्य के आयुष पेशेवरों के लिए मानव संसाधन विकास के लिए यह अपनी तरह का पहला केंद्र होगा।यह अत्याधुनिक केंद्र केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर के परिसर में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में आयुष को बहुत प्रसिद्धि मिली है और हम एक एकीकृत चिकित्सा दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं जहां आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ-साथ एक सशक्त आयुष चिकित्सा प्रणाली का भी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दीक्षा केंद्र आयुष पेशेवरों को अपने कौशल को निखारने और देश के लोगों को विश्व स्तरीय रोगी देखभाल सेवाएं प्रदान करने में उनकी निपुणता को बढ़ाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र आयुष पेशेवरों, विशेष रूप से आयुर्वेद से जुड़े लोगों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करेगा।

# पुलिस ने अभिनेत्री का डीपफ़ेक वीडियो मामले में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री का डीपफ़ेक वीडियो बनाने से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान ईमानी नवीन (23) के रूप में हुई है। उसे एक शिकायत के आधार पर गहन जांच के बाद आज आंध्र प्रदेश के गुंटूर से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप और तीन मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने खुद को लक्षित फिल्म अभिनेत्री का बहुत बड़ा प्रशंसक होने का दावा किया और सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गैरकानूनी कृत्य का सहारा लिया।

पुलिस ने अभिनेत्री का नाम नहीं बताया, लेकिन कयास लगाया जा रहा है कि यह मामला अभिनेत्री रश्मिका मंदाना से जुड़ा है, जिनका डीपफ़ेक वीडियो पिछले साल अक्टूबर में वायरल हुआ था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) हेमंत तिवारी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए आरोपी ने अभिनेत्री का डीपफ़ेक वीडियो बनाया और 13 अक्टूबर 2023 को फैन पेज पर पोस्ट कर दिया।'' उन्होंने कहा, इस डीपफ़ेक वीडियो के कारण दो सप्ताह के भीतर इस पेज की फैन फॉलोइंग 90,000 से बढ़कर 1,08000 हो गयी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने 2021 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में बी-टेक किया और मौजूदा समय में फोटोशॉप, इंस्टाग्राम चैनल प्रमोशन, यूट्यूब वीडियो निर्माण/संपादन और एसईओ की सेवाएं प्रदान कर रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा कि वह उक्त अभिनेत्री और दो अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के फैन पेज संचालित कर रहा था। श्री तिवारी ने कहा, ''नवीन सभी तीन पेजों का प्रबंधन कर रहा था और मूल और साफ वीडियो अपलोड कर रहा था। आरोपी ने उक्त पोस्ट को इंस्टाग्राम चैनल से हटा दिया और इंस्टा चैनल का नाम भी बदल दिया। उन्होंने अपने उपकरणों से प्रासंगिक डिजिटल डेटा भी हटा दिया था। प्रारंभिक विश्लेषण के दौरान, यह पाया गया कि मूल वीडियो एक ब्रिटिश भारतीय युवती द्वारा अक्टूबर 2023 में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया गया था और बाद में एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री का डीप फ़ेक वीडियो बनाया गया और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।

## एम्स, आईआईटीआई, दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन का प्रौद्योगिकी कार्यक्रम घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में हितधारकों को प्रौद्योगिकी उन्नयन में सहयोग के लिये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नयी दिल्ली और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर (आईआईटीआई), दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन ने शनिवार को यहां एसईटीयू-2024 कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिये हितधारकों से साथ सम्पर्क (एसईटीयू) की यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2018 में शुरू किये गये नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी (अलग-अलग विषयों के बीच ) साइबर-फिजिकल सिस्टम्स ( एनएमआईसीपीएस ) के तहत चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भारत में डिजिटल स्वास्थ्य सेवा नवाचार को बढ़ावा देना है। इन संस्थानों ने कहा है कि एसईटीयू-2024 एक सहयोगी कार्यक्रम है, और यह एम्स, नयी दिल्ली और दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के बीच प्रौद्योगिकी मिलन का एक अनूठा मंच होगा और यह त्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देगा। इस सहयोग का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और तकनीकी स्टार्टअप के अनुप्रयोगों में वास्तविक जगत की जरूरतों के अनुसार नवाचार को बढ़ावा देकर भारत में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नया आकार देना चाहता है। इस समझौते की घोषणा के कार्यक्रम में देश के आठ एम्स के निदेशक और वरिष्ठ डॉक्टर, विभिन्न आईआईटी के शोधकर्ता, एनआईटी/ आईआईआईटी के प्रौद्योगिकी डेवलपर, मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल थे। एम्स ने प्रौद्योगिकी विकसित करने वालों और संभावित उपयोगकर्ताओं के बीच सार्थक संपर्क की सुविधा प्रदान की है ताकि नवाचार और उस पर अमल के बीच के अंतर को को प्रभावी ढंग से कम किया गया। इस अवसर पर एम्स, नयी दिल्ली के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप, मितव्ययी और लागत प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल समाधान विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया।

# नीतीश को सुशासन के लिए किसी सुझाव की जरूरत नहीं : जदयू





एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से दिये गये सुझाव पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कहा कि उन्हें किसी से ऐसे सुझाव की जरूरत नहीं है।

जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार सुशासन के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। जदयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार हमेशा कानून का शासन सुनिश्चित करने के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के शासन में अपराध करने पर कोई भी कानून के चंगुल से बच नहीं सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी द्वारा मुख्यमंत्री श्री कुमार को वर्ष 2005 वाले फॉर्म में लौटने का सुझाव देने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार को किसी से सुझाव लेने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को अपने 2005 वाले फॉर्म में लौटने और अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है की जब श्री कुमार वर्ष 2005 में सत्ता में आए तब से उन्हें कानून का शासन स्थापित करने और राज्य को 2005 से पहले की अराजकता से बाहर निकलने के लिए जाना जाता था।

## नीतीश ने जदयू की नई टीम का किया ऐलान, वशिष्ठ बनाये गये उपाध्यक्ष और त्यागी राजनीतिक सलाहकार

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले के बाद श्री नीतीश कुमार ने इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर शनिवार को अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया। श्री नीतीश कुमार की नई टीम में जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा लोकसभा और राज्यसभा के पूर्व सदस्य के. सी. त्यागी को राजनीतिक सलाहकार के साथ ही प्रवक्ता की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं, लोकसभा सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी है। जदयू की नई टीम में कुल 11 महासचिव और छह सचिव हैं। श्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल, बिहार सरकार में मंत्री संजय कुमार झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी, एमएलसी अफाक अहमद खान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री राम सेवक सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन, एमएलसी कपिल हरीशचंद्र पाटिल, राज सिंह मान और पूर्व विधायक सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील को महासचिव की जिम्मेदारी दी है । वहीं, पूर्व विधायक राजीव रंजन को प्रवक्ता बनाया गया है जबकि सचिव पद की जिम्मेवारी पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार और मो. निसार को दी गई है ।

## अगर भाजपा नीतीश कुमार को राजग में शामिल करती है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं : जीतनराम

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी ने आज स्पष्ट कर दिया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल कर लेती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। श्री मांझी ने राजनीतिक गलियारों में श्री नीतीश कुमार के फिर से राजग की ओर रुख करने की अटकलों के बीच शुक्रवार को यहां कहा कि श्री कुमार ने कई मौकों पर अपना राजनीतिक गठबंधन बदला है और उन्हें तीसरी या चौथी बार भी यही विकल्प चुनने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। श्री कुमार के साथ कड़वे राजनीतिक रिश्ते रखने वाले मांझी ने कहा, ल्लअगर भाजपा श्री कुमार को राजग में वापस ले लेती है तो मुझे कोई दिक्कत नहीं होगी। इससे पहले श्री मांझी ने सोशल मीडिया के जरिए श्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया था कि श्री कुमार अनुसूचित जाति वर्ग से नफरत करते हैं।

## हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लगभग सात घंटे तक पूछताछ घंटे की

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लगभग सात घंटे तक पूछताछ घंटे की। लंबी पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री आवास से आज यहां ईडी की टीम बाहर निकली। मुख्यमंत्री से ईडी ने बड़गाई अंचल में डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में पूछताछ की। मुख्यमंत्री से उनके और पारिवारिक सदस्यों द्वारा अर्जित संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की गई। इसके बारे में मुख्यमंत्री ने जानकारी ईडी को दी। अब ईडी इसका मिलान करेगी। इस मामले में ईडी सीएम से एक बार फिर से पूछताछ कर सकती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री से पूछताछ करने ईडी की टीम दिन के एक बजकर छह मिनट पर कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंची थी मुख्यमंत्री से पूछताछ शुरू होने के करीब साढ़े तीन घंटे के बाद ईडी की एक टीम फिर शाम 4.30 बजे पहुंची।

# पेज एक का शेष

### झूठी खबरें...

व्हाट्सएप संदेश बड़े पैमाने पर साझा किया गया था। मंदिर ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट ने खुद चुनिंदा अतिथियों को निमंत्रण भेजा है। 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से मिठाई बेचने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अमेजन को नोटिस भेजा था। नोटिस मिलने के बाद ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगा। अमेजन ने स्वीकार किया कि उसे कुछ विक्रेताओं के भ्रामक उत्पाद दावों के संबंध में सीसीपीए से एक नोटिस मिली है और कहा कि कंपनी उनकी जांच कर रहा है। अमेजन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''अंतरिम रूप से, हम अपनी नीतियों के अनुसार ऐसी लिस्टिंग के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहे हैं।'' सीसीपीए ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम से मिठाई बेचने पर अमेजन को नोटिस भेजा है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने अमेजन से इस बारे में सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

### वेबसाइट पर हमले की...

जाए। संशोधन बहुत जरूरी हो तो सिक्योरिटी आडिट अनिवार्य रूप से की जाए। विभाग पर उपलब्ध सभी वेबसाइट पर सिक्योरिटी आडिट किया जाए। सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व विभागाध्यक्षों को इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है।

### लखनऊ से अयोध्या...

रामनगर, करनैलगंज होते हुए पास होंगे। दूसरा रास्ता दुबग्गा तिराहे से भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, टेढ़ीपुलिस चौराहा, गुडम्बा, कुर्सी रोड होते हुये बेहटा चौराहा अण्डरपास से किसान पथ होते हुए सुल्तानपुर रोड पर आ जाएंगे और यहीं से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पकड़ सकेंगे। रूट डायवर्जन के दौरान चिकित्सकीय स्थिति में प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेंस, स्कूली वाहन, फायर सर्विस, शव वाहन जा सकेंगे। इस दौरान किसी प्रकार का जाम या समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 को सूचना दी जा सकती है।

### भारत-म्यांमार...

करते हुए आरोप लगाया कि इसके शासनकाल के दौरान लोगों को नौकरियों के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, जबकि भाजपा के शासन के दौरान नौकरी के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ता है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर शाह ने कहा कि भगवान राम 550 साल के 'बुरे दौर' के बाद घर लौटेंगे। उन्होंने कहा, ''यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।'' उन्होंने कहा कि यह ऐसे वक्त हो रहा है जब देश 'सुपरपावर' बनने की राह पर है।

### गायत्री प्रजापति की...

रिश्तेदारों, बेटों, बहू, परिचितों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इन बैंक खातों में उन्होंने कैश रकम जमा की और फिर इसे संपत्तियों में निवेश कराया। ईडी ने वर्ष 2021 में लोकायुक्त की जांच में गायत्री के दोषी पाए जाने के बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। लोकायुक्त जांच में उन्हें आय से ज्यादा संपत्ति कमाने का दोषी पाया गया था। ईडी ने अब तक गायत्री के परिवार के लोगों की करीब 60 से ज्यादा अचल संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें बिल्डिंगें, भूखंड आदि शामिल हैं। इनकी कीमत करीब 36.95 करोड़ रुपये के आसपास है। ईजी मामले में अभी आगे की विवेचना कर रही है।

### तीन मशीनें लगाकर...

सील किया जाये। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी वुजूखाने को सील रखने की कार्रवाई को सही बताया। हिन्दू पक्ष ने पिछले माह सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना देकर अवगत कराया कि वुजूखाने के हौज में पूर्व से पल रही कुछ मछलियां मर गई हैं। मौके पर मौजूद शिवलिंग की आकृति हिन्दू धर्म के लिए धार्मिक महत्व रखता है। इसलिए सफाई की जाये। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मछलियों को सफाई के लिए डीएम को निर्देश दिया है।

### प्रधानमंत्री के वोकल...

कर साबित कर दिया कि प्रदेश में पोटेंशियल की कमी नहीं है। आज राज्यपाल के मार्गदर्शन में इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने गुजरात से ग्राम स्वराज की नई प्रेरणा दी। यहां पर ग्रामश्री संस्था का जन्म होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को आगे बढ़ाते हुए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को टेक्नोलॉजी से जोड़ नई दिशा दी है। संस्था हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन के जरिये देश के विभिन्न राज्यों के कारीगरों की कुशलता को आपस में आदान-प्रदान कर इसे नया रूप दे रही है, जो प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल विजन को दर्शाती है। योगी ने कहा कि ग्रामश्री संस्था की तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए ताकि पूरा विश्व देश के कारीगरों के हुनर को जान सके। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की भावनाओं के अनुरूप जब उन्होंने काम शुरू किया तो देश ही नहीं विदेशों में भी ओडीओपी के उत्पाद छा गये। इतना हीं नहीं प्रधानमंत्री मोदी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो वह देश के किसी न किसी राज्य के प्रोडक्ट को मेहमानों को भेंट स्वरूप देते हैं, जो यह दर्शाता है कि इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में 500 वर्षों के बाद जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। इसके लिए मैं आप सभी को शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक और मंत्री आशीष पटेल समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में तीन एकड़ में बनेगा उत्तराखंड भवन : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भव्य राम मंदिर श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही देवभूमि में भक्ति माहौल में राममय हो गया है। रामभक्तों की ओर से शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर राम के रंग और जगह-जगह भगवान श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद यह शुभ अवसर आया है। परेड मैदान स्थित खेल मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम भक्तों की ओर से भव्य राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के निमित्त शनिवार को ''राम राज्य शोभायात्रा'' कार्यक्रम में उपस्थित राम भक्तों को संबोधित किया।

इस मौके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगवान राम का दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, यह अवसर हम सब को देखने को मिल रहा है। यह दिन इतनी आसानी से नहीं बल्कि लंबे संघर्ष के बाद देखने को मिल रहा है। कितने माताएं अपने पुत्र, बहनें अपने भाइयों और बच्चे अपने पिता को खोने के साथ ही और साधु संतों के संघर्ष-बलिदान के बाद आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बन रहा है। मुख्यमंत्री ने यह कितना सुंदर अवसर है कि भारत दुनिया की 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। आज भारत दुनिया को दिशा देने वाला बन रहा है। भारत में जी-20 नहीं तमाम विश्व स्तर के कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किये जा रहे हैं।

उन्होंने उत्तराखंड से भी राम के लगाव के बारे में बताते हुए कहा कि मां सरयू देवभूमि उत्तराखंड से अयोध्या पहुंचती है। 22 जनवरी के शुभ घड़ी आने वाली है। एक व्यवस्था बन रही है, उस व्यवस्था के तहत अयोध्या जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव दीपावली से भी बड़ा उत्सव मनाना है। सबको इस अवसर पर सहभागी बनना है। इसे राम कार्य समझ करें। भले हम शरीर से अयोध्या में उपस्थित ना हों, लेकिन मानसिक रूप से हमें साक्षी बनना है।

**500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद यह शुभ अवसर आया है, उत्तराखंड से भी श्रीराम का लगाव : मुख्यमंत्री धामी**

**-**

**भगवान श्रीराम सबको जोड़ने वाले हैं, यह दिन ख़ुशी का है : डॉ शैलेंद्र**

उत्तराखंड के लोग हमेशा अच्छे कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। उत्तराखंड सरकार भी 22 जनवरी सरकारी संस्थानों में छुट्टी दी है।

अयोध्या में जल्द बनेगा उत्तराखंड भवन-

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार अयोध्या में जल्दी ही अपना भवन बनाएगी। तीन एकड़ भूमि पर उत्तराखंड भवन बनाया जाएगा। यूपी सरकार जमीन आवंटन कर दी है और उत्तराखंड सरकार इसके बदले पेमेंट भी कर दिया है। उन्होंने इसके उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से जाने वाले यात्रियों की ठहरने की व्यवस्था सरकार कर रही है।

**लंबे संघर्ष के बाद यह दिन आया है : डॉ शैलेंद्र**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र ने कहा कि आज विश्व भर में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव मनाया जा रहा है। लंबे समय के बाद यह दिन आया है जो भावुक करने का क्षण है। अनेक आक्रांताओं ने मंदिर तोड़ कर हमारी संस्कृति और धर्म को नुकसान पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि राममय माहौल का प्रभाव अयोध्या में 104 गांव जो अपने धर्म से विमुख हो गए थे, आज वह अपने धर्म और संस्कृति को लौट रहे हैं और वह कह रहे हैं कि हम भी सूर्यवंशी हैं।

उन्होंने कहा कि ऋषियों मुनियों की ओर से कहा गया कथन आज सही साबित हो रहा। भारत का उत्कर्ष प्रारम्भ हो गया। यह उत्कर्ष अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से दिखने लगा है। इतने प्रतीक्षा और बलिदान के बाद यह समय आया है। इसे हम दिवाली की तरह खुशी मानकर 22 जनवरी को घरों में दीप जलाएं। भगवान राम सबको जोड़ने वाले हैं। अभी के वातावरण में जिन घरों से देवी देवताओं के लिए चित्र निकल गए थे, उनके हर घर में अक्षत पूजित और चित्र पहुंच रहे हैं। सनातन संस्कृति का गौरव लौट रहा है। हम अपने आराध्य श्रीराम के सम्मान में कोई कमी न छोड़े।

इन जगहों से गुजरी राम शोभा यात्रा-

यह श्रीराम शोभा यात्रा परेड ग्राउंड से शुरू होकर,गांधी पार्क, क्लॉक टावर, पलटन बाज़ार कोतवाली और आगे से घूम कर वापस डिस्पेंसरी रोड राजीव गांधी काम्प्लेक्स से होते हुए पंचायती मंदिर और फिर रेंजर्स ग्राउंड पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते भर व्यापारियों और महिलाओं ने अपने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस मौके पर काबीना मंत्री गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल गामा,टपकेश्वर के महंत कृष्णदेव महाराज, डाँटकाली महंत रमन, गोस्वामी, दर्ज़ाधारी मधु भट्ट, ज्योति प्रसाद गैरोला, भाजपा के संगठन मंत्री अजेय कुमार, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार, सुरेंद्र मित्तल, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल,अनिल नंदा, विधायक खजान दास, बिनोद चमोली, सविता कपूर, आरके जैन, बलदेव प्रसाद,नारायण, राकेश, राजेश सेठी, अरुण शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## नशे से दूर रहने और बचने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी ने शनिवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहने और बचने के लिए युवाओं को कई जानकारियां दी और उन्हें नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा भी दिलाई। संस्था के स्थापक और अध्यक्ष मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने युवाओं के साथ संवाद किया और कई रोचक खेलों के माध्यम से उन्हें नशे के दुष्प्रभावों और दुष्परिणाम के बारे में बताया। डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि किस तरह नशा किसी मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि नशा अवसाद, हताशा, हिसंक और आत्मघाती प्रवृत्तियों को जन्म देता है साथ ही नपुंसकता और प्रजनन क्षमता को भी नुकसान पहुंचाता है। नशा करना कमजोर मानसिकता की निशानी है। संस्था द्वारा आयोजित मानसिक स्वास्थ्य कैंप में कोई भी व्यक्ति निःशुल्क परामर्श और थेरपी की सुविधा ले सकता है। इस मौके पर भूमिका भट्ट, विभा भट्ट, राहुल भाटिया, एडवोकेट कुलदीप भारद्वाज और पूनम नौडियाल ने अपना सहयोग दिया।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा : चमोली जिले में उत्साह का माहौल, हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चमोली जिला वासियों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद के सभी मंदिरों को फूल मालाओं और लड़ियों से सजाया गया है। जगह-जगह विष्णु पुराण, सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार को जोशीमठ ब्लॉक के अनीमठ स्थित वृद्ध बद्री में सांस्कृतिक महोत्सव के तौर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अनीमठ की महिला मंगल दल की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और भजन कीर्तन किया। महिलाओं ने कहा कि हम इस पल के साक्षी बन रहे जब अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है।

इस दौरान प्रधान अम्मा देवी, महिला मंगल अध्यक्ष रेखा देवी, बबीता, रश्मि, अनुषा, वीपीडीओ अंजना नेगी सहित गांव की महिलाएं मौजूद रही, वहीं नगर पंचायत पीपलकोटी की ओर से अगथला के पांडव मंदिर में भजन कीर्तन किया और सफाई अभियान चलाया गया और नगर पंचायत नन्दप्रयाग द्वारा लंगासू के पास कालेश्वर भैरवनाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत पोखरी के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। उधर देवाल में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में शिव मंदिर में सुन्दरकाण्ड और भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया है कि अराध्य श्रीराम के नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सारे देश की भांति विकास खण्ड देवाल में भी पौराणिक मंदिर देवाल में श्रीराम भक्ति तथा सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जा रहा है। इधर चमोली जिले के पोखरी नागनाथ मंदिर में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अयोध्या में भगवान श्री राम की विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा तक सभी मंदिरों में वृहत रूप में स्वच्छता अभियान और विशेष पूजन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा यह हमारे लिए एक गर्व के क्षण है पांच सौ वर्षों के बाद भगवान राम का मन्दिर बना है। उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों से मन्दिरों में साफ-सफाई की अपील की। इस अवसर पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत, नगर मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र राणा, बीरेंद्र पाल भंडारी, जितेन्द्र सती, दिगपाल नेगी, अवधेश रावत, मातवर रावत, प्रदीप नेगी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ललित मिश्रा, वत्सला सती, पुष्पा चौधरी आदि मौजूद थे।

## गुरुद्वारा में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

नई टिहरी। भाजपाइयों ने नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अगुवाई में शनिवार को को बौराड़ी में अवस्थित गुरुद्वारा में पूजा-अर्चना करने के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर सांस्कृतिक उत्सव में जन-जन की भागीदारी की अपील की गई। गुरुद्वारा में भाजपाइयों ने एकत्र होकर सुबह के वक्त पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित करने के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। गुरुद्वारा के परिसर सहित भवन के भीतर पूरी तन्मयता से साफ-सफाई की गई। नई टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देशन में पूरे जनपद में सांस्कृतिक उत्सव धूमधाम मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में सांस्कृतिक उत्सव के लिए जोश बना हुआ है। सांस्कृतिक उत्सव के तहत मंदिरों-मठों की सफाई, नगर पालिका व ग्राम सभाओं के सार्वजनिक स्थलों की सफाई सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से सफल बनायें। सफाई अभियान में नई टिहरी के मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, अबल सिंह, कमल सिंह, उर्मिला राणा, लीला मखलोगा, रिकु देवी, लक्ष्मी रावत, मस्ता नेगी, गुरु चमोली, धर्मा भण्डारी, रजनी बहुगुणा, अनुसुया नौटियाल, जनाबर सिंह, सरदार मंगत सिंह, विजय कठैत आदि मौजूद रहे।

## नन्दानगर ब्लाक के चैन घाट में 28 जनवरी को होगा बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर

गोपेश्वर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में 28 जनवरी को चमोली जिले के नंदानगर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज चैन घाट (घूनी रामणी) में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज (सीडि) सिमरनजीत कौर ने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर में आम जनमानस को विधिक जानकारियों के साथ जनपद के विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## कांग्रेस जनों ने अंकिता भण्डारी के लिए निकाली न्याय यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अंकिता भंडारी के लिए शनिवार को न्याय यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा भोगपुर से रानीपोखरी तक गई। भोगपुर रानीपोखरी मार्ग स्थित श्री महादेव मंदिर से उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के लिए न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। यात्रा में शामिल हुए मुख्य अतिथि उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा, प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के हत्यारों को बचाने का प्रयास किया है। आज जब अंकिता भंडारी के परिवार ने उस तथाकथित वीआईपी का नाम सार्वजनिक किया है तो प्रदेश सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं है। इससे साफ है कि प्रदेश सरकार बेटियों और मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं है। कांग्रेस के परवादून जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा, प्रदेश सरकार ने उन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिन पर रिजॉर्ट में सुबूत मिटाने के आरोप हैं। यह बड़ी गजब की बात है कि सुबूत मिटाने वालों के नाम उत्तराखंड का हर व्यक्ति जानता है, पर सरकार को नहीं पता। प्रदेश की बिटिया अंकिता भंडारी के साथ उत्तराखंड सरकार ने अन्याय किया है। इसलिए हम सभी को अंकिता भंडारी को न्याय दो यात्रा निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी ने कहा, उत्तराखंड सरकार मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए बड़ी बड़ी बातें करती है, पर धरातल पर स्थिति इससे कहीं अलग है। अंकिता हत्याकांड के सुबूतों को मिटा दिया जाता है। अंकिता के परिवारजनों की बात को नहीं सुना जा रहा है। इस मौके पर पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी,डोईवाला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र स्वरूप भट्ट, डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल,जिला पंचायत सदस्य अश्विनी बहुगुणा,प्रदेश सचिव सागर मनवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हरीश रावत की कथनी करनी में अंतर : हनी पाठक

देहरादून। भाजपा प्रवक्ता हनी पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की कथनी करनी में बहुत अंतर बताया है। शनिवार को उनके उपवास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हनी पाठक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को मौन उपवास रख कर सरकार पर निशाना साधा है। फ़ेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा यह मौन उपवास उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के द्वारा सताये जा रहे लोगों के प्रति है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उत्तराखंड पावर कारपोरेशन प्रदेश में निरंतर बिजली की दरों में वृद्धि कर जनता पर बोझ डाल रही है वहीं दूसरी तरफ हरिद्वार क्षेत्र में बिजली की निरंतर कटौती कर रही है, जिससे किसान परेशान हैं। इस पर भाजपा प्रवक्ता हनी पाठक ने हरीश रावत के मौन व्रत पर तंज कसते हुए कहा कि हरीश रावत की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

## 25 जनवरी को नमो नव मतदाता सम्मेलन होगा : विपुल मैंदोली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री नमो नव मतदाता सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री विपुल मैंदोली ने प्रेसवार्ता में बताया कि 25 जनवरी को पूरे भारत में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नमो नव मतदाता सम्मेलन को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाइव संबोधित करेंगे। नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री फर्स्ट टाइम वोटर से सीधा संवाद करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नमो नव मतदाता की प्रदेश संयोजक दिव्या राणा ने कहा कि पूरे उत्तराखंड प्रदेश में 70 की 70 विधानसभाओं में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रत्येक विधान सभा में 18 से 25 वर्ष की आयु के कम से कम 1000 नव मतदाता जो इस बार के लोक सभा चुनाव में प्रथम बार वोट करेंगे इस सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे।

## रेहड़ी पटरी दिवस पर चौथे वेंडिंग जोन के 34 लाभार्थी लघु व्यापारियों को मिली दुकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। रेहड़ी पटरी दिवस पर फुटपाथ के कारोबारी स्ट्रीट वेंडर्स ने नगर निगम प्रांगण में जन चेतना गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौथे वेंडिंग जोन में 34 लाभार्थियों को दुकानें आवंटित की गईं। गोष्ठी में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त वरुण चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा ने की। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना की उपस्थिति में सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के चौथे वेंडिंग जोन के 34 लाभार्थियों के लकी ड्रॉ निकाल कर दुकान आवंटित की गई। नगर आयुक्त वरुण चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी 10 बुजुर्ग स्ट्रीट वेंडर्स को प्रमाण पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने कहा आज 34 लाभार्थियों को दुकानों का आवंटन किया गया है, शीघ्र ही नगर निगम क्षेत्र में स्मार्ट फुटकर फ्रूट सब्जी सहित अन्य वस्तुओं के वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा विकसित किए गए सभी वेंडिंग जोन में रखरखाव के साथ मूलभूत सुविधाएं ढ़ी जाएंगी। लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने सभी लघु व्यापारियों को शुभकामना देते हुए कहा 20 जनवरी वर्ष 2004 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतवर्ष में राष्ट्रीय फ़ेरी नीति नियमावली घोषित की गई थी, तब से भारतवर्ष के स्ट्रीट वेंडर संगठन 20 जनवरी को रेडी पटरी स्ट्रीट वेंडर्स दिवस मनाते चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा सेक्टर 2 बैरियर के भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन के सभी लाभार्थी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आभारी है,जिन्होंने समय पर रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की समस्या के निदान के लिए राज्य की सभी नगर निकायों को निर्देशित कर प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना का के तहत स्वरोजगार की व्यवस्था की है। स्ट्रीट वेंडर्स दिवस के मौके पर लघु व्यापारी राजकुमार,

## महिला कांग्रेस ने 13 जिला उपाध्यक्ष और 27 जिला महामंत्री बनाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। जिला महिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल की अध्यक्ष आशा रावत ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की संस्तुति पर जारी जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव में पूरी तत्परता के साथ कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी जुटेंगे। जनपद में पूरे संतुलन के साथ जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। शनिवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार शीर्ष नेतृत्व की संस्तुति पर कर दिया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष सुमना रमोला, बीना सजवाण, ममता पंवार, ममता उनियाल, लक्ष्मी रावत, गीता नेगी, शिबी भंडारी, लक्ष्मी देवी, हंसा रमोला, पूनम, अनीता नेगी, मीना देवी टम्टा व मीना शाह। जिला महामंत्री गीता सजवाण, मीना पुंडीर, रीता रावत, वृहस्पति भट्ट, नीमा नेगी, विजय लक्ष्मी, अनीता रावत, सुषमा दुमोगा, प्रकाशी राना, सीमा खरोला, ममता खरोला, गुड्डी धनाई, कमला पंवार, मीरा देवी, कविता भट्ट, मोहनी राणा, संगीता ममगाई, राजेश्वरी रमोला, रजनी शाह, रीना सेमवाल, गीता शर्मा, सीमा पंवार, गीता चौहान, ममता बंगवाल, पवना शाह, यशोदा विश्वकर्मा व लक्ष्मी बुटोला। मंत्री सपना पंवार, नेहा चौहान, मनीषा राणा, स्वेता राणा, अंजू पंवार, ममता रावत, कुसुम रावत, मुनी सेमवाल, विनीता चौहान, विरोजनी, कमला रावत, प्रीती भट्ट, आशा तोपवाल, सुनीता वाल्मीकी, अनीता शाह, बबीता थपलियाल, प्रर्मिला बर्मा, गीता नौटियाल, नीलम नेगी व मीनाक्षी। ब्लाक अध्यक्ष प्रतापनगर सुशीला भट्ट, रजाखेत प्यारी, बालगंगा कैलाशी देवी, भिलंगना अनीता शर्मा, चंबा रजनी भट्ट, रामगढ़ विशला देवी, थत्यूड़ रेशमा देवी, नैनबाग सरोजनी देवी व स्वैप मनीषा राणा। नई टिहरी शहर अध्यक्ष अनीता रावत, चंबा शहर अध्यक्ष प्रभा तिवारी व लम्बगांव शहर अध्यक्ष अंजली रावत को बनाया गया है।

**नई टिहरी महिला शहर कांग्रेस की अध्यक्ष अनीता रावत को बनाया**

**जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कार्यकारिणी विस्तार की दी जानकारी**




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063